RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 150
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 6 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





साइना आरलियन्स मास्टर्स के पहले दौर से बाहर
स्पोर्ट्स-12


# सुप्रीम कोर्ट से विपक्षी दलों को झटका

## केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाली याचिका पर शीर्ष अदालत का सुनवाई से इनकार

● कहा-नेताओं को आम नागरिकों की तुलना में अधिक छूट नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट ने कांग्रेस के नेतृत्व में 14 राजनीतिक दलों द्वारा दायर की गई उस याचिका पर विचार करने से बुधवार को इनकार कर दिया, जिसमें विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों का मनमाने ढंग से इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने याचिका पर विचार करने के लिए अनिच्छा जताते हुए कहा कि नेताओं की शिकायतों को सुनने के लिए अदालतें हमेशा मौजूद रहती हैं, जैसे वे आम नागरिकों के मामले में रहती हैं।

पीठ ने कहा, नेताओं को आम नागरिकों की तुलना में अधिक छूट नहीं मिलती... एक बार जब हम यह स्वीकार कर लेते हैं कि नेता भी आम नागरिकों के बराबर हैं और उन्हें अधिक छूट नहीं है, तो हम कैसे कह सकते हैं कि तब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकती जब तक कि तीन आयामी जांच से संतुष्टि नहीं हो जाती। याचिका पर विचार करने में शीर्ष अदालत की अनिच्छा को भांपते हुए राजनीतिक दलों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ ने आदेश दिया, अधिवक्ता इस स्तर पर याचिका वापस लेने की अनुमति चाहते हैं। याचिका तदनुसार वापस ली गई मानते हुए खारिज की जाती है। पीठ ने कहा, आप कृपया तब हमारे पास आएं जब आपके पास कोई व्यक्तिगत आपराधिक मामला या मामले हों। पीठ ने कहा कि किसी मामले के तथ्यों से संबंध के बिना सामान्य दिशानिर्देश देना खतरनाक होगा। शुरुआत में, सिंघवी ने कुछ आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं को 2014 से 2022 तक संघीय जांच एजेंसियों द्वारा लक्षित किया गया है और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों में 600 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

उन्होंने दावा किया, 2014 और 2022 के बीच, प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 121 नेताओं के खिलाफ जांच की गई है, जिनमें से 95 प्रतिशत नेता विपक्षी दलों से हैं। नरेंद्र मोदी सरकार पहली बार मई 2014 में सत्ता में आई थी। सिंघवी ने दावा किया कि सीबीआई ने 124 राजनीतिक नेताओं की जांच की है और इनमें से 108 विपक्षी राजनीतिक दलों के हैं। पीठ ने कहा कि यहां तक कि संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत मीडिया के पास अधिक शक्तियां नहीं हैं और राजनीतिक व्यक्ति भी नागरिक हैं और एक नागरिक के रूप में वे समान नियमों के अधीन हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि वह किसी विशेष मामले (शेष पेज 9)

### विपक्ष का पर्दाफाश हो गयाः अनुराग ठाकुर

● कहा- भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों ने एकजुट होने का प्रयास किया, लेकिन अदालत में असलियत सामने आ गई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप संबंधी याचिका उच्चतम न्यायालय से खारिज होने को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार में लिप्त रहे लोगों ने एकजुट होने का प्रयास किया, लेकिन उनकी असलियत अदालत में सामने आ गई।

उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस के नेतृत्व में 14 राजनीतिक दलों द्वारा दायर की गई उस याचिका पर विचार करने से बुधवार को इनकार कर दिया, जिसमें विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों का मनमाने ढंग से इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया था। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा, सभी भ्रष्टाचारियों ने एक मंच पर आने का प्रयास किया।

इनका पर्दाफाश हो गया है और अब असलियत अदालत में सामने आ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस भ्रष्टाचार के कृत्यों में और भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों की अगुवा रही है। भाजपा नेता ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे जांच में शामिल होने के बजाय बहाने बनाते हैं और मामले में देरी करते हैं। यह जांच एजेंसियों का (शेष पेज 9)

# गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती की

**हनुमान जयंती**

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली

● मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कानून-व्यवस्था एवं शांति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि हनुमान जयंती के दौरान पश्चिम बंगाल में राज्य पुलिस की सहायता के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को तैनात किया गया है। इससे पहले मंत्रालय ने रामनवमी के दौरान पश्चिम बंगाल और बिहार में हुई सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं के मद्देनजर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को छह अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर कानून-व्यवस्था एवं शांति सुनिश्चित करने तथा समाज में सांप्रदायिक सद्भाव को बाधित करने वाले संभावित तत्वों पर नजर रखने का निर्देश दिया।

वहीं, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को हनुमान जयंती समारोहों के दौरान शांति बनाए रखने में राज्य पुलिस की मदद के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती के लिए अनुरोध करने का बुधवार को निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि हाल के दिनों में हुई घटनाओं को देखते हुए आम जनता को यह आश्वासन देने के लिए आदेश दिया जा रहा है कि वे सुरक्षित हैं और उन्हें किसी तरह की पेरशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने कहा कि इलाज से परहेज बेहतर है। अदालत ने केंद्र को राज्य से अनुरोध प्राप्त होने पर ऐसी तैनाती के लिए त्वरित व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। अदालत ने यह आदेश पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनाया।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने हनुमान जन्मोत्सव के दौरान तीन जिलों- हुगली, बैरकपुर और कोलकाता में अर्धसैनिक बलों को तैनात करने का बुधवार को फैसला किया। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य में संवेदनशील क्षेत्रों और उन जगहों पर भी पर्याप्त संख्या में राज्य पुलिस बल तैनात होंगे, जहां हाल ही में हिंसा देखी गई थी। इसके अलावा, हमने कोलकाता, हुगली और बैरकपुर में अर्धसैनिक बलों की तीन कंपनियों को तैनात करने का फैसला किया है। उधर, नई दिल्ली में गृह मंत्री के एक प्रवक्ता ने बुधवार देर शाम ट्वीट किया, हनुमान जयंती के दौरान कानून व्यवस्था बनाए (शेष पेज 9)

### ममता बनर्जी ने की शांति की अपील



**दीघा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को लोगों से हनुमान जयंती शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का अनुरोध किया ताकि कहीं भी कोई समस्या न हो। उनकी टिप्पणी हनुमान जयंती की पूर्व संध्या पर आई है। गौरतलब है कि रामनवमी की शोभायात्राओं के दौरान राज्य के कई जिलों में सांप्रदायिक झड़पें हुई थीं। बनर्जी ने पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा में संवाददाताओं से कहा, कल हनुमान जयंती है। मैं सभी से इसे शांतिपूर्वक मनाने का आग्रह करती हूं। अगर शांति बनाए रखी जाए तो कोई समस्या नहीं होगी। बंगाल शांति की भूमि है। उन्होंने कहा, धर्म एक व्यक्तिगत पसंद है जबकि उत्सव सभी के लिए हैं।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को दिग्गज समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव और मशहूर चिकित्सक दिलीप महालनाबिस को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। मुलायम की ओर से यह सम्मान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्राप्त किया

## मलयालम समाचार चैनल से प्रतिबंध हटाया

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मलयालम समाचार चैनल मीडियावन पर केंद्र द्वारा लगाए गए प्रतिबंध को बुधवार को खारिज कर दिया और बिना तथ्यों के हवा में राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी मामले उठाने को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय पर अप्रसन्नता जताई।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने मीडियावन के प्रसारण पर सुरक्षा आधार पर प्रतिबंध लगाने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखने संबंधी केरल उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया। पीठ ने कहा कि सरकार प्रेस पर अनुचित प्रतिबंध नहीं लगा सकती, क्योंकि इसका प्रेस की आजादी पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि सरकार की नीतियों के खिलाफ मीडियावन (शेष पेज 9)

## देश में कोरोना वायरस 4,435 दैनिक मामले आए सामने

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 4,435 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,47,33,719 हो गई है। पिछले 163 दिन में सामने आए ये सर्वाधिक दैनिक मामले हैं। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 23,091 पर पहुंच गई है। देश में पिछले साल 25 सितंबर को कोविड के 4,777 दैनिक मामले सामने आए थे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से महाराष्ट्र में चार और छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, पुडुचेरी तथा राजस्थान में एक-एक मरीज की मौत के बाद देश में मृतक संख्या बढ़कर 5,30,916 हो गई। वहीं, संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में चार नाम और जोड़े हैं। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी 23,091 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.05 प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.76 प्रतिशत है। देश में संक्रमण की दैनिक दर 3.38 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 2.79 प्रतिशत है।

अभी तक कुल 4,41,79,712 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.66 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, (शेष पेज 9)

## कांग्रेस के पास कोई विचारधारा नहीं बचीः सिंधिया

● पार्टी पर न्यायपालिका पर दबाव बनाने व प्रासंगिक बने रहने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आरोप लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को राहुल गांधी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी के पास देश के खिलाफ काम करने वाले देशद्रोहियों के अलावा कोई विचारधारा नहीं बची है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद भी राहुल गांधी को विशेष तवज्जो देने के लिए कांग्रेस पर हमला बोला और पार्टी पर न्यायपालिका पर दबाव बनाने व प्रासंगिक बने रहने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आरोप लगाया। सिंधिया ने राहुल गांधी पर सीधा हमला करते हुए कहा कि इस पार्टी ने पिछड़े वर्गों का अपमान किया है, सशस्त्र बलों की बहादुरी का सबूत मांगा है और चीन द्वारा सैनिकों को पीटे जाने के बारे में बात की है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के पास कोई विचारधारा नहीं बची है। इस कांग्रेस के पास अब केवल एक विचारधारा बची है जो देशद्रोही की है, एक विचारधारा जो देश के खिलाफ काम करती है। लंबे समय तक कांग्रेस में रहे सिंधिया को कभी गांधी का करीबी सहयोगी माना जाता था।

उन्होंने पार्टी नेतृत्व के साथ मतभेदों के बाद 2020 में अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस छोड़ दी थी। कई विधायकों के साथ वह भाजपा में शामिल हो गए थे। उनके इस कदम से मध्य प्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार गिर गई थी। बाद में शिवराज सिंह चौहान राज्य के मुख्यमंत्री बने। सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस गांधी की व्यक्तिगत कानूनी लड़ाई को लोकतंत्र की लड़ाई के तौर पर पेश (शेष पेज 9)

### सिंधिया-आजाद दिखा रहे असली चरित्रः कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राहुल** गांधी पर गुलाम नबी आजाद और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा निशाना साधने के बाद कांग्रेस ने दोनों नेताओं पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि ये दोनों नेता पार्टी में रहते हुए बड़े लाभभोगी रहे और अब अपना असली चरित्र दिखा रहे हैं। पार्टी ने आजाद पर तंज कसते हुए यह भी कहा कि वह अब किसी के गुलाम हो गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री आजाद ने आजाद-एन ऑटोबायोग्राफी शीर्षक से पुस्तक लिखी है। अपनी पुस्तक में उन्होंने ऐसे कई दृष्टांतों को रेखांकित किया है, जिनमें राहुल के साथ उनके मतभेद रहे थे। उन्होंने पिछले साल कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। सिंधिया ने राहुल गांधी और कांग्रेस (शेष पेज 9)

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,689 | ↑ 582 |
| निफ्टी | 17,500 | ↑ 159 |
| सोना | 61,080 | ↑ 1025/10g |
| चांदी | 73,950 | ↑ 1810 /kg |

### क्विक न्यूज

**एलसीए तेजस परीक्षण विमान ने भरी पहली उड़ान**

**नई दिल्ली।** हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस के परीक्षण विमान ने बुधवार को अपनी पहली उड़ान भरी। यह पहली श्रृंखला का उत्पादन है और इसके विनिर्माता हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने इसे एक बड़ा मील का पत्थर बताया है। अधिकारियों ने कहा कि विमान ने बेंगलुरु में एचएएल के हवाई अड्डे से अपनी पहली उड़ान भरी। यह सफल उड़ान लगभग 35 मिनट तक चली। तेजस अत्यधिक तेज सुपरसोनिक लड़ाकू विमान है, जिसका संचालन उच्च-खतरे वाले वातावरण में किया जा सकता है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने ट्वीट किया, एलसीए तेजस कार्यक्रम के एक प्रमुख मील के पत्थर के तहत एचएएल द्वारा निर्मित मानक एलसीए परीक्षण विमान (एलटी 5201) ने एचएएल हवाई अड्डे से आज अपनी पहली उड़ान भरी और लगभग 35 मिनट की सफल उड़ान पूरी करने के बाद उतरा।

# ट्रेन आगजनी मामले में दिल्ली निवासी आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

## केंद्रीय एजेंसियों और महाराष्ट्र पुलिस के संयुक्त प्रयासों से शाहरुख सैफी को पकड़ा गया, आरोपी के पिता ने 31 मार्च को गुमशुदगी का केस दर्ज कराया था

**पीएनएस/एजेंसी।** तिरुवनंतपुर/मुंबई/नई दिल्ली

● परिजनों ने कहा, शाहरुख को फंसाया गया, पिता और भाइयों से पुलिस ने की थी दो घंटे तक पूछताछ

**महाराष्ट्र** आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने केरल के कोझिकोड जिले में एक ट्रेन में आगजनी के मामले में बुधवार को एक संदिग्ध को महाराष्ट्र के रत्नागिरी से गिरफ्तार किया है। केरल के पुलिस प्रमुख अनिल कांत ने बताया कि केरल में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी), केंद्रीय एजेंसियों और महाराष्ट्र पुलिस के संयुक्त प्रयासों से शाहरुख सैफी को पकड़ा गया।

अभी वह रत्नागिरी में हैं। उसे यहां लाने की कानूनी प्रक्रिया चल रही है। उसे जल्द केरल लाया जाएगा। इस घटना का संज्ञान लेते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जांच टीम को धन्यवाद दिया है। अनिल कांत ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि शाहरुख से पूछताछ के बाद ही हमले के मकसद का पता चल पाएगा। केरल से पुलिस अधिकारियों का एक दल रत्नागिरी पहुंच गया है और घटना की जांच के लिए संदिग्ध उन्हें सौंप दिया जाएगा।

केरल के कोझिकोड जिले में एक ट्रेन में रविवार रात एक अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर आग लगा दी थी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य लोग झुलस गए थे। इस घटना की जांच के लिए केरल पुलिस ने एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया है। छानबीन में पता चला कि दिल्ली के शाहीन बाग का रहने वाला शाहरुख वारदात के बाद से ही फरार था। पुलिस के मुताबिक शाहरुख के पिता ने 31 मार्च को शाहीन बाग पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। उधर, आरोपी के परिवार से जब इस मामले पर मीडिया ने बात की तो उनका कहना था कि शाहरुख को फंसाया गया है। शाहरुख सैफी के पिता फकरुद्दीन और उसकी दादी ने शाहरुख के ब्रेनवॉश किए जाने की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि उसे कुछ लोगों ने गुमराह किया है। वह किसी संगठन का हिस्सा नहीं था और उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं है। उसे ऐसा करने में कुछ लोगों ने फंसाया है। आरोपी के पिता ने कहा कि वह पुलिस जांच का इंतजार कर रहे हैं।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। दूसरी ओर एटीएस की गिरफ्त में आरोपी शाहरुख सैफी।

### कोझिकोड में करता था मजदूरी

**शाहरुख** के परिवार के अनुसार, शाहरुख की परिवार से आखिरी बातचीत 31 मार्च की सुबह हुई थी। उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल रहा था। परिवार वालों के मुताबिक, केरल और दिल्ली पुलिस ने शाहीन बाग स्थित उनके घर में शाहरुख के कमरे की तलाशी भी ली है। लेकिन कुछ नहीं मिला। पुलिस ने उसके पिता और उसके दो भाइयों करीब दो घंटे तक पूछताछ भी की। परिजनों के मुताबिक शाहरुख कोझिकोड में मजदूरी करता था।

## सिक्किम में तलाश अभियान बंद हुआ

**भाषा।** गंगटोक

**सिक्किम** सरकार के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि अब यह लगभग निश्चित है कि 15 माइल के पास बर्फ के नीचे कोई पर्यटक नहीं दबा है। इसी स्थान पर हिमस्खलन हुआ था और सेना एवं सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के दलों द्वारा तलाश अभियान बंद कर दिया गया है। गंगटोक के जिलाधिकारी तुषार निखरे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि हेल्पलाइन नंबर फिलहाल चालू रहेंगे ताकि पर्यटकों को उनके संबंधियों के बारे में जानकारी मिल सके। निखरे ने कहा, हम लगभग निश्चित हैं कि 15वें माइल के पास कोई और पर्यटक बर्फ के नीचे नहीं फंसा है। गंगटोक के जिलाधिकारी ने कहा कि सेना, एनडीआरएफ, आईटीबीपी, जीआरईएफ, सिक्किम पुलिस और राडार से लैस तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू टीम के दो कर्मियों ने 15 माइल के पास सभी संभावित क्षेत्रों की (शेष पेज 9)

# जी-20 समिट की तैयारी में जुटा ग्रेनो प्राधिकरण

## ऋतु माहेश्वरी का निर्देश- एक माह रखरखाव का कार्य पूरा करें, सड़क पर गड्ढा नहीं दिखना चाहिए

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने आगामी सितंबर माह में प्रस्तावित जी-20 समिट के मद्देनजर ग्रेटर नोएडा को सजाने संवारने के लिए होने वाले कार्यों को लेकर समीक्षा की।

सीईओ ने संबंधित विभागों को रखरखाव से जुड़े कार्यों को एक माह में पूरा करने का लक्ष्य दिया है। सीईओ ने विकास कार्यों को टेंडर प्रक्रिया में ही उलझाकर न रखने की चेतावनी दी है। सीईओ की अध्यक्षता में नोएडा प्राधिकरण के सभागार में संपन्न समीक्षा बैठक में परियोजना, उद्यान, विद्युत अभियांत्रिकी और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण शामिल हुए। सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने सभी प्रमुख मार्गों, चौराहों, प्रवेश द्वार, बाजार आदि जगहों पर होने वाले एक.एक कार्यों की वर्क सर्किलवार समीक्षा की। सीईओ ने जरूरत के हिसाब से सड़कों की री.सरफेसिंग व पैच रिपेयर कराकर एक माह में पूरा करने के निर्देश दिए।



नोएडा को स्वच्छ बनाने में फोनरवा, एनओएफएए, डीडीआरडब्ल्यूए, एनईए और नोवरा के योगदान को सराहा गया। मौके पर सीईओ ऋतु माहेश्वरी।

इन कार्यों के होने के बाद सड़क पर कहीं भी गड्ढा नहीं दिखना चाहिए। परी चौक, चार मूर्ति गोलचक्कर, अल्फा वन समेत सभी प्रमुख गोलचक्करों को लाइटिंग से सजाने के साथ ही और हरा-भरा बनाने के निर्देश दिए। विद्युत अभियांत्रिकी विभाग ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में करीब 5000 पोल पर तीन रंगों वाली स्ट्रिप लगाई जाएगी। सीईओ ने सभी फाउंटेन को दुरुस्त कर लेने के निर्देश दिए हैं। सीईओ ने फसाड लाइटिंग, वॉल पेंटिंग, स्कल्पचर, मेट्रो पिलर पर पेंटिंग आदि कार्य तय समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए हैं।

ग्रेटर नोएडा के प्रमुख जगहों पर जी.20 के लोगो लगाए जा रहे हैं। सीईओ ने उद्यान विभाग को एक्सप्रेस.वे समेत सभी प्रमुख मार्ग पर फ्लावर बेड विकसित करने, पार्क व ग्रीन बेल्ट को दुरस्त करने को कहा है। बैठक के दौरान कुछ कंपनियों की तरफ से रोटरी व अन्य प्रमुख स्थलों को संवारने के लिए डिजाइन भी प्रस्तुत की गई।

सीईओ माहेश्वरी ने जन स्वास्थ्य विभाग को ग्रेटर नोएडा के कोने-कोने को साफसुथरा रखने के निर्देश दिए हैं। सीईओ माहेश्वरी ने कहा है कि वे अब खुद सड़कों पर घूमेंगी, कहीं भी टूट-फूट, अंधेरा या फि र गंदगी दिखी तो संबंधित विभाग के अधिकारी के खिला फ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीईओ ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया को और कम समय में पूरा करते हुए विकास कार्यों को बढ़ाने की जरूरत है। अब तक जिन कार्यों का अप्रूवल हो चुका है, उन कार्यों को शीघ्र शुरू कराएं। इस बैठक में प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम व अमनदीप डुली व आनंद वर्धन, ओएसडी हिमांशु व विशु राजा समेत सभी वर्क सर्किल प्रभारी भी मौजूद रहे।

### किसानों को लीज प्लान जारी करने की बढ़ेगी रफ्तार

नोएडा किसानों को छह फीसदी आवासीय भूखंड जल्द उपलब्ध कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में समीक्षा बैठक की। लीज प्लान जारी करने और किसानों के नाम लीज डीड कराने में धीमी गति पर सीईओ ने परियोजना, नियोजन व भूलेख विभाग के अधिकारियों से नाराजगी जताई। सीईओ ने इन विभागों से आपस में सामंजस्य बनाकर सभी पात्र किसानों का लीज प्लान शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए।

# नोएडा पहुंचे डिप्टी सीएम, योजनाओं की कार्य प्रगति का लिया जायजा



बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य।

### ● कार्यकर्ताओं की सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने जिला मुख्यालय के सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा की और जिले में विभिन्न विभागों की चल रही योजनाओं की प्रगति जानी। इससे पूर्व उन्हें गार्ड ऑफऑनर दिया गया। बुके देकर डीएम आरके सिंह ने उनका स्वागत किया। बैठक में डिप्टी सीएम ने जिले की उपलब्धियों के लिए अधिकारियों की सराहना की।

उन्होंने उद्योग बंधु की अब तक हुई बैठक का विवरण की जानकारी ली कि निवेश के बाद किस स्तर पर काम चल रहा है और निवेश मित्र पोर्टल पंजीकृत आवेदनों का विवरण जुटाया।

इसके बाद डिप्टी सीएम ने वृद्धावस्था पेंशन, किसान पेंशन, महिला पेंशन, विधवा, दिव्यांगजन पेंशन, सामूहिक विवाह योजना, छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, कन्या सुमंगला योजना, श्रमिकों का वितरण, पशुपालन, गेंहू, धान क्रय, बीज की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति, जिला व तहसील मुख्यालयों को चार लेन व दो लेन से जोड़ना, आईजीआएस, थाना दिवस, ब्लॉक दिवस, तहसील दिवस व निर्माणाधीन परियोजनों की समीक्षा की। डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को निर्देश कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को समय से पूरा किया जाए और हर योजना का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए।

उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, मंडल आयुक्त सेल्वा जे कुमारी, पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा, डीएम आरके सिंह, सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, विधायक अतुल गर्ग, मंजू शिवाच, अजितपाल त्यागी, नंदकिशोर गुर्जर, निवर्तमान मेयर आशा शर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### मंडल अध्यक्षों ने दिल खोलकर रखी बात

उपमुख्यमंत्री ने होस्ट वेस्ट व्यू में भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में करीब दस मंडल अध्यक्षों ने अपने क्षेत्र की समस्याएं रखी। भोपुरा मंडल अध्यक्ष कुलदीप कसाना ने तुलसी निकेतन के जर्जर मकानों का मामला उठाकर उनके पुनर्निर्माण की मांग की। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री को बताया गया कि कमिश्नर व्यवस्था लागू होने के बाद गाजियाबाद के अपराध में कोई फर्क नहीं आया है। पुलिस की चालान करने की व्यवस्था से नागरिक परेशान हैं। यहां हर घर जल योजना की बात उठाई और कहा कि गाजियाबाद में पानी की कमी बरकरार है। आरटीओ का उपकार्यालय खोलने की मांग भी की गई। यहां किसी भी पदाधिकारी ने निगम चुनाव को लेकर कोई बात नहीं की। उपमुख्यमंत्री ने इतना जरूर कहा कि पहले निगम और लोकसभा चुनाव जीतने के लिए सभी कार्यकर्ता मजबूती से जुट जाएं।

# गाजियाबाद में स्पर्श हॉस्पिटल सील, लाइसेंस निलंबित

### ● दो दिन पहले लापरवाही के चलते एक मरीज की हुई थी मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद





गाजियाबाद के शालीमार गार्डन इलाके में स्थित स्पर्श हॉस्पिटल को स्वास्थ्य विभाग ने सील कर दिया है। साथ ही इस हॉस्पिटल का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है। यहां पथरी का ऑपरेशन कराने आए मरीज की दो दिन पहले मौत हो गई थी। डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप है। पुलिस का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के आधार पर ही इस मामले में लीगल एक्शन हो पाएगा।

शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में पप्पू कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय रोहित को करीब 15 दिन पहले स्पर्श हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। यहां उसका पित्त की थैली का ऑपरेशन हुआ। सोमवार रात रोहित की मृत्यु हो गई। मंगलवार सुबह डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों ने खूब हंगामा किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच को पहुंची तो परिजनों ने एक डॉक्टर की पिटाई तक कर दी। हंगामा बढ़ते देख पुलिस ने भीड़ को खदेड़कर मामला शांत किया। गाजियाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भवतोष शंखधर ने कहा, इस प्रकरण के बाद स्पर्श हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। संज्ञान में आया कि रोहित को पित्त की थैली और किडनी में पथरी थी।

### टोल प्लाजा पर दबंगों ने मैनेजर के साथ की मारपीट

**नोएडा।** दादरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लुहार्ली टोल प्लाजा पर आए दिन मारपीट की घटनाएं सामने आती है। यहां पर जबरन टोल कर्मियों पर दबाव बनाकर दबंगों द्वारा गाड़ी बिना टोल दिए निकाली जाती हैं, लेकिन इस चीज का विरोध करना टोल मैनेजर को भारी पड़ गया। भाजपा नेताओं के करीबी एक पूर्व प्रधान पति व उसके गुर्गों ने टोल मैनेजर के ऑफिस में घुसकर मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

एनएच 91 के लुहारली टोल प्लाजा के टोल मैनेजर रजनीकांत द्विवेदी ने दादरी पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि जोखाबाद के रहने वाले धीरेंद्र ने अपने साथियों के साथ आकर मेरे साथ ऑफिस में घुसकर मारपीट की और इस दौरान मुझे भद्दी भद्दी गालियां भी दी। उन लोगों की कमर्शियल गाड़ी को रोक दिया गया थाए वह बिना टोल दिए निकल रही थी। इस बात पर ही वह नाराज हुआ और बोला कि सभी कमर्शियल गाड़ियां बिना टोल टैक्स दिये ही जाएंगी।

# प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी को जान से मारने की धमकी दी गई है। ये धमकी मेल के जरिए एक निजी चैनल को भेजी गई है। चैनल की शिकायत पर नोएडा के थाना सेक्टर-20 पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके लिए टीम लगा दी गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

ये मेल एक निजी चैनल को 3 अप्रैल को रात करीब साढ़े दस बजे के आसपास किया गया। मेल भेजने वाले का नाम कार्तिक सिंह है। ये धमकी भरा मेल निजी चैनल को भेजा गया। मेल आते ही इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। इस मेल के बाद से नोएडा पुलिस ने कई टीमों एक्टिवेट किया है। इस मामले में साइबर सेल की मदद भी ली जा रही है। बताया गया शाम तक इस मामले में बड़ी लीड मिलेगी।

वैसे ये पहली बार नहीं है जब पीएम मोदी और सीएम योगी को जान से मारने की धमकी मिली हों। इससे पहले नवंबर 2021 और जून 2021 में एक शख्स ने पीएम मोदी को मारन की धमकी दी थी।

# रैपिड रेल का तार चोरी, लाइन के सिग्नल बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

देश की पहली रीजनल रैपिड रेल के कॉरिडोर से गाजियाबाद में चोरों ने 955 मीटर तार चुरा लिया। इससे रेल लाइन के सिग्नल बंद हो गए। करीब 20 घंटे तक रैपिड रेल की टेस्टिंग और परिचालन इस वजह से बंद रहा। बाद में नया तार जोड़कर इसे सुचारू किया गया।

मामले में सिग्नल कंपनी के मैनेजर ने थाना मुरादनगर में एफआईआर कराई है। बता दें कि रैपिड रेल के फर्स्ट फेज का उदघाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आना प्रस्तावित है। दिल्ली.मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर पर सिग्नल का काम एलस्टॉम कंपनी को मिला हुआ है।

इस कंपनी के मैनेजर दुष्यंत कुमार ने एफआईआर में बताया है कि एक अप्रैल की रात में चोरों ने 995 मीटर पॉवर केबल चोरी कर लिया। ये केबल साहिबाबाद रैपिड रेल स्टेशन से गाजियाबाद की तरफ 1200 मीटर दूरी पर लगा हुआ था। पिलर नंबर 137 से 145 और 178 से 181 के बीच ये केबल चुराया गया है।

## संक्षिप्त समाचार





फायर सर्विस द्वारा विभिन्न उद्योगों ,स्कूल एवम अन्य भवनों में मॉक ड्रिल कर इवैक्यूशन एवम फायर उपकरण के संचालन की जानकारी दी गई ।

### दस साल से वांछित इनामी को दबोचा

**गाजियाबाद।** एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद के निर्देश में अपराध शाखा प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी की टीम को उस समय एक बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस ने लगभग दस वर्षों से हत्या के एक सनसनीखेज आपराधिक मामले में वांछित चल रहे 50 हजार के इनामी हत्याभियुक्त रविंद्र यादव पुत्र खाके यादव निवासी खर्रा लखी सराय बिहार को दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक सन 2013 में कविनगर थाने में सूरज नामक एक शख्स ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया था कि उसकी पत्नी सरिता की हत्या लखी सराय बिहार निवासी रविंद्र यादव ने की है। सरिता की हत्या करने के बाद रविंद्र यादव नाम व भेष बदलकर पुलिस को गुमराह कर रहा था। उसकी गिरफ्तारी ना होने पर कमिश्नरेट पुलिस ने उसके ऊपर 50 हजार का ईनाम भी घोषित कर दिया था।

### नवविवाहिता ने की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना फेस-वन क्षेत्र के हरौला गांव में रहने वाली एक 21 वर्षीय विवाहिता ने बीती रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। अत्यंत गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि मृतिका का नाम कविता पत्नी मुकेश है। मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अगर वे इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करेगी।

### ट्रांस हिंडन जोन में शराबियों पर कार्रवाई

**गाजियाबाद।** शराब पीकर वाहन चलाने और कानून व शांति व्यवस्था को भंग करने वाले शराबियों की नाक में नकेल कसने के लिये डीसीपी ट्रांस हिंडन विवेक चंद्र यादव की टीम के द्वारा चलाई जा रही मुहिम के तहत पुलिस ने 204 शराबियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की, वहीं आठ वाहनों को सीज भी कर दिया। इस संदर्भ में डीसीपी श्री यादव ने बताया कि इस अभियान के तहत इंदिरापुरम थाना पुलिस ने 55 वाहनों के चालान काटे व 3 वाहनों को सीज किया। इसके अलावा खोड़ा थाना पुलिस ने 26 चालान व 1 वाहन सीज, कौशांबी थाना पुलिस ने 4 चालान व 1 वाहन सीज, साहिबाबाद थाना पुलिस ने 34 चालान व 1 वाहन सीज, लिंक रोड थाना पुलिस ने 16 चालान व 2 वाहन सीज, टीला मोड़ थाना पुलिस ने 24 शराबियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 35 चालान भी किये।

### दुकानदारों ने किया बाजार बंद का एलान

**गाजियाबाद।** लोनी कोतवाली क्षेत्र के चिरौड़ी बाजार में बुधवार दोपहर करीब दो बजे 8.10 युवकों ने बर्तन की दुकान में घुसकर दुकानदार के परिवार पर हमला कर दिया। बदमाशों ने कारोबारी के दो बेटों की जमकर पिटाई की। साथ ही आरोप लगाया गया है कि बदमाशों ने कारोबारी के गल्ले में रखे करीब 40 हजार रुपये भी लूट लिए है। इस घटना से आक्रोशित होकर अन्य दुकानदारों ने बाजार बंद कर दिया है। दुकानदार अब कोतवाली पहुंचकर विरोध कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि आरोपित गनौली गांव के थे। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। घायलों को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER- II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-II, DELHI**
**4th Floor, Jeevan Tara Building, Parliament Street, New Delhi-110001**

**PROCLAMATION OF SALE**

**NOTICE UNDER RULE 38 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION 25(A) THE RECOVERY OF DEBTS DUE TO BANKS & FINANCIAL INSTITUTIONS ACT, 1993.**

**R.C. No. 321/2019** **Dated: 07.03.2023**

**In the matter of :** **ICICI Bank Ltd. V/s. Mr. Romit Manchanda**

To,
CD Mr. Romit Manchanda (Borrower)
S/o. Shri Rajinder Kumar Manchanda, R/o. C-193, Vivek Vihar-I, Delhi- 110095

Whereas as per Recovery Certificate No. 321/2019 dated 08.07.2019 drawn by the Hon'ble Presiding Officer, DRT-II, Delhi mentioning a sum of **Rs. 14,62,787.51 (RUPEES FOURTEEN LACS SIXTY TWO THOUSAND SEVEN HUNDRED EIGHTY SEVEN AND PAISE FIFTY ONE ONLY)** has become due from you as per the ibid Recovery Certificate drawn up in **OA. No. 996/2017** by the Hon'ble Presiding Officer, Debt Recovery Tribunal-II Delhi. The applicant is entitled to recover the sum of **Rs. 14,45,787.51 (Rupees Fourteen Lacs Forty Five Thousand Seven Hundred Eighty Seven and Paise Fifty One Only)** along with interest at the contractual rate of 14.01% per annum simple from the date of filing of the **O.A. i.e. 14.09.2017** till realization from the CD.
2. And whereas the undersigned has ordered the sale of the hypothecated vehicle mentioned in scheduled property for satisfaction of the said Recovery Certificate.
3. Notice is hereby given that in the absence of any order of postponement, the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) shall be sold through e-auction through https://auctions.cardekho.com/auctions@cardekho.com, by e- auction at **11.00 AM on 03.05.2023.**
**4. The CH bank shall ensure that prospective bidders are allowed inspection of the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) before day of auction for which interested individuals may contact the concerned officer of CH Sh. Rajeev Ranjan (Mob: 8584874809).**
5. The sale shall be of the movable property of the above named Certificate Defaulters (CD), subject to the liabilities and claims attaching to the said hypothecated vehicle, if any.
6. The sale shall be stopped if, before lot is knocked down, the arrears mentioned in the said certificate, interest costs (including cost of sale) are tendered to the officer conducting the sale or proof is given to his satisfaction that the amount of such certificate alongwith the interest and costs has been paid to the undersigned.
7. At the sale the public generally are invited to bid either personally or by duly authorized agent. No officer or other person, having any duty to perform in connection with this sale shall, however, either directly or indirectly bid for, acquire or attempt to acquire any interest in the property sold.
8. The property is being sold on **"AS IS WHERE IS" BASIS** and **"AS IS WHAT IS" BASIS.** The sale shall be subject to the conditions prescribed in the Second Scheduled to the Income- Tax Act, 1961 and the rules made thereunder and to the following further conditions :
9. The particulars specified in the Schedule have been stated to the best of the information of the undersigned, but the undersigned shall not be answerable for any error, mis-statement or omission in this proclamation.
**10. The Reserve Price and Earnest Money Deposit (EMD) be fixed as follows:-**

| Details of property | Reserve Price (in Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (in Rs.) |
|---|---|---|
| Hypothecated vehicle namely make "PAJERO/2 8 GL" having the registration No. UP-14DT-0022 | 2,25,000/- | 22,500/- |

11. The amount by which the biddings are to be increased shall be determined by the Officer conducting the sale. In the event of any dispute arising as to the amount of bid, or as to the bidder, the lot shall at once be again put to auction.
12. **Intending bidders shall be required to pay Earnest Money Deposit (EMD)** by way of pay order/demand draft payable at New Delhi and in favour of Recovery Officer-I, DRT-II, Delhi before the start of biding and identity proofs, address proofs etc. The said deposit shall be adjusted in the case of successful bidders; and in the case of unsuccessful bidders the same shall be refunded without interest, on the date of sale.
13. **Successful highest bidder shall have to deposit 25% of the sale proceeds** by way of pay order/demand draft favoring the Recovery Officer-I, DRT-II, Delhi, within 24 hours (next working day) by way of bank draft, after adjusting the EMD stated above, failing which the EMD shall be forfeited.
**14. The purchaser shall deposit the balance 75% of the sale proceeds alongwith poundage fee @ 2% upto Rupees 1,000/- @ 1% of the sale price exceeding Rupees 1,000/- within 15 days from the date of auction. The Poundage fees shall be deposited through a demand draft payable in favor of the Registrar, DRT-II, Delhi.**
15. In case of default, the amount earlier deposited by the bidder, if the undersigned considers fit, after defraying the expenses of the sale shall be forfeited and the property shall be resold, and the defaulting purchaser shall forfeit all claims to the property or to any part thereof or of any part of the sum for which it may subsequently be sold.
16. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all bids if found unreasonable or postpone the auction at any time without assigning any reason.

**Schedule of Property**

| No. of lots | Description of property to be sold with names of co-owners where the property belongs to the defaulter and any other persons is co-owners | Revenue assessed upon the property or any part there of | Details of any encumbrances to which the property is liable | Claims, if any, which have been put forward to the property and other known particulars bearing on its nature and value. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Hypothecated vehicle namely make "PAJERO/2 8 GL" having the registration No. UP-14DT-0022 | No information | No information | No information |

Given under my hand and seal of this Tribunal at New Delhi on this 07.03.2023.

**(Uttam Negi)**
**Recovery Officer- I**
**DRT-II, Delhi**

**PUBLIC NOTICE**

Be it known all general public that my client M/s Shri Home and Associates residence of Plot No. 75-A area measuring 252 sq yds.
We have received Will which is executed by Mr. Umrao Singh in favour of his grandson Mr. Vikas Sheoran in respect of the said land area measuring 1011 sq, yds Vide Document No. 14217, Volume No. 448, Pages 163 to 165, Book No. 31 dated 22.11.2003.
Thereafter, Unfortunately, Mr. Umrao Singh died on 02.06.2006 leaving behind Mr. Vikas Sheoran (Grandson) as his legal heirs.
If any person has any objection regarding the above-mentioned property said land area measuring 1011 sq. yds Vide Document No. 14217, Volume No. 448, Pages 163 to 165, Book No. 31 contact the undersigned within 07 days from the date of publication.
Place : Delhi
Date : 06.04.23
Sd/- Advocate Amarendra Kr. Dubey, (Enr. No. D-200/2013) 511, 5th Floor, Usha Kiran Bldg, Comm. Complex, Azadpur, Delhi-33 M. 9599801188

**सार्वजनिक सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि फ्लैट न० 310, ब्लाक-F-64/C-13, सेक्टर-40, नोएडा जिसके मूल आवंटी एमजेड खान पुत्र एफ जेड खान निवासी सेक्टर-19, नोएडा द्वारा जगन्नाथ DHANDH पुत्र स्व0 राधेश्याम DHANDH के पक्ष में जीपीए पंजीकृत कराई गयी थी जो उप निबंधक नोएडा में दिनांक 24.04.1992 में पंजीकृत है तथा विक्रय संविदा पंजीकृत नहीं है। अब उपरोक्त फ्लैट का अंतरण जीपीए के आधार पर सुनीता DHANDH पत्नी जगन्नाथ DHANDH निवासी B-143, सेक्टर-122, नोएडा के पक्ष में प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति समस्त साक्ष्य सहित नोएडा प्राधिकरण के हाउसिंग विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 15 दिनों के अन्दर दाखिल कर दे।
**CHANDRA SHEKHAR (ADVOCATE) NOIDA**
**9818881530**

**IN THE COURT OF THE DISTRICT JUDGE, SPECIAL DIVISION-I, SIKKIM AT GANGTOK**
**Ref. No:48CC(E)** **Date:22.03.2023**
**Money Suit No. 127 of 2021**
Mamta Gurung & Ors. **..Plaintiffs**
**-versus-**
Stockguru India & Ors. **..Defendants**
**SUMMONS TO THE DEFENDANT(S)**
**To,**
**Priyanka Sarswat Dev,**
Lokeshwar Dev and Priyanka Sarswat Dev, R/o 56/A-I, 2nd Floor, Lisa Complex, Rama Road, Opposite Radha Place, Moti Nagar, New Delhi, PIN-110015
WHEREAS the above named Plaintiffs have filed a suit For recovery of money and other consequential reliefs against you and the matter is now fixed on **25.04.2023**.
You are accordingly hereby requested to appear before this Court in person or through pleader on **25.04.2023 at 10 o'clock** in the forenoon failing which the matter shall proceed in your absence. Herein, fail not.
Given under my hand and the Seal of this Court on this the **21st day of March, 2023.**
**(Jyoti Kharka)**
**District Judge, Special Division-I**
**Sikkim at Gangtok**

**TENDER NOTICE**

Sealed Tenders on item rate basis are invited for Extension Work in 150 Dwelling Units (DU) in 22 Specified Towers of GREEN VALLEY Co-operative Group Housing Society Ltd. situated at Plot No. 18, Sector No. 22, Dwarka, New Delhi-110077 for estimated cost of Rs. 11,10,78,180/- (Rs. Eleven Crore Ten Lakh Seventy Eight Thousand One Hundred Eighty Only).

Tender document can be purchased from the office of GREEN VALLEY Co-operative Group Housing Society Ltd. situated at Plot No. 18, Sector No. 22, Dwarka, New Delhi-110077 from 10.30 AM to 5.30 PM on payment of Rs. 3,000/- (Rs. Three Thousand only) (Non refundable) from 06th April 2023 to 22nd April 2023.

Sealed tenders shall be addressed to The President/Secretary GREEN VALLEY Co-operative Group Housing Society Ltd and shall be submitted along with an earnest money deposit of Rs. 2,50,000/- (Rupees Two Lakhs Fifty Thousand only) in shape of Bank Draft / F.D.R./ Bank Guarantee drawn on any Nationalized/ scheduled bank except co-operative bank in favour of Green Valley Co-operative Group Housing Society Ltd. The complete tender shall be submitted at the office of GREEN VALLEY Co-operative Group Housing Society Ltd up to 03:00 PM by 23rd April 2023 and Technical bid shall be opened on the same day at 5.00 PM. The date of opening of financial bid will be intimated only to the successful bidders of Technical Bid within7 days of opening of the Technical bid.

GREEN VALLEY Co-operative Group Housing Society Ltd, reserves the right to reject any or all tenders without assigning any reasons thereof and shall not be bound to accept the lowest tender.

For any clarification in regard to the tender conditions and drawings, the interested parties shall visit the office of the GREEN VALLEY Co-operative Group Housing Society Ltd. at Plot No. 18, Sector No. 22, Dwarka, New Delhi-110077 either in person or through authorized representative (carrying a certified authorization) for any such clarification. However all such clarification will only be entertained prior to submission of tender and no clarification will be entertained after submission of tender.

**For on behalf of the Management Committee of**
**M/s Green Valley CGHS Ltd**
**Secretary**

**PUBLIC NOTICE**

It is a Public notice that my client Mrs. PRAMITA GUPTA W/o SHRI BRIJ KISHORE GUPTA is the owner of PROPERTY No. S-445/A, Measuring Area 90 Sq. Yds. School Block, Shakarpur, Delhi-110092, she wants to sell the third floor portion of the above said property. If any person have any objection/Claim for any type such as any Loan, Mortgage, Surety, Security etc. over the said property or its property documents, then contact to the undersigned within 15 days of this Notice. Thereafter no body have any right on the said property.
Sd./ **Rakesh ND. Advocate**
Office No. 107, First Floor, M.S. Chamber C-1/A, Vikas Marg, Laxmi Nagar Delhi-92

**IN THE COURT OF THE DISTRICT JUDGE, SPECIAL DIVISION-I, SIKKIM AT GANGTOK**
**Ref. No:48CC(E)** **Date:22.03.2023**
**Money Suit No. 127 of 2021**
Mamta Gurung & Ors. **..Plaintiffs**
**-versus-**
Stockguru India & Ors. **..Defendants**
**SUMMONS TO THE DEFENDANT(S)**
**To,**
**Stockguru India,**
Through its Managing Partners, Lokeshwar Dev and Priyanka Sarswat Dev, R/o 56/A-I, 2nd Floor, Lisa Complex, Rama Road, Opposite Radha Place, Moti Nagar, New Delhi, PIN-110015
WHEREAS the above named Plaintiffs have filed a suit For recovery of money and other consequential reliefs against you and the matter is now fixed on **25.04.2023**.
You are accordingly hereby requested to appear before this Court in person or through pleader on **25.04.2023 at 10 o'clock** in the forenoon failing which the matter shall proceed in your absence. Herein, fail not.
Given under my hand and the Seal of this Court on this the **21st day of March, 2023.**
**(Jyoti Kharka)**
**District Judge, Special Division-I**
**Sikkim at Gangtok**

**IN THE COURT OF THE DISTRICT JUDGE, SPECIAL DIVISION-I, SIKKIM AT GANGTOK**
**Ref. No:48CC(E)** **Date:22.03.2023**
**Money Suit No. 127 of 2021**
Mamta Gurung & Ors. **..Plaintiffs**
**-versus-**
Stockguru India & Ors. **..Defendants**
**SUMMONS TO THE DEFENDANT(S)**
**To,**
**Lokeshwar Dev,**
Through its Managing Partners, Lokeshwar Dev and Priyanka Sarswat Dev, R/o 56/A-I, 2nd Floor, Lisa Complex, Rama Road, Opposite Radha Place, Moti Nagar, New Delhi, PIN-110015
WHEREAS the above named Plaintiffs have filed a suit For recovery of money and other consequential reliefs against you and the matter is now fixed on **25.04.2023.**
You are accordingly hereby requested to appear before this Court in person or through pleader on **25.04.2023 at 10 o'clock** in the forenoon failing which the matter shall proceed in your absence. Herein, fail not.
Given under my hand and the Seal of this Court on this the **21st day of March, 2023.**
**(Jyoti Kharka)**
**District Judge, Special Division-I**
**Sikkim at Gangtok**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# ईडी का दावा : सिसोदिया के खिलाफ नए साक्ष्य

## अदालत से दलील को आगे बढ़ाने के लिए मांगा समय, आबकारी मामले में धनशोधन की जांच जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दिल्ली की एक अदालत में कहा कि कथित आबकारी घोटाले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया के खिलाफ धनशोधन की जांच महत्वपूर्ण चरण में है और इसमें उनकी संलिप्तता के नए सबूत मिले हैं। एजेंसी ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री की जमानत अर्जी पर बहस करने के लिए समय मांगते हुए यह दलील दी।

विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने अर्जी पर बहस के लिए 12 अप्रैल की तारीख तय की। अदालत में पेश किए जाने के बाद न्यायाधीश ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत भी 17 अप्रैल तक बढ़ा दी। ईडी ने उनकी हिरासत बढ़ाने की मांग की थी। जिरह के दौरान, प्रवर्तन निदेशालय के वकील ने कहा कि एजेंसी सामने आए नए सबूतों को इकट्ठा कर रही है। वकील ने संक्षिप्त बहस के बाद कहा, अदालत से आग्रह किया कि बहस को आगे बढ़ाने के लिए समय दिया जाए।

इस बीच, सिसोदिया की ओर से पेश हुए वकील ने अदालत में दावा किया कि ईडी के पास इस आरोप को साबित करने के लिए सबूत नहीं है कि सिसोदिया धनशोधन में शामिल थे। उन्होंने कहा (आरोप के लिए) कोई आधार नहीं है। उन्होंने सब कुछ जांचा , मेरे आवास आदि पर छापा मारा, लेकिन कुछ नहीं मिला।

आबकारी नीति को उपराज्यपाल सहित विभिन्न संबंधित अधिकारियों द्वारा अनुमोदित किया गया था। अब आप सिसोदिया को ही दोष दे रहे हैं। साथ ही, यह (जांच) ईडी के दायरे में नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि धनशोधन रोधी केंद्रीय एजेंसी अस्पष्ट आरोप नहीं लगा सकती है कि जमानत पर रिहा किए जाने पर सिसोदिया सबूतों के साथ छेड़छाड़ करेंगे। वकील ने कहा कि जब सिसोदिया बाहर थे और उनके पास आबकारी विभाग था तब उन पर गवाहों को प्रभावित करने, उनसे संपर्क करने और उन्हें धमकाने के प्रयास संबंधी दावे कभी नहीं किए गए। अब तो उनके पास कोई विभाग भी नहीं है।

उन्होंने दावा किया कि एक पैसा भी सिसोदिया या उनके परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में नहीं गया था। उन्होंने कहा कि आबकारी नीति तैयार करने वालों में केवल सिसोदिया ही शामिल नहीं थे, जिसे विभिन्न स्तरों पर मंजूरी दी गई थी। वकील ने कहा कि एक समिति गठित की गई थी, कुछ सिफारिशें की गई थी।

### मानहानि केस में पूर्व उपमुख्यमंत्री को मिली अदालत से मोहलत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मानहानि के मामले में भाजपा नेताओं की याचिका पर दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जवाब देने के लिए बुधवार को समय प्रदान किया। स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण के संबंध में सिसोदिया के खिलाफ भाजपा नेताओं ने कथित रूप से भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे।

सिसोदिया ने कथित तौर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के लिए छह लोगों के खिलाफ मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद निचली अदालत ने भाजपा नेताओं को आरोपियों के रूप में पेश होने का आदेश दिया था, जिसके खिलाफ उन्होंने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। सुनवाई की शुरुआत में, सिसोदिया के वकील ने भाजपा नेताओं हंस राज हंस, मनजिंदर सिंह सिरसा, सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और पार्टी प्रवक्ता हरीश खुराना द्वारा दायर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता सिसोदिया को अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया और मामले को अगली सुनवाई के लिए छह जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

# आईपी कॉलेज मामला: पीड़ित छात्राओं की काउंसलिंग शुरू

- प्रिसिंपल ने कहा, उत्सव के दौरान छात्राओं को हुई असुविधा से हैं चिंतित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज (आईपीसीडब्ल्यू) ने उन छात्राओं के लिए काउंसलिंग सत्र शुरू किया है, जिन्होंने कॉलेज के वार्षिक उत्सव के दौरान कथित उत्पीड़न के कारण सदमे में आने का दावा किया है। यह जानकारी कॉलेज की प्राचार्य पूनम कुमरिया ने दी।

प्राचार्य कुमरिया ने पिछले दो दिनों में अपने दूसरे बयान में कहा कि इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज उत्सव के दौरान कुछ छात्राओं को हुई असुविधा से चिंतित है और छात्राओं से काउंसलिंग की सेवाओं का लाभ उठाने का अनुरोध किया गया है। 28 मार्च को, कुछ अज्ञात पुरुषों ने कॉलेज में वार्षिक श्रुति उत्सव के दौरान कथित रूप से कॉलेज में अनधिकृत प्रवेश किया था, नारेबाजी की थी और छात्राओं को परेशान किया था।

### प्राचार्य से पत्र लिखकर माफी मांगने की मांग

इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय के पूर्व शिक्षकों और छात्राओं सहित 1,100 से अधिक लोगों ने हाल में एक उत्सव के दौरान छात्राओं के कथित उत्पीड़न की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य पूनम कुमरिया से माफी की मांग की है। इन लोगों ने पत्र लिखकर कॉलेज प्रबंधन की कार्रवाई और प्रतिक्रिया पर सवाल उठाते हुए घटना के संबंध में कई सवाल भी उठाए हैं।

# केंद्र की नीतियों के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

- हुंकार- रामलीला मैदान की यह रैली देश के श्रमिकों की बढ़ती नाराजगी का द्योतक है



रामलीला मैदान में जुटे किसानों से जुड़े विभिन्न संगठनों के लोग। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कई वामपंथी श्रमिक संगठनों द्वारा बुधवार को यहां रामलीला मैदान में आयोजित रैली में जुटे सैकड़ों श्रमिकों और किसानों ने भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार द्वारा कथित आजीविका के नुकसान और बुनियादी जरूरतों की अवहेलना के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन किया।

सेंटर आफ ट्रेड यूनियंस (सीटू), अखिल भारतीय किसान सभा (एआईकेएस) और अखिल भारतीय कृषि कामगार यूनियन (एआईएडब्ल्यूयू) की ओर से रामलीला मैदान में बुधवार को मजदूर किसान संघर्ष रैली का आयोजन किया गया था।

एक सामूहिक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि नेताओं ने रैली को संबोधित करते हुए सरकार को चेताया कि यह रैली देश के श्रमिकों की बढ़ती नाराजगी का द्योतक है। बयान में कहा गया है कि सैकड़ों की तादाद में श्रमिकों, किसानों और कृषि कामगारों ने देश के अलग-अलग हिस्सों से इसमें शिरकत की।

बयान में कहा गया है कि रैली में जिन राज्यों से श्रमिक एवं किसान पहुंचे उनमें हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, असम, त्रिपुरा, मणिपुर, गुजरात शामिल हैं। श्रमिकों ने सरकार से ऐसी नीतियों की मांग की जो उनके और उनके बच्चों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और एक सम्मानित जीवन तक पहुंच को आसान बनाने वाली हों।

### सड़क हादसे में नाबालिग की मौत, एक गंभीर

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर इलाके में बुधवार को एक क्लस्टर बस की चपेट में आने से 13 वर्षीय लड़के की मौत हो गई और उसका चाचा घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि हादसा आजादपुर फ्लाईओवर के पास उस समय हुआ जब अर्जुन (34) अपने भतीजे को शालीमार बाग स्थित स्कूल छोड़ने जा रहा था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें एक अस्पताल ले जाया गया लेकिन सिर में गंभीर चोट लगने के कारण लड़के की मौत हो गई।

उन्होंने कहा कि भरोला गांव के रहने वाले अर्जुन का इलाज किया जा रहा है। पुलिस को हादसे की सूचना सुबह साढ़े सात बजे के करीब मिली। अधिकारी ने कहा कि क्लस्टर बस ने स्कूटर को पीछे से टक्कर मारी और दुर्घटना के बाद बस चालक घटनास्थल से फरार हो गया।

# मेक्सिको से दिल्ली लाया गया गैंगस्टर

## सिविल लाइन में बिल्डर की हत्या समेत कई मामलों में थी पुलिस को तलाश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पुलिस गिरफ्त में बॉक्सर दीपक।

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा मेक्सिको से गिरफ्तार किए गए भगोड़े गैंगस्टर दीपक बॉक्सर को बुधवार को वापस लाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने विदेश में किसी वांछित को गिरफ्तार करने के पुलिस के इस पहले अभियान को बड़ी सफलता बताया।

अधिकारियों ने कहा कि विशेष प्रकोष्ठ की दो सदस्यीय टीम दीपक को लेकर सुबह करीब छह बजे मेक्सिको से इस्तांबुल होते हुए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंची। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दीपक मेक्सिको के रास्ते अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था और वहां से दिल्ली और उसके पड़ोसी राज्यों में अपना गिरोह चलाने की योजना बना रहा था।

एक पाकिस्तानी नागरिक से उसके संबंधों की भी जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि उसकी आपराधिक गतिविधियों और उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में एक बिल्डर की हत्या में कथित संलिप्तता के सिलसिले में उससे पूछताछ की जाएगी।

उन्होंने कहा कि गैंगस्टर पिछले पांच वर्षों में हत्या और जबरन वसूली सहित 10 मामलों में वांछित है।

हरियाणा के सोनीपत जिले के गन्नौर के रहने वाले दीपक ने सितंबर 2021 में दो लोगों द्वारा रोहिणी अदालत परिसर के अंदर गोगी गिरोह के प्रमुख जितेंद्र मान उर्फ गोगी की हत्या के बाद गिरोह का नेतृत्व किया था। विशेष पुलिस आयुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) एचजीएस धालीवाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की मुक्केबाजी चैंपियनशिप के विजेता दीपक बॉक्सर को पुलिस की कड़ी मेहनत और अमेरिकी एजेंसियों की मदद से गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने कहा, ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी गैंगस्टर को दूसरे देश से वापस दिल्ली लाया गया है। वह दिल्ली-एनसीआर का अति वांछित गैंगस्टर था। धालीवाल ने कहा कि दीपक ने बरेली (उत्तर प्रदेश) में पासपोर्ट बनवाया और कोलकाता से उड़ान भरी। उसने मेक्सिको जाने के लिए उड़ानें बदलीं। उसका उद्देश्य अमेरिका में प्रवेश करना था। एफबीआई (अमेरिका का संघीय जांच ब्यूरो) और मेक्सिको पुलिस ने मदद की। उन्होंने कहा कि विशेष प्रकोष्ठ के लिए यह एक बड़ी सफलता है तथा यह सभी टीम का एक समन्वित प्रयास था, जिसके चलते दीपक की गिरफ्तारी संभव हुई।

### कोर्ट ने 8 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

*मैक्सिको से गिरफ्तार गैंगस्टर दीपक बॉक्सर को बुधवार को भारत वापस लाने के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कड़ी सुरक्षा के बीच पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया है। कोर्ट ने गैंगस्टर दीपक को 8 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। पुलिस ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोर्ट के चारों तरफ सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी थी। स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच के कर्मी सादे कपड़ों में जगह-जगह तैनात रहे, ताकि किसी भी अप्रिय वारदात को रोका जा सके।*

# जरूरतमंदों को आर्थिक मदद देने के प्रस्ताव को एलजी की मंजूरी

- एचआईवी पीड़ित मरीजों, संक्रमित बच्चों तथा अनाथ को होगा फायदा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार ने एचआइवी संक्रमितों और बच्चों सहित अनाथ एवं निराश्रित बच्चों को बैंक खाते के जरिये वित्तीय सहायता प्रदान करने संबंधी अधिसूचना जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब निर्धारित आपूर्ति के तहत लाभार्थियों को वित्तीय सहायता सीधे उनके बैंक खाते में पहुंचा दी जाएगी। यानी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना के माध्यम से उन्हें वित्तीय मदद उनके खाते में सीधे हस्तांतरित कर दी जाएगी।

इसके साथ ही ही जो लाभार्थी एंटी-रेट्रोवायरल ट्रीटमेंट (एआरटी) ले रहे हैं, उन्हें एआरटी केंद्रों तक पहुंचने के लिए आने-जाने में होने वाले खर्च और पोषक आहार आदि की राशि भी अब सीधे उनके खातों में डाल की जाएगी। इससे इस योजना में पारदर्शिता आएगी और इलाज के दौरान मरीजों की प्रभावी निगरानी भी सुनिश्चित हो पाएगी। लाभार्थियों तक प्रभावकारी वितरण सुनिश्चित करने के लिए आधार के सत्यापन से कौशल प्रशिक्षण और रोजगार जैसे कई अन्य कार्यक्रमों में सामंजस्य स्थापित करने में भी मदद मिलेगी।

यह अधिसूचना केंद्र सरकार की वर्ष 2019 में आई एक अधिसूचना के तहत जारी दिशा-निर्देश के बाद जारी की गई है जिसमें कहा गया था कि सरकार की समेकित निधि से लाभार्थियों को जारी फंड के लिए आधार अधिनियम, 2016 की धारा सात के तहत राज्य सरकार आधार प्रमाणीकरण के उपयोग को अनिवार्य कर सकती है। हालांकि, ऐसा करने के लिए, राज्य सरकार को आधार अधिनियम 2016 की धारा सात के तहत विशिष्ट योजनाओं के संबंध में उसी प्रकार अधिसूचना जारी करने की आश्यकता होगी जिस प्रकार केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों द्वारा इस संबंध में अधिसूचना प्रकाशित किया जाता है।

# सरकारी स्कूलों में छात्र सलाहकार बोर्ड गठित

- 20 स्कूलों के 750 छात्र बोर्ड के सदस्य और महासचिव बनने के लिए चुने गए : आतिशी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सरकारी स्कूलों में छात्र सलाहकार बोर्ड के लिए छात्रों का चयन कर लिया गया है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 20 स्कूलों के 750 छात्र बोर्ड के सदस्य और महासचिव बनाने के लिए चुनाव किया गया है। छात्र सलाहकार बोर्ड इन स्कूलों में छात्रों की आवाज के रूप में कार्य करेंगे।

स्कूल की गतिविधियों के डिजाइन करने, प्रबंधन में और उसे लागू करने की दिशा में काम करेंगे। पायलट फेज की सफलता के बाद बुधवार को शिक्षा मंत्री आतिशी ने सर्वोदय विद्यालय सहशिक्षा मोती बाग-दो, नानकपुरा में आयोजित एक कार्यक्रम में इन छात्रों से चर्चा की और उन्हें प्रोत्साहित किया। शिक्षा निदेशालय इस परियोजना को दिल्ली सरकार के अन्य स्कूलों में विस्तार करने की योजना बना रहा है। छात्रों के साथ बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा इस तरह के छात्र सलाहकार बोर्ड पहले बड़े निजी स्कूलों में ही देखे जाते थे। दिल्ली सरकार के स्कूलों में ऐसे छात्र सलाहकार बोर्ड की कल्पना शायद ही किसी ने की होगी, लेकिन हर छात्र को विश्वस्तरीय शिक्षा देने और सीखने के सर्वोत्तम अवसर देने के विजन के साथ सरकार के स्कूलों में यह संभव हो पाया है। छात्र सलाहकार बोर्डों के माध्यम से, उनका मकसद छात्रों की लीडरशिप स्किल को बढ़ाने के लिए एक मंच तैयार करना है।

# प्रदूषण से निपटने के लिए जल्द बनेगा समर एक्शन प्लान

- पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने 11 अप्रैल को सभी संबंधित विभागों के साथ करेंगे बैठक



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदूषण लंबे समय से दिल्ली वालों के लिए एक बड़ी समस्या बना हुआ है। हालात ऐसे हैं कि आंखों में जलन, गले में संक्रमण और बुजुर्गों में सांस की समस्या तो आम बात हो गई है।

वहीं इसे लेकर दिल्ली सरकार काफी गंभीर है और लगातार प्रदूषण को काबू करने के उपायों को लागू करने में जुटी है। इस कड़ी में अब विंटर एक्शन प्लान की तर्ज पर समर एक्शन प्लान बनाने की तैयारी है। इसको लेकर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने 11 अप्रैल को सचिवालय में सभी संबंधित विभागों की एक बैठक बुलाई है। बैठक में पर्यावरण, डीपीसीसी, डीडीए, एमसीडी, अग्निशमन विभाग, डूसिब एवं राजस्व सहित तमाम संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। प्लान के तहत तात्कालिक व दीर्घकालिक योजना बनाकर उसको लागू किया जाएगा। गोपाल राय ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के प्रदूषण स्तर को कम करने के लिए उनकी सरकार लगातार काम कर रही है। जिसके परिणाम स्वरूप पीएम 10 और पीएम 2.5 के स्तर में लगातार कमी दर्ज की गई है। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के मुताबिक भी वर्ष 2016 से 2021 के बीच एयर इंडेक्स में अच्छी, संतोषजनक और मध्यम श्रेणी के दिनों की संख्या 109 से बढ़कर160 हो गई है जबकि खराब और बहुत खराब श्रेणी के दिनों की संख्या घटकर 217 से 196 रह गई है। इसके साथ ही खतरनाक श्रेणी के दिनों की संख्या भी, 2016 में जहां 26 थी, वहीं 2022 में घटकर केवल छह रह गई है।

राय ने बताया कि बैठक में सभी विभागों के साथ चर्चा करके समर एक्शन प्लान को लागू करने का रोडमैप तैयार किया जाएगा।

सभी विभागों के सुझावों के आधार पर ही समर एक्शन प्लान जारी किया जाएगा। इसी प्लान पर फोकस करके सरकार प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए गर्मियों में काम करेगी।

## संक्षिप्त समाचार



निगम अस्पताल की तैयारियों का जायजा लेती महापौर शैली

### कोविड-19: एमसीडी अस्पताल तैयार : महापौर

**नई दिल्ली।** कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली की महापौर शैली ओबरॉय ने बुधवार को कहा कि नगर निकाय द्वारा संचालित सभी अस्पताल कोरोना वायरस की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को घबराना नहीं चाहिए। बुधवार को ओबरॉय सिविक सेंटर में संवाददाताओं से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा, बुधवार सुबह मैंने नगर निगम द्वारा संचालित हिंदू राव अस्पताल का दौरा किया और वहां कोविड मरीजों के लिए बिस्तर, ऑक्सीजन की उपलब्धता तथा दवाओं के भंडारण सहित विभिन्न तैयारियों का जायजा लिया।

### हवाई अड्डे पर जांच में आभूषण चोरी होने का आरोप

**नई दिल्ली।** अमेरिका में रहने वाली एक भारतीय महिला ने आरोप लगाया है कि दिल्ली हवाई अड्डे पर उसके बैग की एक्स-रे जांच के दौरान उसमें से ज़ेवरात का बक्सा गायब हो गया है। करीब दो महीने पहले ऑस्ट्रेलिया की एक महिला ने भी इसी तरह का आरोप लगाते हुए दिल्ली पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सूत्रों ने बताया कि दोनों मामलों की सीसीटीवी फुटेज में महिलाओं के सामान में कोई भी छेड़छाड़ करते हुए नहीं दिख रहा है और सुरक्षा कर्मियों समेत किसी भी व्यक्ति की कोई संदिग्ध गतिविधि नज़र नहीं आ रही है। नए मामले में, अमेरिका के वर्जीनिया से स्वाति रेड्डी 13 मार्च को यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंची और आव्रजन जांच के बाद अपने आगे के सफर के लिए दूसरी उड़ान में सवार होने के लिए चली गईं।


### बस के पलटने से दो लोग घायल

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली में रजोकरी फ्लाईओवर के पास बुधवार सुबह एक निजी बस के पलट जाने से दो यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान के अजमेर से आ रही बस में करीब 50 यात्री सवार थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हादसे में एक महिला और एक बच्चा घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# आपात स्थिति में यात्रियों को बाहर निकालने को बन रहे क्रॉस पैसेज

## आरआरटीएस कॉरिडोर : टनल निर्माण में एनएटीएम मेथड तकनीक का कर रहे इस्तेमाल

**संजय राय।** नई दिल्ली




देश की पहली क्षेत्रीय रेल यानि (आरआरटीएस) कॉरिडोर के निर्माण में कई अधुनिक तकनीक इस्तेमाल किया जा रहा है। दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के परिचालन में एलटीई कम्युनिकेशन नेटवर्क पर यूरोपीय ट्रेन कंट्रोल सिस्टम (ईटीसीएस) लेवल 2 सिग्नलिंग प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा। यह सिग्नलिंग प्रणाली विश्व की अपनी तरह की पहली है।

इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आरआरटीएस के कॉरिडोर के भूमिगत हिस्से में निर्माणाधीन समानांतर टनलों में यात्रियों की सुरक्षा के लिये क्रॉस पैसेज बनाने का कार्य किया जा रहा है। इन क्रॉस पैसेजे का निर्माण न्यू ऑस्ट्रेलियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) तकनीक के आधार पर किया जा रहा है।

आरआरटीएस कॉरिडोर के भूमिगत हिस्से में हर रूट पर ट्रेनों के आने-जाने के लिए दो समानान्तर टनल का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही, इन टनलों में हर 250 मीटर की दूरी पर एक-एक क्रॉस पैसेज का प्रावधान किया गया है।

यानी दोनों टनल के बीच एक ऐसा हिस्सा, जिससे आवश्यकता या आपातकाल में एक टनल से दूसरी टनल के बीच यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। यह क्रॉस पैसेज भूमिगत भाग में ट्रेनों के परिचालन और आपातकाल में यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर सहायक होते हैं। किसी आपातकालीन स्थिति, में यदि किन्हीं अप्रत्याशित कारणों से एक टनल में ट्रेन का परिचालन रुक जाता है, तब इन क्रॉस पैसेज के माध्यम से यात्रियों को दूसरी टनल से बाहर निकाला जा सकता है।

एनएटीएम तकनीक के तहत निर्माण के लिए क्रमिक उत्खनन विधि द्वारा पैसेज के लिए खुदाई की जाती है। सर्वप्रथम उत्खनन हेतु उस हिस्से को मार्क किया जाता है फिर हाथ से चलाई जाने वाली छोटी-छोटी मशीनों के जरिये मिट्टी की खुदाई की जाती है। मिट्टी को स्थिर बनाने के लिए रॉक बोल्ट लगाये जाते हैं। इस निर्माण प्रक्रिया के दौरान लगातार मिट्टी के दबाव एवं सतह पर होने वाले उसके असर को उपकरणों के माध्यम से जांच किया जाता है।

देश में किसी भी शहरी परिवहन परियोजना में पहली बार 6.5 मीटर व्यास की टनल का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही, भूमिगत हिस्से में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सुरक्षा उपायों का भी प्रावधान किया गया है।

क्रॉस पैसेज का निर्माण इसी का एक हिस्सा है। आरआरटीएस टनल में हवा का आवागमन सुनिश्चित करने के लिए वेंटिलेशन डक्ट भी निर्मित किए जा रहे हैं।

### राजधानी में चार सुरंग

दिल्ली में आरआरटीएस कॉरिडोर पर कुल 4 टनल का निर्माण किया जाना है जिनमें कुल 12 क्रॉस-पैसेज बनाए जाएँगे। न्यू अशोक नगर से आनंद विहार के बीच निर्माणाधीन 3 किमी लंबी दोनों समानांतर टनलों में कुल 8 क्रॉस-पैसेज और आनंद विहार से साहिबाबाद के बीच निर्माणाधीन 2 किमी लंबी दोनों समानांतर टनलों में कुल 4 क्रॉस-पैसेज का निर्माण किया जाएगा। मेरठ में कुल 6 टनल का निर्माण किया जा रहा है। भैंसाली से मेरठ के बीच कुल 6 क्रॉस पैसेज, भैंसाली से बेगमपुल दोनों समानांतर टनल में कुल 2 और गांधी बाग से बेगमपुल के बीच लगभग 700 मीटर लंबी दोनों समानांतर टनल में 1 क्रॉस-पैसेज का निर्माण किया जाएगा।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 6 अप्रैल, 2023



# आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे व कादरपुर में ढहाए अवैध निर्माण

## इनफोर्समेंट टीम ने एक बड़ी कमर्शियल साइट को भी सील करने की कार्रवाई की

### टीम पुलिस बल के साथ अनाधिकृत निर्माणों को धराशायी तथा कर रही सील

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा अनाधिकृत व अवैध निर्माणों के खिलाफलगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत चारों जोनों में गठित इनफोर्समेंट टीमें अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ अनाधिकृत निर्माणों को धराशायी तथा सील कर रही हैं।

बुधवार को जोन-4 की इनफोर्समेंट टीम कादरपुर क्षेत्र में पहुंची। यहां पर टीम ने अनाधिकृत निर्माणों पर पीला पंजा चलाया। इसके साथ ही टीम ने यहां पर स्थित



गुरुग्राम के आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में अवैध निर्माण गिराती जेसीबी।

एक बड़ी कमर्शियल साईट को भी सील करने की कार्रवाई की। यह कर्मशियल साइट लगभग 3300 वर्ग फीट की है।

अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ जोन-2 क्षेत्र में भी कार्रवाई जारी रही। सहायक अभियंता संजोग शर्मा के नेतृत्व में इनफोर्समेंट टीम ने आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में अनाधिकृत निर्माणों पर पीला पंजा चलाया। टीम ने अमित महल के साथ अवैध गेट लगाकर किए गए कब्जे को हटाया। वहीं एचएसवीपी कार्यालय के सामने राजीव नगर में बनाई गई अवैध दुकान को धराशायी किया। टीम की कारज्वाई राजीव नगर वैस्ट में जारी रही। यहां पर अनाधिकृत रूप से बनाई गई दो मंजिला 4 दुकानों को जेसीबी की सहायता से धराशायी किया गया। टीम में कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमार सहित अन्य कर्मचारी व पुलिस बल उपस्थित रहा।

## गेहूं की खरीद में छूट दे केंद्र सरकार : डिप्टी सीएम

**चंडीगढ़।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल को रबी विपणन सीजन 2023-24 के दौरान खरीदे जा रहे गेहूं के गुणवत्ता मानदंडों में छूट प्रदान करने के लिए पत्र लिखा है।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि 1 अप्रैल 2023 से हरियाणा में गेहूं की खरीद शुरू हो गई है। मार्च, 2023 में कटाई से ठीक पहले बारिश और ओलावृष्टि शुरू हो गई थी। जिसने हरियाणा में खड़ी फसलों को चौपट कर दिया है।डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भारी बारिश के कारण गेहूं की फसल की चमक खराब होने के संबंध में प्रमुख खरीद जिलों कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, फतेहाबाद, सिरसा, जींद और यमुनानगर से रिपोर्ट ली गई है। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाली बारिश और ओलावृष्टि होने से उत्पादन कम हो सकता है और अनाज की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

# हरियाणा में हनुमान जयंती पर गृह मंत्रालय का अलर्ट

### सभी राज्यों को एडवाइजरी भेजी, कहा- सभी राज्य और केंद्र शासित रखें ध्यान

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

रामनवमी पर हिंसात्मक घटनाओं को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय अलर्ट पर है और इसी के चलते अब हनुमान जयंती को लेकर देश के सभी राज्यों को खास एडवाइजरी जारी की गई है। गृह मंत्रालय ने एडवाइजरी करते हुए राज्य सरकारों को हनुमान जयंती पर अपनी पुख्ता तैयारी रखने को कहा है। गृह मंत्रालय ने कहा किए राज्य सरकारें हर हाल में यह सुनिश्चित करें कि हनुमान जयंती का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। इस दौरान समाज



में सांप्रदायिक सद्भाव न बिगड़ने पाए और कानून.व्यवस्था कायम रहे। मंत्रालय ने कहा किए सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाले कारणों और तत्वों पर पैनी निगरानी रखी जाए और तत्काल कार्रवाई हो।

**आज मनेगी हनुमान जयंती :**

मालूम रहे किए 6 अप्रैल को हनुमान जयंती बनाई जानी है। हनुमान जी के जन्मोत्सव के रूप में हनुमान जयंती मनाई जाती है। इस दौरान देशभर के मंदिरों में और अनेक जगहों पर हिन्दू समाज द्वारा कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। साथ ही जोरोशोरों से रैलियां भी निकाली जाती हैं। जहां इन रैलियों के दौरान ही अन्य धर्म के लोगों के साथ कई बार हिंसा पनप जाती है।

**रामनवमी पर बिहार और बंगाल में हुई भारी हिंसा:**

ध्यान रहे कि हाल ही में रामनवमी के पर्व पर बिहार और बंगाल में भारी हिंसा हुई थी। दो समुदाय के लोगों में तकरार हो गई। जिसके बाद पत्थरबाजी और आगजनी जैसी घटनाएं देखने को मिलीं। दोनों ही राज्यों में हिंसा इतनी भयानक रूप से पनप गई कि पुलिस-प्रशासन की स्थिति भी लाचार सी नजर आई।

# नौ दिनों तक भाजपा चलाएगी विशेष सेवा अभियान : अरविंद सैनी

### स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुग्राम सहित प्रदेश भर में लगेंगे 5 लाख कार्यकर्ताओं के घरों पर झंडे

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**भाजपा** के प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी ने कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस पर गुरुग्राम में हजारों कार्यकर्ता सहित प्रदेश भर में 5 लाख कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा लहराएंगे और जनसेवा का संकल्प दोहराएंगे।

अरविंद सैनी के मुताबिक पार्टी



अरविंद सैनी।

ने स्थापना दिवस को उत्सव की तरह मनाने की तैयारियां की है और आगामी 9 दिनों तक कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष सेवा कार्य अभियान चलाए जाएंगे। मीडिया सह प्रमुख ने बताया कि पार्टी के झंडे भी वितरित किए जा चुके हैं। अरविंद सैनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने विशेष सेवा अभियानों के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगा दी है। जबकि 6 अप्रैल के लिए सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि सभी कार्यकर्ता सुबह 9 बजे तक अपने-अपने घरों पर भाजपा का झंडा लगाएं और इसके बाद 9.30 बजे तक बूथों पर एकत्रित हो जाएं ताकि पीएम मोदी का भाषण एक साथ बैठकर सुना जा सके। यह कार्य प्रदेश स्तर पर किया जा रहा है। गुरुग्राम में भी जिला अध्यक्ष, मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ अध्यक्ष भी दीवार लेखन का कार्य करेंगे।

## पुस्तकों की खरीद में नियम किए दरकिनार

**चंडीगढ़।** हरियाणा के 149 कॉलेजों की लाइब्रेरी में विद्यार्थियों को अच्छी पुस्तकें उपलब्ध कराने को राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा विभाग को 4 करोड़ रुपये दिए थे, लेकिन पुस्तकों की खरीद में बड़ा गोलमाल सामने आया है।

हंस के विमर्श, खंड 1 व 2 पुस्तक की एक प्रति की कीमत 1500 रुपये है, पर कॉलेजों में 3,000 हजार रुपये प्रति पुस्तक का भुगतान किया दिखाया है। हालांकि, अभी देखने वाली बात यह है कि पुस्तकों की कीमत वास्तव में ज्यादा चुकाई गई या फिर गोलमाल किया गया है। कैग ने कहा कि प्रकाशकों को अधिसूचना या विज्ञापन के जरिए सूचना नहीं दी गई। खरीद प्रक्रिया न तो निष्पक्ष थी और न प्रतिस्पर्धी थी।

# गुरुग्राम जिले में मार्च माह का राशन मिलेगा आठ अप्रैल तक

### जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अनिल कुमार ने दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**खाद्य,** नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा के निदेशालय द्वारा गुरुग्राम जिला में राशन की सरकारी दुकानों पर मार्च महीने के राशन की अवधि आठ अप्रैल तक बढ़ा दी है। ऐसे में सभी लाभार्थी आगामी आठ अप्रैल तक मार्च महीने का राशन डिपो धारक से प्राप्त कर सकते हैं।

जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अनिल कुमार ने बताया कि एनएफएसए के तहत उपभोक्ताओं को बीपीएल कार्ड पर पांच किलोग्राम गेहूं प्रति व्यक्ति नि:शुल्क तथा एएवाई

### अब तक 35 एमटी सरसों की हुई सरकारी खरीद

रबी सीजन की फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकारी खरीद आरंभ हो चुकी है। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अनिल कुमार के मुताबिक गुरुग्राम जिला में सरसों की खरीद के लिए फरुखनगर, सोहना व जटौली में खरीद केंद्र बनाए गए है। जिला में अब तक जाटौली मंडी से हैफेड ने 21 किसानों से 35 एमटी सरसों की खरीद की है।

कार्ड पर 35 किलोग्राम गेहूं प्रति परिवार नि:शुल्क तथा बीपीएल-एएवाई कार्ड पर एक किलोग्राम चीनी मिलेगी। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम जिला में किसी भी कार्ड धारक को यदि राशन संबंधित कोई समस्या है तो वह अपने क्षेत्र के सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों की भलाई के लिये करेंगे कार्य : चेयरमैन



**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन आदित्य देवीलाल ने आज सेक्टर-6 स्थित बोर्ड के कार्यालय में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता की उपस्थिति में कार्यभार ग्रहण किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओपी धनखड़ भी आशीर्वाद देने आए। उन्होंने कहा कि वे किसान परिवार से संबंध रखते हैं और किसानों की भलाई के लिये कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कृषि विपणन बोर्ड के चेयरमैन की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। उसका वे पूरी लग्न व निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि वे सुनिश्चित करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा किसान हित में चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिले। नवनियुक्त चेयरमैन को पदभार ग्रहण करवाने के उपरांत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जेपी दलाल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने आदित्य देवीलाल को किसानों के हित में कार्य करने के लिये नियुक्त किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे अपनी जिम्मेवारियों को भलींभांति व कुशलता से निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर श्री रणबीर सिंह गंगवाए हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक मुकेश कुमार आहुजा, सचिव वीरेंद्र चौधरी, इंजीनियर इन चीफ उदय भान, सीएफए, राजेश सांगवान व एचआईएचएमसीएल के एडवाईजर, जेएस यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### मोरनी में बीएसएनएल सेवाएं घंटों तक बंद रहने से परेशान

**चंडीगढ़।** भारत संचार निगम लिमिटेड कंपनी की लाचार सेवाएं उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं। क्षेत्र में घंटों से बीएसएनएल कंपनी की सेवाएं लगातार बंद हैं। जिसमें मोबाइल और ब्रॉडबैंड सेवाएं बंद होने से उपभोक्ता खासे परेशान हैं। इसको लेकर पूर्व चेयरमैन विजय बंसल एडवोकेट ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री को पत्र भेजकर समस्या के समाधान करने के लिए कहा है। विजय बंसल का कहना है कि मोरनी के लोग समस्याओं से जूझ रहे है। बीएसएनएल कंपनी के इलाके में हजारों उपभोक्ता है। कंपनी की सेवाएं लेने वाले उपभोक्ताओं के नंबर के आधार कार्ड के अलावा बैंकिंग सेवाओं से जुड़े हैं। ऐसे में कंपनी की सर्विस ठप्प होने के चलते हजारों लोगों के जरूरी कामकाज प्रभावित हुए हैं। विजय बंसल ने बताया कि इलाके में फाइबर इंटरनेट सेवा व मोबाइल नेटवर्क प्रदान कर रही बीएसएनएल कंपनी की लचर सेवाएं लगातार जारी हैं। सोमवार को बंद हुई कंपनी की सेवाएं मंगलवार रात तक बंद रही। कारण बताया जा रहा है कि मोरनी से रायपुर रानी मार्ग पर कही से मुख्य केवल कटने के कारण सेवाऐं प्रभावित हुई है। आरोप है कि टैकनिकल टीम की लापरवाही के कारण हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। आपको बता दें कि ऐसा पहली बार नही हुआ है। माह में दो से तीन बार इस परेशानी का सामना जनता को करना पड़ता है। ऐसी सेवाओं को सुधारने के लिए कंपनी के अधिकारी कोई सख्त कदम नहीं उठाते। जिसके चलते जनता परेशान होती है। जल्द कोई ठोस कदम उठाकर यूजर को रिलीफ देने का काम करें। ऐसी सेवाएं से व्यापार पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

# समाज को राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक रूप से करें एकजुट : दिग्विजय चौटाला

**प्रवीन शर्मा।** चंडीगढ़

### कहा, 36 बिरादरी को साथ लेकर समाज में प्यार प्रेम और सहयोग का भाव होना चाहिए

**जननायक** जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि आज समाज को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक तौर पर संगठित करने व मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज को आगे बढ़ाने का हथियार है और शिक्षा से जुड़ी पहल में सभी को आगे आकर अपना योगदान देना चाहिए।

वे बुधवार को राजस्थान के जोधपुर में चौधरी रामनारायण जिला छात्रावास, भगत की कोठी में विद्यार्थियों के लिए लाइब्रेरी का लोकार्पण करने के दौरान संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय चौटाला ने इस लाइब्रेरी के निर्माण के लिए अपने निजी कोष से 5 लाख 51 हजार रुपये की राशि दान की। वहीं दिग्विजय गुरुवार को राजस्थान विश्वविद्यालय डीएसडब्ल्यू व छात्र संघ द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम घूमर में शिरकत करेंगे। जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि आर्थिक रूप से एकता का पर्याय यह है कि जो समर्थ हो। वह आगे आकर जरूरतमंद की मदद करें, इससे न सिर्फ समाज में आर्थिक स्थिरता आएगी बल्कि आपसी सद्भाव भी बढ़ेगा। दिग्विजय ने सामाजिक एकता पर बोलते हुए कहा कि समाज में एक दूसरे को आगे बढ़ाने में मदद का भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 36 बिरादरी का साथ लेकर समाज में प्यार प्रेम और सहयोग का भाव होना चाहिए। आपस में ईर्ष्या, द्वेष व टांग खिंचाई नहीं होनी चाहिए। दिग्विजय चौटाला ने राजनीतिक एकता पर बोलते हुए कहा कि यह आज के दिन बहुत जरूरी है लेकिन इसका बहुत अभाव है।

## उपायुक्त ने ली जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक

**चंडीगढ़।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि वे डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी सुरक्षा उपायों की पालना करें। यदि फिर भी उन्हें डेंगू या मलेरिया के लक्षण हों तो अपनी नजदीकी पीएचसी/सीएचसी में डाक्टर को अवश्य दिखाएं और इलाज में देरी न करें।

उपायुक्त आज जिला सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर पंचकूला नगर निगम के महापौर श्री कुलभूषण गोयल भी उपस्थित थे। महावीर कौशिक ने संबंधित विभागों को निर्देश दिये कि जिला में पानी की प्रयास सप्लाई सुनिश्चित करें ताकि लोगों को पानी स्टोर न करना पड़े जो कि लार्वा बनने का मुख्य कारण है। उन्होंने नगर निगमए नगर परिषद तथा एचएसवीपी के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में डेंगू व मलेरिया के मच्छर अधिक पनपने की संभावना है।

# बरसाती व गंदे पानी के नालों पर लगे लोहे के जाल हुए गायब

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**नगर** परिषद एनजीटी के आदेशों की जमकर धज्जियां उड़ाने में जुटी है। शहर में बने बरसाती व गंदे पानी के नालों पर लगाएं गए लाखों रुपये के लोहे के जालों में से 50 फीसदी जाल गायब हो गए हैं। जिसके कारण नाले कूड़ा कचरा से लबालब हो रहे हैं।

आज से करीब छह माह पहले नगर परिषद प्रशासन ने एनजीटी के आदेश पर सर्वे करते हुए शहर के बरसाती व गंदे पानी के नालों को चिंहित किया था। इन बरसाती नालों में पानी जमा न हो। ताकि कूड़ा कचरा को नालों में जाने से रोकने के लिए लोहे के जाल लगाए थे। जिनके पर करीब 15 लाख रुपये नप की तरफ से खर्च किए गए थे, लेकिन छह माह के बाद शहर के 50 फीसदी नालों पर लगे लोहे के जाल नदारद हो गए है। जिसके कारण नाले कूड़ा



शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर बनी बरसाती पुलिया के ऊपर से हटा लोहे का जाल।

कचरा से लबालब हो रहे हैं। नाले का पानी धीरे-धीरे निकल पा रहा है।

**नालों के ऊपर से लोहे के जाल हुए नदारद:** नगर के प्रशासनिक अधिकारी व छोटे कर्मचारी नालों पर लगाएं गए लोहे के जालों से अंजान है। जानकार सूत्रों को अनुसार नालों पर लगे लोहे के जाल कही उठाकर पटक दिए या फिर उन्हें रात के अंधेरे में चोरी कर लिया गया है।

**खुले नालों में फेंका जा रहा है कचरा:** बरसाती व गंदे पानी के नालों में स्थानीय नागरिक सरेआम प्लास्टिक की पॉलिथीन में कूड़ा करकट भरकर फेंका जा रहा है। जिससे नाले चौक होने से ओवर फ्लो हो रहे हैं। जिनका गंदा पानी आम रास्ते व सड़कों पर जमा हो रहा है।

> **मेरी** संज्ञान में नालों और बरसाती नालों के ऊपर लगे लोहे के जालों के गायब होने का मामला अभी तक नहीं आया है। जल्द ही नालों से हटाएं गए लोहे के जाल लगाएं जाएंगे।
>
> **विक्की सिंह (एक्सइएन नप)**

# जैकमपुरा के मंदिरों ने करवाया हनुमान चालीसा का पाठ

### समाजसेवी बोधराज सीकरी के आह्वान पर किया आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**लगभग** सवा महीने पूर्व बोध राज सीकरी ने जो एक छोटी से मुहिम हनुमान चालीसा पाठ से प्रारम्भ की थी वो मुहिम अब गुरुग्राम में एक बड़ा रूप धारण कर रही है। इसी मुहिम के तहत केंद्रीय श्रीसनातन धर्म सभा गुरुग्राम के मुख्य संरक्षक बोधराज सीकरी के आह्वान पर विशाल राम श्याम मंदिर जैकमपुरा और शिव दुर्गा मंदिर एवं दुर्गा राम लीला कमेटी जैकमपुरा के संयुक्त तत्वावधान में रामलीला ग्राउंड (जैकमपुरा) में की गई।

सामूहिक रूप से 500 से अधिक लोगों द्वारा हनुमान चालीसा पाठ किया गया। जिसमें चालीस प्रतिशत युवा थे। सभी श्रद्धालुओं ने इस महान यज्ञ में आकर हनुमान चालीसा का 21-21 बार पाठ कर अपनी ओर से आहुति डाली। साथ ही यजमानों द्वारा हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत भंडारे की सुंदर व्यवस्था थी। बता दें कि



गुरुग्राम के जैकबपुरा में श्रीदुर्गा रामलीला कमेटी की ओर से बोधराज सीकरी का सम्मान करते पदाधिकारी।

लगभग सवा महीने की अवधि के दौरान 75,000 हनुमान चालीसा के पाठ का एक कीर्तिमान स्थापित हुआ है और आने वाले छह मंगलवार अलग-अलग शहर की संस्थाओं ने बोधराज सीकरी के पास अपनी बुकिंग भी करा दी है।

बोधराज सीकरी ने कहा कि इस मुहिम को चलाने का मुख्य उद्देश्य समाज को जोड़ना और युवा पीढ़ी में धार्मिक भावना और संस्कार जगाना है। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा से युवाओं के मन में संस्काररूपी बीजों का अंकुरण होगा जिससे आने वाली पीढ़ियां धमज़ के प्रति जागरूक होंगी और समाज में समरसता आएगी। इस धार्मिक आयोजन में हर जाति, हर वर्ग के लोग शामिल हुए। एन दो मंदिरों द्वारा हनुमान चालीसा के पठन से पूरा परिवेश भक्तिमय व सकारात्मकता से परिपूर्ण हो गया। भव्य दरबार में अनुशासित साधक थे। पंचमुखी हनुमान जी का विग्रह विराजमान था। इस दौरान बोधराज सीकरी ने मीडिया को पंचमुखी हनुमान की महत्ता बताई और हनुमान चालीसा में छिपे गूढ़ रहस्यों को युवायों को उजागर किया। श्रीदुर्गा राम लीला कमेटी, विशाल राम श्याम मंदिर और शिव दुर्गा मंदिर की पूरी पुरुष और महिला मंडली सेवारत रही। रमेश कालरा मुख्य संरक्षक टेंट डीलर एसोसिएशन का विशेष मार्गदर्शन और सहयोग रहा।

# संस्कृत मॉडल स्कूलों में 8 अप्रैल तक मनेगा विद्या प्रवेश सप्ताह



सोहना के राजकीय संस्कृति मॉडल बाल प्राथमिक पाठशाला में शिक्षिका विद्यार्थियों को खेल के माध्यम से शिक्षित करते प्रशिक्षक।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**संस्कृति** मॉडल स्कूलों में 3 से 8 अप्रैल तक विद्या प्रवेश सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सप्ताह में प्राथमिक स्कूलों के विद्यार्थियों को खेल ही खेल के माध्यम से सामान्य ज्ञान कराया जाएगा। जिसमें मानसिक तनाव को कम करने से लेकर शिक्षा प्राप्ति के आसान तरीके शामिल हैं।

क्षेत्र के राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूलों में प्रवेश लेने आ रहे विद्यार्थियों का ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से विद्या प्रवेश सप्ताह मनाया जा रहा है। जिससे प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी का मन और दिल-दिमाग तंदुरुस्त रहे। विद्यार्थी स्कूल उत्साह के साथ आएं। विद्यार्थी स्कूल समय में बोर न हों। सीबीएसई बोर्ड ने 3 से 8 अप्रैल के बीच पहले प्रवेश सप्ताह को विद्यार्थी के लिए मनोरंजन बनाने पर जोर दिया है।

**सप्ताह में कराई जाने वाली गतिविधियां:** संस्कृति मॉडल स्कूल में सप्ताह के अलग-अलग दिन खेल ही खेल में शिक्षा देने का दिनचर्या बनाई है। जिसमें भाषा और साक्षरता कौशल, कला संबंधित गतिविधियां, गणित/ ईवीएम/ वैज्ञानिक सोच, कक्षा कमरे से बाहर खुले मैदान में खेले जाने वाले खेल और गुडबाई सर्कल टाइम्स को शामिल किया है। जिसमें विद्यार्थियों को खिलौनों के माध्यम से लेकर मॉडलस, कहानियां सुनाकर, सुनाई गई कहानियों पर आधारित प्रश्नोत्तर आदि शामिल की गई हैं।

# जब दत्तात्रेय 10 मिनट के लिए अध्यापक बने

### लड़कियां अच्छा पढ़े, आत्मविश्वास रखे और आगे बढ़े : राज्यपाल दत्तात्रेय

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज कहा कि लड़कियां अच्छा पढ़े और आगे बढ़े। उन्होंने लड़कियों से कहा कि वे आत्मविश्वास रखे और हिम्मत से काम लें। श्रीदत्तात्रेय बुधवार को दिल्ली के कस्तूरबा बालिका विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बोल रहे थे।

इस कार्यक्रम में भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्रीरामनाथ कोविंद, पूर्व प्रथम महिला सविता कोविंद, हरिजन सेवक संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार सान्याल, अक्षय पात्रा संस्थान के ट्रस्टी भरत ऋषभ दास, सहयोग संस्थान की अध्यक्ष सुश्री स्वाति कोविंद, कस्तूरबा बालिका विद्यालय के प्रबंधक श्याम सूरी तथा विद्यालय की उप प्रधानाचार्य अनिता शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में रामनाथ कोविंद तथा राज्यपाल दत्तात्रेय ने प्रत्येक कक्षा में पहले व दूसरे स्थान पर रही छात्राओं तथा खेलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विद्यालय की छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस विद्यालय में




1100 से अधिक छात्राएं शिक्षारत है।

अपने सम्बोधन में दत्तात्रेय ने कहा कि वे आज 10 मिनट के लिए राज्यपाल नहीं बल्कि एक शिक्षक है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की प्रेरणा से शुरू हुए इस विद्यालय से निकलने वाली हर लड़की कस्तूरबा जैसी बने। उन्होंने बताया कि कस्तूरबा गांधी ने अपना कर्तव्य निभाया और उस समय समाजए विशेषकर महिलाओं को देश सेवा का रास्ता दिखायाए उन्हें प्रेरित किया। वे आजादी आन्दोलन में महात्मा गांधी के साथ जेल भी गई। श्रीदत्तात्रेय ने कहा कि आज उनके बीच उपस्थित पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एक सामान्य परिवार से आकर देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचे। इन्होंने उदाहरण पेश किया कि अपनी मेहनत से साधारण परिवार का व्यक्ति भी देश के सर्वोच्च पद को हासिल कर सकता है। श्री दत्तात्रेय ने वार्षिक समारोह में उपस्थित छात्राओं से पूर्व राष्ट्रपति कोविंद को अपना आदर्श बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सुश्री स्वाति कोविंद भी निस्वार्थ भाव से इस विद्यालय के लिए काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया है कि इस विद्यालय की कक्षा 9वीं से 12वीं तक की सभी छात्राओं को विद्यालय की ओर से लैपटॉप वितरित किए गए है। कक्षा दूसरी से आठवीं तक की छात्राओं को टैबलेट भी दिए गए है। यहां पर बालिकाओं को कंप्यूटर की आधुनिक शिक्षा दी जा रही है। श्रीदत्तात्रेय ने छात्राओं से कहा कि वे उच्च शिक्षा हासिल करके अपनी संस्था ही नहीं अपितु अपने माता.पिता और देश का नाम ऊंचा करें। राज्यपाल ने छात्राओं को दो तोतों की कहानी सुना कर संदेश दिया कि हम जिस वातावरण में रहेंगे, वैसे ही बनेंगे।

# कोरोना के बढ़ते मामलों को देख मॉकड्रिल की तैयारी

## दस और 11 अप्रैल को होने वाले मॉकड्रिल को लेकर वीसी आयोजित



मास्क लगाना अनिवार्य के आदेश के बाद बिना मास्क के बैठे मरीज


वीसी में भाग लेते हुए स्वास्थ्य कमी

**कविता।** फरीदाबाद

**कोरोना** के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रदेशभर में मौजूद अस्पतालों में होने वाली मॉकड्रिल को लेकर बुधवार को सभी जिलों के कोरोना नोडल अधिकारियों और कर्मचारियों संग उच्च अधिकारियों ने एक वीडियो कांफ्रेंसिंग की। जिसमें मॉकड्रिल को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। बुधवार को जिले में कोरोना के 38 नए मामले सामने आए हैं। जिससे 168 पर कोविड-19 का आंकड़ा पहुंच गया है। अस्पतालों में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है, लेकिन बीके अस्पताल में लोग बिना मास्क के नजर आ रहे हैं।

**नहीं पहना मास्क:** बढ़ते मामलों को देखते हुए 100 लोगों इकट्ठे होने पर मास्क पहनना अनिवार्य केन्द्र सरकार ने किया है। कुछ अस्पतालों में इन आदेशों को देखते हुए मास्क अनिवार्य कर दिया गया है, लेकिन मरीज, पब्लिक इन आदेशों का पालन नहीं कर रहे। सीएमओ विनय गुप्ता ने बताया कि खबरे हैं, लेकिन मास्क को लेकर कोई आदेश नहीं आए है। लोगों को अपने बचाव में मास्क पहनना चाहिए।

**78 अस्पतालो में मॉकड्रिल:** कोरोना नोडल अधिकारी डॉ. राम भगत ने बताया कि 10 और 11 अप्रैल को 78 अस्पतालों में मॉकड्रिल किया जाएगा। निजी और सरकारी अस्पताल बेड, ऑक्सीजन, वेंटीलेटर, ऑक्सीजन प्लांट, डॉक्टरों की संख्या, फिलहाल मरीजों की स्थिति और सुविधाओं की जानकारे देगें। जिले में 88 कोविड-19 अस्पताल थे, लेकिन कोरोना के बाद पिछले दिनों 10 अस्पतालों को बाहर कर दिया है, जिसमें कुछ तो स्वयं ही बंद हो गए, कुछ अस्पतालों की शिकायते आने पर उन्हें बाहर किया गया है। फिलहाल जिले में 78 अस्पताल ही हैं। 38 कोरोना पॉजिटिव: जिले में बुधवार को 38 कोरोना संक्रमित मरीजों की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने की। राहत की बात यह है कि 11 मरीज पूरी तरह स्वास्थ्य हो गए। जिससे जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 168 पर पहुंच गई। जिसमें आठ मरीजों को अस्पताल और 160 मरीजों को होम आईसोलेशन में रखा गया है।

**हॉटस्पॉट:** जिला सूत्र बताते है कि 100 से अधिक मरीजों होने पर जिले को हॉटस्पॉट में शामिल कर दिया जाता है। जिससे फरीदाबाद, गुरूग्राम और पंचकुला को हॉटस्पॉट जिलों में शामिल किया गया है। लेकिन डिप्टी सीएमओ डॉ. रामभगत ने बताया कि फरीदाबाद को हॉटस्पॉट में शामिल करने के आदेश अभी नहीं आए हैं। ऐसे में वह इस विषय में कुछ भी नहीं कह सकते।

# भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई: उपायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


डॉ. मान सिंह जिला उपायुक्त को विस्तार से बताते हुए

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। वहीं जिला फरीदाबाद में बेहतर लिंगानुपात करने के लिए सुझाव साझे किए गए। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिला में अधिक लिंगानुपात तथा कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों को चिह्नित करके वहां के लोगों को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आपसी तालमेल कर जन प्रतिनिधियों की भागीदारी करके जागरूक करें।

डीसी विक्रम ने कहा कि कहा कि गर्भ में कन्या भ्रूण हत्या हमारे समाज पर एक कलंक है। इसका जड़मूल से खत्म करने के लिए हमें सक्रियता से प्रयास करने चाहिए। विक्रम सिंह ने बुधवार को जिला में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधिओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। डीसी विक्रम सिंह ने सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता व डिप्टी सीएमओ डॉ. मान सिंह को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही करें। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मिल कर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त-से-सख्त कार्यवाही करें। अवैध लिंग जांच में लिप्त अपराधियों को पकड़ने के लिए जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुखबिर योजना लागू की गई है, इसके अंतर्गत गुप्त तरीके से इस कार्य में लगे लोगों की सूचना देकर रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक गुप्तचर, एक मिथ्या ग्राहक, और एक सहायक की टीम मिलकर योजना बनाकर कार्य करती है।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला की सभी पंचायतों और शहर में वार्ड स्तर पर में बढ़ते और घटते लिंगानुपात के आकड़ों की सूची बनाकर लगाई जाए। जहां लिंगानुपात का आकड़ा सबसे कम हो, वहां विभाग द्वारा जांच कराई जाए। वहीं गर्भवती महिलाओं को व उनके परिवारों को भ्रूण हत्या को रोकने बारे अधिक-से-अधिक भागीदारी सुनिश्चित करके जागरूक करें। वे गर्भवती महिलाओं की प्रभावी ट्रेकिंग एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने की ओर विशेष कार्य योजना तैयार कर इस क्षेत्र में नवाचार करें। अवैध लिंग जांच व पीएनडीटी नियमों की उल्लंघना करने वालें सैन्टरों के खिलाफ जिला में सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। सभी सेंटरों को पीएनडीटी एक्ट के अनुसार सारी हिदायतें पूरी करनी होंगी। डीसी विक्रम ने कहा कि लिंगानुपात में प्रदेश में जिला 14 वें नम्बर पर है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आपसी तालमेल करके इस योजना के तहत जिला फरीदाबाद में बेहतर क्रियान्वयन के लिए आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली तैयार करके प्रदेश में नम्बर वन आने के लिए जिम्मेदारी से कार्य करें। बैठक में एडीसी अपराजिता, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, पीएनडीटी के स्टेट कोर्डिनेटर जीएल सिंगल, एसीपी मोनिका, सीएमओ डॉ विनय गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ मान सिंह, तहसीलदार नेहा सारण, पीओआईसीडीएस मीनाक्षी चौधरी, सीडीपीओ डाक्टर मंजू श्योरान सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# लूट और हत्या में 23 साल से फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

## वर्ष 2000 में आरोपी ने साथियों संग आदर्श नगर में की थी हत्या और लूटपाट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


पुलिस गिरफ्त में आरोपी राजेन्द्र

**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने एसटीएफ पलवल की मदद से हत्या व लूट के मुकदमे में 23 साल से फरार 5000 के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राजेंद्र है जो रेवाड़ी के धारूहेड़ा का रहने वाला है। आरोपी की उम्र 50 वर्ष है और वह ऑटो चलाने का काम करता है। सितंबर 2000 में सिटी बल्लभगढ़ थाने में लूट व हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी ने अपने 7 अन्य साथियों के साथ मिलकर आदर्श नगर स्थित दो मकानों में घुसकर हथियार के बल पर जेवरात व पैसे लूटे थे। लूट के दौरान मकान मालिक ने जब इसका विरोध किया तो उन्होंने मकान मालिक के सिर में गहरी चोट मारी। जिसकी वजह से उसकी मृत्यु हो गई। आरोपी मकान से करीब 20 तोला सोना, 1 किलोग्राम चांदी तथा 25000 रुपये लूट कर फरार हो गए। आरोपियों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने मामले में आगे कार्रवाई करते हुए उस समय आरोपी भूरे, बिजेंदर, बूचा तथा बबलू को गिरफ्तार कर लिया वहीं आरोपी राजेंद्र, बोना, शेरू तथा दानी पुलिस गिरफ्त से बचने के लिए फरार चल रहे थे। माननीय अदालत ने फरार चल रहे उक्त चारों आरोपियों को पीओ घोषित कर दिया। जिसके पश्चात वर्ष 2004 में पुलिस द्वारा आरोपी बोना को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। आरोपी को अदालत द्वारा उम्र कैद की सजा सुनाई गई।

# गुमशुदा लड़की को तलाश कर परिजनों से मिलाया

## पुलिस कड़ी मशक्कत के बाद लड़की को हिमाचल प्रदेश से तलाशा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देशानुसार थाना सेक्टर 8 प्रभारी नवीन कुमार पाराशर व मिसिंग पर्सन हेल्पलाइन ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश से गुम हुई लड़की को सखी वन स्टॉप सेंटर, मंडी, हिमाचल प्रदेश में सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा महिलाओं व बच्चो की सुरक्षा के हित में चलाए गए ऑपरेशन स्माइल के तहत कार्यवाही करते हुए इंस्पेक्टर नवीन कुमार तथा मिसिंग पर्सन हेल्पलाइन की टीम ने मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश से लापता हुई 24 वर्षीय मानसिक रूप से परेशान लड़की ज्योति(बदला हुआ नाम) निवासी मुजफ्फरनगर, उप्र को उसके परिजनों तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। मिसिंग पर्सन हेल्पलाइन में तैनात एसआई कृष्ण लाल तथा उनकी टीम ने सखी वन स्टॉप सेंटर, मंडी, हिमाचल प्रदेश से संपर्क किया जहां पर उन्हें इस लड़की के बारे में जानकारी प्राप्त हुई जो सही से अपने घर का पता नहीं बता पा रही थी, जिस सम्बन्ध में जानकारी थाना सदर मंडी, हिमाचल प्रदेश में दर्ज रजिस्टर है। जिसका फोटो संस्था की Android App "Missing Person Helpline" पर अपडेट करके मिसिंग फोटो से मैच की गई।

# कार की टक्कर से सब्जी विक्रेता घायल

**फरीदाबाद।** एनआइटी दो में कार की टक्कर से सब्जी की फेरी लगाने वाला कई मीटर उछलकर दूर जा गिरा। उसकी सब्जी की रेहड़ी भी कार के बोनट पर गिरी और टूट गई। हादसे में घायल फेरीवाला अस्पताल में उपचाराधीन है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

डबुआ कालोनी में रहने वाले मोहम्मद छोटन ने पुलिस को बताया है कि उसका भांजा मोहम्मद कुरमान और इजराइल डबुआ मंडी से सब्जी खरीदकर रेहड़ी में लेकर अपने कमरे पर आ रहे थे। जब वे एनआइटी दो में अनाज गोदाम के पास पहुंचे तो एक चालक अपनी कार को तेज रफ्तार से चलाता हुआ लाया। उसने उनकी रेहड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें मोहम्मद कुरमान कई मीटर उछलकर दूर जा गिरा। रेहड़ी भी कार के बोनट पर गिरी। इसके बाद भी चालक ने काफी दूर जाकर कार रोकी।

# हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर से निकाली शोभायात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


मंदिर से निकलती शोभायात्रा में शामिल गणमान्य नागरिक।

**हनुमान** जन्मोत्सव पर सिद्धपीठ हनुमान मंदिर नंबर-2 से गई शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस मौके पर महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेवी, विधायक सीमा त्रिखा, पूर्व मंत्री एसी चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा, श्याम सुन्दर चेयरमेन, सुशील मेंदीरत्ता, कविता आजाद, चन्द्रमोहन आजाद, तुषार मेंदीरत्ता, राजू भावरी, बलविन्द्र खत्री, हंसराज मेंदीरत्ता, यशपाल मेंदीरत्ता, अश्वनी आजाद, नवनीत मेंदीरत्ता, तुलसी दुआ, मास्टर व्यास, मंथन, समीर धमीजा, कपिल मेंदीरत्ता, दीपक गेरा एडवोकेट, अरविन्द नासवा, रोहित मेंदीरत्ता, शैलेन्द्र गेरा व राम गेरा सभी ने पहले हनुमान जी के सामने माथा टेककर उनसे आर्शीवाद लिया। इसके पश्चात नारियल तोड़कर शोभा यात्रा को रवाना किया।

शोभा यात्रा में शामिल सुन्दर सुन्दर झांकियों ने सभी का मन मोह लिया और हर जगह भक्तों ने फूल मालाओं से इसका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज ने कहा कि पवनपुत्र हनुमान कहें या मारुति नंदन, संकटमोचन हनुमान हर किसी परिस्थिति में अपने भक्तों के संकट हर लेते हैं। विधायक श्रीमति सीमा त्रिखा ने कहा कि संकट मोचन के नाम से प्रसिद्ध भगवान हनुमान जी सबसे लोकप्रिय अवतार रहे है. भगवान शिव के वरदान की वजह से उन्हें भगवान के रूप में पूजा जाता है। भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा ने कहा कि हनुमान जी बल, बुद्धि, युक्ति, ज्ञान में सबसे अव्वल थे। हनुमान जी ने कई राक्षषों का वध कर उनके आतंक से कई ग्राम वासियों को भय मुक्त किया. भगवान सूर्यदेव का अहंकार तोडने् के लिए उन्होंने फल समझकर उनको अपने अपने पेट में धारण कर लिया और भगवान शिव के आग्रह करने पर सूर्यदेव को मुक्त किया।

# महिला आयोग ने एक साल में निपटाए 1700 केस

## चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बताया एक साल के कार्य का लेखाजोखा रखा

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद


पत्रकारवर्ता में अपने कार्यो की जानकारी देती महिला आयोग की चेयरपर्सन।

**महिला** आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने अपने कार्यालय पर पत्रकारों के साथ चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन कर अपने एक साल के कार्यकाल की रिपोर्ट बुक प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि एक साल के दौरान उनके पास आय 2246 मामलों में से 17 सौ से ज्यादा मामले निपटाए गए जबकि बाकी के बचे केस कोर्ट के अंदर पेंडिंग चल रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि इस एक साल के दौरान उन्होंने 17 जिलों में वन स्टॉप सेंटर और ह्यूमन ट्रैफिकिंग का काम किया और पूरे प्रदेश में जागरूकता को लेकर 75 कार्यक्रम आयोजित किए।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि वह भगवान की शुक्रगुजार है कि उन्हें सरकार द्वारा उनका मनपसंद विभाग महिला आयोग दिया गया जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री समेत तमाम दिग्गज नेताओं और संगठन का धन्यवाद करती हैं। जिनकी वजह से उन्हें महिला आयोग की चेयरपर्सन के नाते सेवा करने का और काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष उन्होंने सफलतापूर्वक पूरा किया है। जिसमें सरकार संगठन और पुलिस महकमे का पूरा सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि पिछले 1 वर्ष में उन्होंने आयोग की टीम के साथ जागरूकता को लेकर 75 कार्यक्रम आयोजित किए। जो पूरे देश में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि इस दौरान उन्होंने 10 यूनिवर्सिटी में विजिट किया और 17 जिलों में वन स्टॉप सेंटर और हुमन ट्रैफकिंग को लेकर जागरूकता अभियान चलाया और इसके अलावा 17 जिलों में जाकर विभिन्न केसों की सुनवाई की।

अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए महिला आयोग की चेयरपर्सन ने दावा किया कि प्रदेश में अपराध का ग्राफ नीचे गिरा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में हमने 75 कार्यक्रम किए और वर्ष 2023 में 100 कार्यक्रम करने का हमने टारगेट रखा है जिसके तहत स्कूल कॉलेजों में जाकर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। साइबर क्राइम के मामले अधिक सामने आए हैं जिनका निपटारा तो हुआ लेकिन जड़ कहां से निकली उसे पकड़ना जरूरी था।

# किसानों के लिए सरकार ने खोला एमएफएमबी पोर्टल

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में हरियाणा सरकार ने किसान हित में मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण कराने से वंचित रहे किसानों के लिए पोर्टल को पुन: खोलने का फैसला लिया है।

पोर्टल पर पंजीकृत होने के बाद ये किसान अब क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी फसल में हुए नुकसान का ब्यौरा भर सकते हैं। डीसी ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के वित्तायुक्त टीवीएसएन प्रसाद की वीडियो कॉन्फ्रेंस उपरांत संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बेमौसम बरसात तथा ओलावृष्टि के कारण प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में फसलों को नुकसान हुआ है, जिसके लिए हरियाणा सरकार किसानों को मुआवजा देगी। इसके लिए सरकार ने स्पेशल गिरदावरी के आदेश दिए हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल नुकसान वाले गांवों के लिए खोल दिया गया है।

# एनसीईआरटी की जगह प्रकाशकों की किताबें लगाने का आरोप

## बच्चों के अभिभावकों ने मुख्यमंत्री से की कार्रवाई की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नए** शिक्षा सत्र में प्राइवेट स्कूल संचालकों द्वारा एनसीईआरटी की किताबों की जगह जबरन खरीदवाई जा रही प्राइवेट प्रकाशकों की किताबों से अभिभावक काफी परेशान हैं। अभिभावक स्कूलों की इस मनमानी की शिकायत चेयरमैन एफएफआरसी कम मंडल कमिश्नर फरीदाबाद व जिला शिक्षा अधिकारी से कई बार कर चुके हैं लेकिन यह अधिकारी प्राइवेट स्कूल संचालकों पर कोई भी उचित कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। अभिभावकों ने अब सीएम विंडो की माध्यम से मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर दोषी स्कूलों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

अभिभावक नवीन सूद ने कहा है कि शिक्षा निदेशक पंचकूला हरियाणा ने जिला शिक्षा अधिकारी को कई पत्र भेजकर आदेश दिया है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी प्राइवेट स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें ही लगाई जायें जो स्कूल संचालक उनकी जगह प्राइवेट प्रकाशकों की किताबें अपने स्कूल में लगाता है और उन्हें खरीदने के लिए पेरेंट्स पर दबाव डालता है। उनके नाम उचित कार्रवाई हेतु शिक्षा निदेशक कार्यालय को भेजे जाएं। लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी ना तो बुक्सेलर की दुकानों में और ना स्कूलों के अंदर जाकर बच्चों के बस्ते की जांच कर रही हैं। उन्होंने एक से दो छोटे स्कूल में जाकर खानापूर्ति कर ली है। नामी गिरामी स्कूलों में जाने पर उनको डर लगता है। सीएम फ्लाइंग ने एक से दो बुक सेलर पर छापा मारकर एनसीईआरटी की नकली किताबों की तो जांच की है पर बुक सेलर प्राइवेट प्रकाशकों की महंगी और गैरजरूरी किताबें बेच रहा है उनको सीएम फ्लाइंग ने ने नहीं देखा है। ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन आईपा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट बीएस विरदी ने कहा है कि प्राथमिक कक्षाओं एलकेजी यूकेजी एक दो क्लास की किताब कॉपी का सेट पांच से सात रुपये में बेचा जा रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## रविंद्र फागना ने वाईसीए को 82 रन से हराया



जीत की ट्राफी के संग रविन्द्र फागना क्रिकेट टीम के सदस्य व कोच

**फरीदाबाद।** प्रथम गुलिया क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट 2022-23 का गुलिया क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड झज्जर पर खेला गया। यह फाइनल मैच रविंदर फागना क्रिकेट अकैडमी और वाईसीए शाहाबाद के बीच खेला गया। इस मैच मे रविंदर फागना ने वाईसीए शाहाबाद को 82 रन से शिकस्त दी। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया यह मैच 45 ओवर का था। रविंदर फागना ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। रविंदर फागना ने पहले बैटिंग करते हुए 45 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 316 रन का लक्ष्य दिया। रविंदर फागना की ओर से बल्लेबाजी करते हुए रिजवान खान ने 92 गेंदों पर 13 चौकों और 16 छक्कों की मदद से सर्वाधिक रन 181 रन बनाए इसके इलावा तन्मय बलोदा ने 41 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 33 रन, प्राणशु सोरोत ने 20 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 18 रन बनाए। वाई सी ए शाहाबाद की ओर से गेंदबाजी करते हुए सुप्रीत खोला ने 9 ओवर में 1 मैडेन 41 रन, देकर 3 विकेट, सुमित ठाकुर ने 9 ओवर में 2 मैडेन 46 रन, देकर जशनदीप और आदित्य लड्डू ने 1/1 विकेट हासिल किये। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए वाई सी ए शाहाबाद ने 34.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 234 रन बनाकर ढेर हो गई। वाई सी ए जूनियर्स शाहाबाद की ओर से बल्लेबाजी करते हुए शेखर राणा ने 52 गेंदों पर 7 चौको और 7 छक्कों की मदद से 89 रन, सुमित ठाकुर ने 26 गेंदों पर 3 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 36 रन, जशनदीप ने 33 गेंदों पर 3 चोक्को की मदद से 26 रन बनाए बनाए। रविंदर फागना जूनियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए ऋषभ कुमार ने 7.3 ओवर में 53 रन देकर 4 विकेट, मोहम्मद शानिब ने 5 ओवर 46 रन देकर 3 विकेट, प्रियांशु चौधरी ने 5 ओवर में 39 रन देकर 2 विकेट, आशीष बांबी ने 1 विकेट हासिल किया। इस फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच रिजवान खान को घोषित किया गया। बेस्ट बैट्स्मेन ऑफ टूर्नामेंट समीर खान को दिया गया।

## ईएसआईसी में जल्द बनाई जाएगी न्यूरोलॉजी लैब



ईएसआइसी मेडिकल कॉलेज की इमारत।

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में अब विश्वस्तरीय न्यूरोलॉजी प्रयोगशाला बनाने की योजना तैयार की गई है। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. अनिल पांडे ने बताया कि ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अत्याधुनिक न्यूरोलॉजी लैब बनाई जाएगी। इस पर काम शुरू कर दिया गया है। इस लैब में ब्रेन स्ट्रोक, पैरालिसिस समेत नसों की गंभीर बीमारियों का बेहतर इलाज किया जा सकेगा। इसके टेंडर जारी कर योजना पर काम शुरु कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक एनएच तीन स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से जिले के करीब 6.5 लाख कार्ड धारक जुड़े है। इसके अलावा यहां गुरुग्राम, पलवल, होडल, हथीन, पानीपत, रेवाड़ी, यमुनानगर आदि जिलों से भी रोजाना करीब 4000 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। पिछले दिनों उच्च अधिकारियों के दौरे के बाद से अस्पताल में विश्व स्तरीय सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। निजी अस्पतालों की तर्ज पर अस्पताल में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं जैसे कैंसर मरीजों का इलाज, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी समेत इलाज की कई अत्याधुनिक सुविधाएं शुरू कर दी गई हैं। अस्पताल में न्यूरोलॉजी लैब की अत्याधुनिक सुविधाएं नहीं होने के कारण अभी मरीजों को निजी अस्पताल रेफर किया जाता है। हालांकि, इसका भुगतान ईएसआईसी द्वारा किया जाता है। इलाज के दौरान मरीजों को दो अस्पतालों के बीच चक्कर काटने पड़ते हैं। वहीं दूसरी ओर न्यूरो सर्जरी विभाग में अलग से स्ट्रोक यूनिट बनी हुई है। इस यूनिट में लकवा और अन्य रोगियों को भर्ती किया जाता है।

**लैब की खासियत:** अस्पताल में बनने वाली न्यूरो इंटरवेंशन लैब देश में सबसे आधुनिक लैब होगी। यह कैथ लैब की तर्ज पर न्यूरो कैथ लैब होगी, जिसमें करीब आठ बेड का आईसीयू होगा। इसमें ब्रेन और गर्दन की नसों की एंजियोग्राफी और इलाज हो सकेगा। इसी प्रकार लकवा रोगी की नसों में कैथेटर से सीधे थक्के वाले स्थान पर दवा पहुंचाई जा सकेगी। गर्दन की नसों में सिकुड़न आने पर एंजियोग्राफी कर उसे दूर किया जा सकेगा।

## साइबर क्राइम के तीन मामलों में लाखों रुपये ठगे

**फरीदाबाद।** इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर क्राइम के मामले भी बढ़ते जा रहे है। साइबर ठगों ने एक व्यक्ति ने अश्लील संदेश भेजने का आरोप लगाते हुए धमकी देकर करीब डेढ़ लाख रुपये ठग लिए। इस तरह साइबर क्राइम के अन्य दो मामलों में भी लाखों रुपये की ठगी की वारदातों को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने तीनों मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बल्लभगढ़ निवासी एक युवक ने अपनी शिकायत में कहा है कि जुलाई-2022 में उसके मोबाइल फोन पर किसी अंजान नंबर से निशा शर्मा नामक महिला का एक व्हाट्सएप मैसेज आया। मैसेज पर क्लिक करने के दौरान उसे एक न्यूड वीडियो दिखने लगी। कुछ देर बाद मैसेज करने वाला शख्स फोन करने लगा और न्यूड फोटो को वायरल करने व पुलिस में देने की धमकी देने लगा। उसके पास राकेश अग्रवाल नामक एक व्यक्ति का भी फोन कर खुद को आईपीएस बता रहा था। आरोपियों ने उससे डारा-धमका कर करीब 1.50 लाख रुपये ऐंठ लिए। साइबर थाना बल्लभगढ़ मामले की जांच कर रही है। इसी तरह ट्रांसपोर्टर सिद्धार्थ शर्मा ने बताया है कि उन्होंने हप्पे ऑनलाइन वर्चुअल पोर्टल की सेवा ले रखी है। इससे वह अपने चालकों के कार्ड में पैसे ट्रांसफर करते हैं। दस जनवरी को किसी ने उनके हप्पे पोर्टल के अकांउट के हैककर खाते से करीब 5.10 लाख रुपये निकाल लिए। एक अन्य मामलों में आदर्श नगर निवासी धर्मेश चतुर्वेदी ने बताया कि उन्होंने बीते दिनों फेसबुक पर एक बाइक की फोटो देखी थी। किसी ने बाइक को बेचने के लिए फेसबुक पर उसकी फोटो पोस्ट की थी। उसने विज्ञापन को देखकर बाइक खरीदने की इच्छा जाहिर की। इसके ऑनलाइन ही चैट पर बाइक मालिक से बात हुई। आरोप है कि बाइक मालिक ने उसे झांसा देकर खाते में करीब 63 हजार रुपये जमा करा लिए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

## बागवानी में स्टैकिंग विधि से करें दोगुनी आमदनी

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सब्जियों में बांस स्टैकिंग व लौह स्टैकिंग करने के लिए 50 से 85 प्रतिशत तक अनुदान राशि दे रही है। वहीं किसान बागवानी में 'स्टैकिंग विधि' का प्रयोग करके अपनी दोगुनी आमदनी कर रहे हैं। डीसी विक्रम सिंह ने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि बागवानी में 'स्टैकिंग विधि' को प्रयोग कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक युग मो खेती में नई-नई तकनीकों का आविष्कार किया जा रहा है, जहां सब्जियों की खेती में 'स्टैंकिंग' ऐसी विधि है, जिसे अपनाकर किसान अच्छा लाभ कमा सकते हैं। डीसी विक्रम ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सब्जियों में बांस स्टैकिंग व लोहे स्टैकिंग को प्रयोग करने के लिए सामान्य श्रेणी के किसानों को 50 प्रतिशत व एससी श्रेणी के किसान को 85 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 6 अप्रैल, 2023



# भारतीय अर्थव्यवस्था

## अच्छे संकेत

**भारतीय अर्थव्यवस्था** मजबूत बनी हुई है, हालांकि कुछ मुद्दों पर तत्काल निर्णय की आवश्यकता है। विश्व बैंक का आंकलन है कि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में वृद्धि दर थोड़ी धीमी होने के संकेतों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहेगी। इससे देश की आर्थिक नीति निर्धारकों व नीतिगत निर्णय लेने वालों का उत्साह बढ़ गया है। हालांकि, विश्व बैंक ने वर्तमान वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि का अनुमान पिछले दिसंबर में निर्धारित 6.6 प्रतिशत से घटा कर 6.3 प्रतिशत कर दिया है, लेकिन उसने यह भी कहा है कि 'भारत अब भी दुनिया की सबसे तेज वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में शामिल रहेगा।' वृद्धि दर में थोड़ी सुस्ती उपभोग वृद्धि में सुस्ती तथा कठोर अंतरराष्ट्रीय स्थितियों के कारण है। इससे स्पष्ट है कि भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन की यह आशंका निर्मूल सिद्ध हुई है कि वृद्धि दर धीमी हो रही है। पिछले महीने उन्होंने कहा था कि वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 'खतरनाक रूप से हिंदू वृद्धि दर के निकट पहुंच गई है।' यह सच है कि निकट अतीत में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर थोड़ी घटी है, पर इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि चीजें इतनी खराब नहीं है जितनी उनको आशंका थी। कोविड वैश्विक महामारी और उसके कारण लागू लाकडाउन ने सप्लाई श्रृंखलाओं को विकलांग बनाया जिसके परिणामस्वरूप असाधारण बाधाएं आईं व घाटा हुआ। जब अर्थव्यवस्था तेजी से सुधार की ओर बढ़ रही थी तभी रूस-यूक्रेन युद्ध ने और समस्यायें खड़ी कर दीं। लेकिन इसके



बावजूद अर्थव्यवस्था सुधर रही है। भारत में विश्व बैंक के कंट्री-डाइरेक्टर आगस्टे टानो कुआमो ने एक खबरिया चैनल को बताया कि यदि भारत 2030 तक मध्य-आयवर्ग तथा 2047 तक विकसित देश बनना चाहता हो तो उसे कम से कम 8 प्रतिशत की वृद्धि दर प्राप्त करनी होगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए व्यापक सुधारों की जरूरत है।

अच्छी खबर है कि अनेक सुधार पहले ही किए जा चुके हैं जिसके चलते राजकोषीय स्थिति भले ही आदर्श न हो पर वह नियंत्रण में है। जीएसटी क्रियान्वयन के शानदार नतीजे आए हैं, प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़ रहा है तथा पिछले वित्त वर्ष में यह संशोधित अनुमानों से अधिक रहा है। इसके साथ ही ढांचागत विकास अभूतपूर्व गति से बढ़ रहा है, कल्याणकारी कार्यक्रमों को अत्यधिक गतिशील बनाया गया है और इनमें तकनीक लागू कर अयोग्य लाभार्थियों को बाहर निकाला जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि सरकार को अब सभी उदारीकरण उपायों में सर्वोच्च कदम, निजीकरण से डर नहीं लगता है। हालांकि, विश्व बैंक ने उचित ही विनिर्माण जैसी कुछ कमजोरियों की ओर संकेत किया है, लेकिन यहां भी कुछ अच्छे संकेत दिख रहे हैं। उदाहरणार्थ, 'एसएंडपी ग्लोबल इंडिया मैन्यूफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स सूचकांक'-पीएमआई ने मार्च में तीन महीने की सर्वाधिक वृद्धि दर दिखाई है। फरवरी में सूचकांक 55.3 था जो मार्च में बढ़ कर 56.4 हो गया। अर्थव्यवस्था में क्षमता संवर्धन का संकेत देने वाली पूंजीगत वस्तुओं में भी अप्रैल 2022-जनवरी 2023 कालखंड में 13.6 प्रतिशत वृद्धि हुई है। 2021-22 के इसी कालखंड में इसका उच्च आधार 21.3 था। हालांकि, अभी यह कहना उचित नहीं होगा कि कोई औद्योगिक क्रांति होने वाली है, पर विनिर्माण में तेज वृद्धि की संभावना बनी हुई है। लेकिन मुख्यत: राजनीतिक क्षेत्र से कुछ चिन्तायें बनी हुई हैं। कुछ राजनेता अपना आकर्षण बढ़ाने के लिए लोकरंजकता व 'खैरातों' को आधार बनाते हैं जिसका प्रभाव अपरिहार्य रूप से सरकारी खजाने पर पड़ता है। इसके साथ ही अभी समुचित निवेश आकर्षित करने का मामला भी है। कुल मिला कर कहें तो आलोचकों की आशंकायें निर्मूल साबित हुई हैं तथा अर्थव्यवस्था तेजी से प्रगति की ओर बढ़ रही है।

# विधि-निर्माताओं की अयोग्यता प्रक्रिया

विधि-निर्माताओं को अयोग्य ठहराने की प्रक्रिया थोड़ी जटिल जरूर है, पर यह विरोधाभासी नहीं है। संविधान व परंपरायें इसके उचित निर्देश देती हैं।



**देवेंद्र सिंह असवाल**
(लेखक, सेवानिवृत्त अतिरिक्त सचिव हैं)



**सवाल** है कि किसी अदालत द्वारा दोषसिद्ध व दो साल या उससे अधिक की सजा प्राप्त संसद सदस्य को क्या राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 102 व 103 के अनुसार अयोग्य ठहराया जा सकता है। जहां तक राज्य विधायिका के सदस्य को अयोग्य ठहराने का सवाल है, ये प्राविधान अनुच्छेद 191 व 192 में वर्णित हैं। वर्तमान समय में संविधान में प्रयुक्त शब्दों की संकुचित या गलत व्याख्या की जा रही है। इसके अनुसार यदि किसी व्यक्ति को अनुच्छेद 102-1 में वर्णित अयोग्यताओं के अंतर्गत पाया जाता है तो 'ऐसे व्यक्ति को संसद के किसी सदन के अयोग्य घोषित किया जाएगा।' इसके साथ यह भी कहा जा रहा है कि अयोग्यता का निर्णय राष्ट्रपति लेगा, उसका निर्णय अंतिम होगा तथा वह अपनी राय बनाने के लिए निर्वाचन आयोग-ईसी की सलाह प्राप्त करेगा। यह तर्क पूर्णत: गलत है क्योंकि यह संविधान, कानून, न्यायिक आदेशों तथा सुस्थापित संसदीय व्यवहार के विपरीत है। 'अयोग्य ठहराया जाना चाहिए' शब्दों को समुचित ढंग से देखने के बजाय सतही तौर पर देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि किसी अयोग्यताओं के अंतर्गत आने वाले सांसद को राष्ट्रपति के निर्णय से ही अयोग्य ठहराया जा सकता है। यदि सवाल उठता है कि कोई सदस्य अनुच्छेद 102-1 के अंतर्गत अयोग्य है या नहीं, तो यह सवाल राष्ट्रपति के निर्णय के लिए भेजा जाना चाहिए जो अपना अंतिम निर्णय ईसी द्वारा व्यक्त राय के आधार पर लेगा। उल्लेखनीय है कि अनुच्छेद 103 में 'यदि कोई सवाल उठता है' शब्दों का प्रयोग हुआ है, जबकि अनुच्छेद 102-1 अयोग्यताओं का वर्णन करता है।

अनुच्छेद 102-1 में वर्णित आधार तीन श्रेणियों में आते हैं। पहला, 'खराब मानसिक स्थिति', 'दीवालिया वाली स्थिति से बाहर न आना' तथा भारतीय नागरिकता की समाप्ति। अब तक कोई रिकार्ड नहीं है कि इन आधारों पर किसी सदस्य को अयोग्य ठहराया गया है। लेकिन अनुच्छेद से स्पष्ट है कि संबंधित सदन इन अयोग्यताओं पर सदस्य को अयोग्य ठहरा सकता है। दूसरा, यदि राष्ट्रपति को कोई याचिका किसी सदस्य द्वारा लाभ का पद धारण करने संबंधी प्राप्त होती है तो राष्ट्रपति को इस संबंध में याचिका ईसी के पास राय लेने के लिए भेजनी होगी। राष्ट्रपति ने 14 जुलाई, 2004 से जया बच्चन को एक याचिका के आधार पर अयोग्य ठहराया था कि उनको उत्तर प्रदेश सरकार के अंतर्गत लाभ का पद प्राप्त है। उनकी अयोग्यता के बाद अनेक याचिकायें सोनिया गांधी के खिलाफ भी दी गई थीं जो राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की अध्यक्ष थीं। संभावित राजनीतिक उथलपुथल से बचने के लिए संसद अयोग्यता निवारण कानून, 1959 में 2006 में पूर्वगामी प्रभाव से संशोधन किया गया था जो 4 अप्रैल, 1959 से लागू माना गया था। इसके परिणामस्वरूप जया और सोनिया गांधी की सदस्यता बच गई थी और संबंधित याचिकाओं को खारिज किया गया था। इसके उलट जब किसी सदस्य को अदालत द्वारा अयोग्य ठहराया जाता है तो वह निर्णय की तिथि से अयोग्य हो जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2001 में शिबू सोरेन को लाभ का पद होने के आधार पर अयोग्य ठहराया गया था। वे राज्यसभा के सदस्य थे और अदालत का फैसला आने के बाद उनको राज्यसभा सचिवालय ने अयोग्य ठहराते हुए इस प्रभाव की अधिसूचना जारी कर दी थी।

अदालत द्वारा एक बार अयोग्य ठहराने के बाद मामला ईसी को भेजना का कोई सवाल या औचित्य नहीं है क्योंकि अयोग्यता का सवाल न्यायिक आदेश से तय हो जाता है। तीसरा, अध्यक्ष किसी सदस्य को दसवीं अनुसूची के अंतर्गत पालाबदल के कारण अयोग्य ठहरा सकते हैं। दसवीं अनुसूची के अंतर्गत अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होता है, हालांकि इसकी न्यायिक समीक्षा हो सकती है। पालाबदल के आरोप को राष्ट्रपति या ईसी के पास नहीं भेजा जाता है।

एक अन्य श्रेणी के अंतर्गत भी सदस्य को सदन से बिना किसी बाहरी संस्था या अधिकारी को संदर्भित किए निकाला जा सकता है। संसद के संबंध में अनुच्छेद 101 तथा राज्य विधायिका के संबंध में अनुच्छे 190 परिभाषित करता है कि यदि कोई सदस्य सदन से बिना सदन की अनुमति के लगातार 60 दिन अनुपस्थित रहता है तो उसकी सीट को खाली घोषित किया जा सकता है। आमतौर से इस प्रकार का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री की ओर से पेश किया जाता है और सदन द्वारा स्वीकार करने के बाद सीट खाली घोषित की जाती है। अप्रैल, 1950 में अस्थाई संसद के तीन सदस्यों, 1956 में लोकसभा सदस्य एस.एन. महापात्रा तथा दिसंबर, 2000 में राज्यसभा सदस्य बलजिंदर सिंह हमदर्द को अनुच्छेद 101-4 के अंतर्गत निकाला गया था। किसी सदस्य को अशोभनीय आचरण के लिए भी सदन से निकाला जा सकता है। 1951 में एच.जी. मुद्गल तथा 2005 में लोकसभा के 10 व राज्यसभा के एक सदस्य को संबंधित सदनों द्वारा 'सवाल के लिए नकद' के आरोप में निकाला गया था क्योंकि इसे विधायिका के लिए अशोभनीय आचरण माना गया था। इन निष्कासनों को सर्वोच्च न्यायालय ने राजा राम पाल बनाम अध्यक्ष लोकसभा, 2007 में सर्वोच्च न्यायालय ने उचित ठहराया था। इनमें से किसी भी मामले को राष्ट्रपति के पास स्वीकृति के लिए नहीं भेजा गया था क्योंकि विधायिका स्वयं ऐसा करने में सक्षम है। लोक प्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 10ए के अंतर्गत निर्वाचन आयोग किसी निर्वाचित सदस्य को अयोग्य ठहरा सकता है यदि वह चुनाव खर्च का विवरण देने में विफल रहता है।

जुलाई, 1991 में राज्यसभा के एक सदस्य को ईसी ने अयोग्य ठहराया था और राज्यसभा सचिवालय ने अयोग्यता की अधिघोषणा जारी की थी। यह मामला भी राष्ट्रपति के पास नहीं भेजा गया था। अनुच्छेद 102-1ई के संदर्भ में दलबदल-विरोधी कानून के अंतर्गत निर्णय अध्यक्ष-पीठासीन अधिकारी लेता है। वह सदस्य को अयोग्य ठहरा सकता है। इसके अलावा कोई अदालत किसी अन्य कानून के अंतर्गत भी अयोग्य ठहरा सकती है। लिली थामस मामले, 2013 में सर्वोच्च न्यायालय ने विधिक स्थिति स्पष्ट की थी। इसके अनुसार दो साल या उससे अधिक सजा पर स्वत: ही अयोग्यता निर्धारित हो जाती है क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने लोक प्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 8-4 को असंवैधानिक बता कर खारिज कर दिया था। बिल्कुल शुरुआती मामला राज्यसभा सदस्य रशीद मसूद का है जिनकी सदस्यता 2013 में एक भ्रष्टाचार मामले में सजा के बाद समाप्त हो गई थी। सजा मिलने तथा दो साल से अधिक कैद की सजा के बाद लालू प्रसाद यादव व जगदीश शर्मा की लोकसभा सदस्यता भी समाप्त हो गई थी।

किसी भी सदन से राष्ट्रपति या ईसी को मामला नहीं भेजा गया क्योंकि यह अयोग्यता अदालती फैसले के कारण हुई थी। लोकसभा सचिवालय ने एक अधिघोषणा जारी कर ईसी समेत सभी हितधारकों को सूचित किया कि ऐसी अयोग्यता के कारण सीट खाली हो गई है। इस प्रकार सदन अदालत द्वारा अयोग्य ठहराए सदस्य की अयोग्यता तिथि में कोई परिवर्तन नहीं कर सकता है। अयोग्यता का मामला न्यायिक रूप से तय हो जाने के बाद विधायिका उसमें विलंब नहीं कर सकती है या उसे रोक नहीं सकती है। ऐसा अपवादस्वरूप उसी स्थिति में हो सकता है, जब वर्तमान कानून में संशोधन करने वाला नया कानून पास हो जाए। सचिवालय केवल सीट खाली होने की अधिघोषणा जारी कर सकता है ताकि ईसी यह खाली स्थान भरने के कदम उठा सके। लेकिन यदि अपीलीय अदालत सजा पर स्थगनादेश दे देती है तो सदस्य की अयोग्यता रद्द हो जाएगी जैसा कि 2018 में लोक प्रहरी मामले में हुआ था। ऐसी स्थिति में विधायिका सचिवालय का दायित्व होगा कि वह समान गति और सतर्कता से अपीलीय अदालत द्वारा सजा के खिलाफ स्थगनादेश देने पर सदस्यता पुन: बहाल करे।

# सियासी लोगों को आम नागरिक से ऊपर मानने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

"अदालत से यह अपेक्षा करना कि वह राजनीतिक लोगों को न्याय के अलग तराजू में तौले, दरअसल व्यवस्था का मजाक बनाने की कुचेष्टा ही थी"

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



**मुख्य** न्यायधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ व जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने कांग्रेस की अगुवाई में 14 राजनीतिक दलों द्वारा दायर उस याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया जिसमें इन दलों ने मांग की थी कि सीबीआई व ईडी सहित अन्य केंद्रीय एजेंसियों को विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफभविष्य में मनमाने ढंग से एक्शन लेने से रोकने के लिए दिशा निर्देश जारी किए जाएं। याचिका को सुनने से इंकार करना तो एक बात है लेकिन ऐसा करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणी की वह अलग और कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण व दूरगामी महत्व की बात है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक दलों के लोगों को देश के आम नागरिक से एक पायदान ऊपर रखते हुए उन्हें न्यायिक व्यवस्था के तहत न तो विशेष ट्रीटमेंट दिया जा सकता है और न ही गिरफ्तारी से संरक्षण। कोर्ट के इस रवैये को देखकर राजनीतिक दलों के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने याचिका को खारिज मानते हुए निस्तारित कर दिया। कांग्रेस की अगुवाई में 14 विपक्षी दलों को सुप्रीम कोर्ट ने जो झटका दिया है वह जहां एक ओर जनसाधारण का विश्वास न्यायपालिका में बनाए रखने वाला है वहीं दूसरी ओर राजनीतिक दलों को झकझोरने वाला है जो अपने लिए एक अलग न्यायिक व्यवस्था लागू किए जाने के अभिलाषी थे।

गौरतलब है कि गत 24 मार्च को देश के 14 विपक्षी दल-कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय जनता दल, भारत राष्ट्र समिति, समाजवादी पार्टी, शिवसेना उद्धव, नेशनल कांफ्रेंस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, डीएमके व वामदल- ने याचिका दायर कर सुप्रीम कोर्ट से गुहार की थी कि वह केंद्रीय एजेंसियों को विपक्षी नेताओं के खिलाफ मनमाने ढंग से काम करने से रोकने के लिए दिशा निर्देश जारी करे। सुप्रीम कोर्ट ने इन विपक्षी दलों की आशाओं पर तुषारापात



करते हुए पांच अप्रैल को कहा एजेंसियों के पर सामान्य तौर पर किसी तरह की पाबंदी लगाना अत्यंत खतरनाक होगा। अलबत्ता किसी व्यक्ति का कोई निजी आपराधिक मामला या मामले हों तो वह अदालत अवश्य आ सकता है। मेरिट के आधार पर उसका मामला तत्काल सुना जाएगा। याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का रवैया संतुलित और किसी तरह के आक्षेप से परे ही माना जाएगा। ऐसे न जाने कितने मामले हैं जिनमे नेताओं अथवा अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट अथवा हाई कोर्ट से विभिन्न प्रकार से राहत प्रदान की गई है। हाल ही में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा को पीएम नरेंद्र मोदी पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी को लेकर दर्ज हुए केस के सिलसिले में दिल्ली में हवाई जहाज से उतार कर गिरफ्तार किया गया था तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन्हें गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया गया जो अब भी जारी है। जहां तक देश के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य का सवाल है तो पीएम नरेंद्र मोदी व भाजपा के विरोधी यह आरोप लगाते नहीं थकते कि केंद्र सरकार अपने विरोधियों के खिलाफ सीबीआई, ईडी व आयकर जैसी एजेंसियों का जमकर दुरुपयोग कर रही है। हो सकता है कि इन आरोपों में आंशिक सच्चाई भी हो तो भी ये एजेंसी किसी को फांसी पर नहीं चढ़ा सकतीं। आखिर अदालतें भी तो हैं। न्याय न होने की दशा में अदालत से इंसाफ की गुहार की जा सकती है।

ऐसा न करके अदालत से यह अपेक्षा करना कि वह राजनीतिक लोगों को न्याय के अलग तराजू में तौले दरअसल व्यवस्था का मजाक बनाने की कुचेष्टा ही थी। एजेंसी राज्य की हो अथवा केंद्र की। कोई भी सीना ठोक कर नहीं कह सकता कि कभी इनका दुरुपयोग न हुआ हो या भविष्य में नहीं होगा लेकिन इसका आशय यह नहीं कि एजेंसी के हाथ पैर बांध कर उसे पंगु बनाकर प्रभावहीन कर दिया जाए। अगर एजेंसी का दुरुपयोग अपवाद स्वरूप होता है तो सदुपयोग तो रोजमर्रा के कामकाज में दिखाई पड़ता है। आम आदमी पार्टी भी याचिका दायर करने वालों में शामिल है लेकिन क्या यह सच नहीं है कि कट्टर ईमानदार पार्टी होने का दावा करने वाली आप की दिल्ली सरकार के एक प्रबगवशाली पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन महीनों से जेल में है और अदालत उनको जमानत नहीं दे रही है। क्या यह भी सच नहीं है कि आबकारी घोटाले में दिल्ली सरकार के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसौदिया भी जैन की राह पर है और यह देखना दिलचस्प होगा कि उन्हें कब जमानत मिलती है। पक्ष विपक्ष के बीच सदुपयोग-दुरुपयोग के आरोप प्रत्यारोप न तो हाल फिलहाल जन्मे हैं और न ही राजनीतिक परिदृश्य कभी इनके बगैर होगा। इस मामले में यह खेमा हो या वह खेमा सब सुविधा की भाषा बोलते हैं और सुविधा का आचरण करते हैं। विपक्ष द्वारा शासित कई राज्यों ने सीबीआई को प्राप्त वह सुविधा वापस ले ली है जिसके तहत वह किसी राज्य में बिना पूर्व इजाजत के विवेचना कर सकती है। कतिपय राज्यों द्वारा सीबीआई से यह परमिशन वापस लेना क्या कहलाएगा सदुपयोग या दुरुपयोग? सच कहा जाए तो यह विशुद्ध प्रतिशोध है जो राज्य केंद्र के विरोध स्वरूप कर ले रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में सियासी दलों के लिए संदेश भी निहित है। राजनीतिक लड़ाई को राजनीति के मैदान में राजनीति के शास्त्रों से लड़ो और अगर कहीं इस लड़ाई का नतीजा अपने पक्ष में करने के लिए कानून का बेजा इस्तेमाल होता है तो फिर हस्तक्षेप कर अनुचित और अन्याय को उचित व न्याय में बदलने के लिए न्यायपालिका तो है ही। अतएव यह हर दृष्टि से स्वागत योग्य निर्णय है।

## आप की बात

### चीन की हरकत

**चीन** ने अरुणाचल के 11 गांव के नाम बदल दिए हैं। इससे पूर्व भी वह दो बार ऐसी हरकतें कर चुका है। यह भारत को उकसाने का प्रयास है! मगर आगामी विदेश मंत्रियों के सम्मेलन को देखते हुए भारत सरकार ने फ्लिहाल धैर्य पूर्वक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। लेकिन सच्चाई यह है कि यदि कोई देश दूसरे देश के गांव का नाम बदल देता है तो वह गांव उसके नहीं हो जाते हैं। यदि हम चीन का नाम बदलकर हिंदुस्तान कर दें तो क्या वह हमारा हो जाएगा? वर्तमान वैश्विक तनाव को देखते हुए और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण विश्व भर में भारत की अहमियत बढ़ी है और हर कोई भारत को अपने पाले में लाना चाह रहा है, मगर भारत अपनी तटस्थ विदेश नीति पर चलते हुए अपने देश के हित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य कर रहा है। जी-20 की अध्यक्षता मिलने के बाद उसके लिए जवाबदेहीं भी बढ़ी है। अत: चीन की इस घटिया हरकत को अधिक महत्व देने की जरूरत नहीं है। लेकिन चीन की ऐसी हरकतें बदलती विश्व परिस्थितियों में भारतीय राजनय के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। बढ़ती चीन-रूस दोस्ती, नाटो का विस्तार, पाकिस्तान के रूस से बढ़ते संबंध आदि भारतीय रक्षा एवं सुरक्षा के लिए भी कठोर चुनौतियां पेश कर रहे हैं। हमें इनसे निपटना होगा।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### मोदी-विरोधी शक्तियां

**वर्ष** 2014 से लगातार हमारे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को लगातार खराब करने का ठेका कुछ विपक्षी दलों ने भांति-भांति के लोगों को दे रखा है जो अपने-अपने तरीके से प्रधानमंत्री की छवि को खराब करते रहते हैं। आज उनका उद्देश्य है कि हम नरेंद्र मोदी की छवि को धूमिल करके रहेंगे। ऐसे लोगों का साथ आज न केवल भारत के अंदर बल्कि भारत के बाहर भी कुछ विदेशी ताकतें दे रही है। यह लोग चाहते हैं कि न केवल मोदी बल्कि मोदी नाम से ही लोग नफरत करने लगें। परंतु भारत के गरीब, मध्यमवर्ग, आदिवासी, दलित, पिछड़ा वर्ग समेत आज हर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक तरह से ढाल बनकर सुरक्षा कवच बना हुआ है जो हर तरह से उनके साथ है ऐसे में यह लोग काफी घबरा गए हैं। वे हर दिन नए-नए पैंतरे बदल कर मोदी को अपमानित करने के बहाने ढूंढ रहे हैं। मोदी ने कहा है कि वे इस मामले में किसी भी हद तक जा सकते हैं। लेकिन आज 21वीं सदी का भारत नई सोच, नए दृष्टिकोण के साथ काम कर रहा है। जनता आज मोदी के काम की सराहना कर रही है।

**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### विस्तारवादी नजरिया

**अरुणाचल** में 11 स्टेशनों के नाम बदलकर चीनी ड्रैगन ने एक बार फिर अपनी असलियत दिखा दी है। उनमें कुछ गाँव और पहाड़ की चोटियाँ हैं। अब तक चीन तीन बार नाम बदलने की कोशिश कर चुका है। चीन के विस्तारवादी कार्यक्रम के बारे में पूरी दुनिया जानती है। यहां तक कि चीन रूस के साथ मिलकर यूक्रेन को निगलने में रूस की मदद कर रहे हैं। लेकिन चीन और रुस का सीमा विवाद भी गंभीर हैं, भले ही ऐसा प्रत्यक्ष देखने को नहीं मिलता है। इसके साथ ही चीन का और 12 से 13 देशों के साथ सीमा विवाद है। इससे एक ही बात साफ होती है कि चीन द्वारा तिब्बत और ताइवान को निगलने के बाद उसका इरादा चीन भारतीय सीमा क्षेत्र में दखल बढ़ाना है। तिब्बत में बौद्ध धर्म और अरुणाचल में बौद्ध धर्म के चलते चीन अपना काम आसान मानता है। अरुणाचल के तवांग में बुद्ध विहार तिब्बत में ल्हासा के बाद सबसे बड़ा बुद्ध विहार है। चीन के मुताबिक ये दोनों प्रांत एक साथ होने चाहिए। चीन की इस सोच का पुरज़ोर विरोध करना चाहिए। चीन के विस्तारवाद पर समय रहते लगाम लगाना अत्यंत आवश्यक हैं। विस्तारवाद का विरोध सारी दुनिया को करना चाहिए।

**दत्ताप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

### पश्चिम बंगाल में दंगे

**जब** से बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार बनी है तब से लगातार हिंसा हो रही है। इसमें बड़ी संख्या में जानमाल का नुकसान हो रहा है। रामनवमी की शोभायात्रा पर हुगली जिले में भड़की हिंसा रुकने का नाम नही ले रही। मंच पर खड़े होकर सार्वजनिक रूप से उपद्रवियों को प्रोत्साहित करने वाली ममता बनर्जी को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीख लेनी चाहिए। उनको योगी से समझना चाहिए कि कैसे दंगो को रोका जाता है। योगी के मुख्यमंत्री बनने से पहले उत्तरप्रदेश में दंगा होना आम बात थी, त्यौहार पर उपद्रवियों द्वारा हिंसात्मक दंगा किया जाता था। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सूझबूझ व कठोर कार्यवाही के कारण यूपी पूर्णतया दंगा मुक्त हो गया गया। दंगा करने वाले उपद्रवी दंगा करने से पहले सौ बार सोचते हैं। एक समय था कि दंगा भड़काने वाले लोगों को सरकारों का समर्थन रहता था। पूर्व की सरकारों के कई बड़े नेता दंगा भड़काने में शामिल रहते थे। परन्तु योगी सरकार की नीति दंगे में हुए नुकसान की भरपाई दंगाइयों से वूसलना है। अब सरकारी व निजी संपत्ति को नुकसान लगभग बंद हो गया है। बाबा का बुलडोजर भी दंगाइयों के मन मे भय पैदा करता है। ममता को सबक सीखना चाहिए।

**ललित शंकर,** गाजियाबाद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले जाएंगे जेल

## सीएम ने विभिन्न पदों पर नव चयनित अभ्यर्थियों को वितरित किए नियुक्त पत्र

● सीएम योगी बोले, भर्तियों में पहले था भ्रष्टाचार, पारदर्शिता लाई हमारी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की पूर्ववर्ती सपा सरकार पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकार में पहले भर्तियों में भ्रष्टाचार इस कदर था कि जो योग्य नहीं था, वह आयोग का अध्यक्ष होता था। आज परीक्षा के पहले ही मुन्नाभाई जैसे सॉल्वर उठा लिए जाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले चयन आयोगों पर सवाल उठते थे, युवाओं को आंदोलन करना पड़ता था। चयन प्रक्रिया के पारदर्शी न होने की वजह से युवाओं को धरना-प्रदर्शन और आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ता था। भाई-भतीजावाद का बोलबाला था। पैसे का लेनदेन होता था। कुछ लोगों के घरों से सूची बन कर जाती थी। अब युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को जेल जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माना जाता है जिसने यूपी में कार्य किया वह देश में कहीं भी कार्य कर सकता है। उत्तर प्रदेश में शासन की नीतियों के आधार पर कार्य करना बड़ी जिम्मेदारी होती है। शासन की छवि कार्मिकों के आचरण से ही मजबूत होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी टीम ने केंद्र और राज्य के योजनाओं को धरातल पर शत प्रतिशत उतारने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हमने जब वर्ष 2017 मे शासन संभाला तब सरकारी पद खाली पड़े थे, एक लाख 64 हजार पुलिसकर्मी की भर्ती हुई। पीएसी की 54 कंपनियां खत्म कर दी गई थीं। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री के निर्देशन पर मिशन रोजगार की प्रक्रिया चल रही है। हमारे मुख्य सचिव पिछले 39 वर्षों से लगातार प्रशासनिक कार्य कर रहे हैं। इसी तरह कृषि उत्पादन आयुक्त भी 35 वर्ष से लगातार कार्य कर रहे हैं। ये हमारे प्रशासन के अधिकारी युवाओं के रोल मॉडल हैं, आप इनसे सीखिए, उन्होंने कहा कि व्यक्ति तभी आगे बढ़ पाता है जब उसके कार्य मे ईमानदारी हो। आपको भी एक लंबी दूरी तय करनी है। इसके लिए आपको भी ईमानदारी निष्ठा से कार्य करना होगा। आपको शासन जहां भेजे वहां पूरी निष्ठा से करना होगा। मेरी आप सभी से अपेक्षा है कि आप अपनी कार्य पद्धति से लोगों के सामने एक मानक तय करिए। जब आप पूरी निष्ठा, ईमानदारी से कार्य करेंगे तो आप भी एक लंबी सेवा उत्तर प्रदेश शासन की कर पाएंगे। शासन भी आपसे यही उम्मीद करता है, जिस पारदर्शिता, शुचितापूर्ण चयन प्रक्रिया से गुजरकर आप नियुक्त हुए हैं। यही ईमानदारी और निष्ठा आपके कार्य पद्धति सरकार के प्रति हो।

# यूनिसेफ इंडिया ने की योगी सरकार के प्रयासों की सराहना


● 87 प्रतिशत बच्चों को आयरन व फोलिक एसिड की मिल रहीं गोलियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बच्चों** और किशोरों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए पूरक आहार के तौर पर आयरन और फोलिक एसिड उपलब्ध कराने में आकांक्षी जनपद श्रावस्ती ने शानदार प्रदर्शन किया है। 8 माह पहले जहां महज 8 फीसदी बच्चे इस पूरक आहार का लाभ पा रहे थे, वहीं अब 87 प्रतिशत बच्चों को आयरन और फोलिक एसिड की गोलियां मिल रही हैं। योगी सरकार द्वारा आकांक्षी जनपद श्रावस्ती में किए गए इस प्रयास की यूनिसेफ ने भी सराहना की है। यूनिसेफ इंडिया ने अपने फेसबुक पेज पर योगी सरकार की इस उपलब्धि की जानकारी साझा करते स्कूलों, घरों, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और किशोरों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जारी कार्यों के बारे में भी बताया है। उल्लेखनीय है कि बच्चों और किशोरों को एनीमिया से बचाने के साप्ताहिक आयरनए फोलिक एसिड पूरक आहार के रूप में दिया जाता है। वर्ष 2020 में कोरोना संक्रमण के चलते लंबे समय तक स्कूल बंद रहे तो यह कार्यक्रम भी सिमट गया था। इसमें प्रगति मात्र एक प्रतिशत रह गई थी। जुलाई 2022 तक यूनीसेफ व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से प्रगति की स्थिति आठ प्रतिशत तक पहुंची थी। इसके बाद योजनाबद्ध ढंग से काम हुआ। यूनिसेफका सहयोग मिला और महज आठ माह स्थिति में चमत्कारिक बदलाव हुआ। आयरन व फेलिक एसिड सप्लीमेंट का साप्ताहिक वितरण 87 प्रतिशत तक पहुंच गया है। श्रावस्ती जनपद में 05 साल से 10 साल तक की आयुवर्ग के करीब 01 लाख 01 हजार बच्चे हैं। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत इन्हें पिंक गोली दी जाती है। 11 साल से 19 साल तक के बच्चों की संख्या 75 हजार 365 है।

# यूपी को जातीय वैमनस्यता की आग में झोंकने की साजिश कर रही सपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश को जातीय वैमनस्यता की आग में झोकने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि सपा को सिर्फ सत्ता और सिंहासन का लालच है। सपा दलितों, शोषितों, पीड़ितों, वंचितों, गरीबों की कभी हित-चिन्तक नही रही। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सत्ता की लालच में समाजवादी पार्टी किसी भी स्तर पर जा सकती है। सपा की ना तो कोई नीति है ना सिद्धांत, चुनाव नजदीक आते ही सपा को गठबंधन याद आने लगते हैं और फिर बाद में अपनी असफलताओं का ठीकरा दलितों, पिछड़ों, शोषितों और गरीबों पर मढ़कर उन्हें अपनी हार के लिए दोषी बताते हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी की हमेशा से देवी-देवताओं के खिलाफ बोलने और तुष्टिकरण को बढावा देने की रणनीति रही है। अब तो साबित हो गया है कि सुनियोजित साजिश के तहत सपा प्रमुख ने अपने सिपहसालार से पूज्य रामचरित मानस के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणियां करवायीं। उन्होंने कहा कि रामचरित मानस को लेकर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले अपने सिपहसालार के साथ मिलकर जिस तरह के नारे उन्होंने अपनी सभा में लगवाये उससे समाजवादी पार्टी का मूल चरित्र जनता के सामने आया है। उन्होंने कहा कि दलित, पिछड़े, शोषित, वंचित, युवाओं, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्ग के लोगों के मन से समाजवादी पार्टी के कुशासन का भय अभी भी निकला नहीं है। जनता जानती है कि सपा का एक मात्र उद्देश्य येन-केन प्रकारेण सत्ता हासिल कर जन-धन की लूट और घर-घराने में सत्ता की हिस्सेदारी भर है। लेकिन जनता समाजवादी पार्टी की समाज को बांटने और राज करने वाली सोच को कभी भी अपना समर्थन नही देगी। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की डबल इंजन वाली भाजपा सरकार लोककल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। आगामी नगरीय निकाय के चुनाव और फि र 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता भारतीय जनता पार्टी को अपना मत और आशीर्वाद देकर अभूतपूर्व सफ लता दिलाएगी।

## जातिवादी द्वेष व अनर्गल राजनीति करना सपा का स्वभाव



**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने समाजवादी पार्टी पर जोरदार प्रहार किया है। उन्होंने एक नारे को लेकर समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया कि सपा प्रमुख की मौजूदगी में 'मिले मुलायम-कांशीराम, हवा में उड़ गए जय श्रीराम' नारे को लेकर रामचरित मानस विवाद वाले सपा नेता पर मुकदमा होने की खबर आज सुर्खियों में है। वास्तव में यूपी के विकास व जनहित के बजाय जातिवादी द्वेष एवं अनर्गल मुद्दों की राजनीति करना सपा का स्वभाव रहा है। यह हकीकत लोगों के सामने बराबर आती रही है कि सन् 1993 में कांशीराम ने सपा.बसपा गठबंधन मिशनरी भावना के तहत बनाया था। किन्तु मुलायम सिंह यादव के गठबंधन का मुख्यमंत्री बनने के बावजूद उनकी नीयत पाक-साफ न होकर बसपा को बदनाम करने व दलित उत्पीड़न को जारी रखने की रही।

# ईको टूरिज्म से लाखों लोगों को मिलेगा रोजगार: वन मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**वन** एवं पर्यावरण मंत्री अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि ईको टूरिज्म से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ईको टूरिज्म की दिशा में काफी तीव्र गति से कार्य किया है। वन मंत्री डॉ. सक्सेना ने यह बात बुधवार कोवन मुख्यालय स्थित अरण्य भवन सभागार में उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान कही।

इस मौके पर मंत्री पर्यटन जयवीर सिंह, मंत्री वन अरूण कुमार सक्सेना, राज्यमंत्री वन केपी मलिक भी मौजूद थे। इस मौके पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कराये जा रहे 19 ईको टूरिज्म विकास योजनओं की समीक्षा की तथा कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को किये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष बल दिये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये। उन्होंने समय-समय परयोजनाओं का निरीक्षण किये जाने के लिए पर्यटन एवं वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। पर्यटन एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से इको टूरिज्म बोर्ड के गठन के पश्चात उत्तर प्रदेश के इन्दिरा गांधी स्मारक वानस्पतिक उद्यान रानीपुर टाइगर रिजर्व, काशी वन्य जीव प्रभाग, औरवटांड, कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व, लखीमपुर खीरी में दक्षिण खीरी वन प्रभाग के मोहम्मदी रेंज, शाकुम्भरी ईको टूरिज्म स्पाट, मोहण्ड रेंज ईको टूरिज्म स्पाट, हाथीनाला बायो डाइवर्सिटी पार्क, हैदरपुर वेट लैण्ड, छनपतर, पीलभीत टाईगर रिजर्व, समसपुर पक्षी विहार, सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग, सूरसरोवर पक्षी विहार, कीठम झील, रपड़ी वन क्षेत्र, गुर्मा रेंज स्थित सलखन फासिल्स पार्क, ढ़ढ़ौरा वाटर फाल, विजय सागर पक्षी विहार वन अभ्यरणों में विकास कार्य कराये जा रहे हैं।

मंत्री डा. सक्सेना द्वारा उक्त 19 योजनाओं को एक वर्ष के भीतर पूर्ण कर लिये जाने के सख्त निर्देश दिये। डा. सक्सेना ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर कराये जा रहे कार्यों के फलस्वरूप देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को स्तरीय पर्यटक सुविधायें प्राप्त हो सकेंगी और उनका पर्यटन अनुभव बेहतर हो सकेगा।

# जिलों में तैनात अफसर लोगों की शिकायतों पर गंभीरता से करें कार्रवाई

● मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन में बुधवार को प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जिलों में तैनात अधिकारी लोगों की फरियाद को गंभीरता से सुनें और उनकी शिकायतों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जनता दर्शन में आए लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इसमें रायबरेली, उन्नाव, बहराइच, सीतापुर कई अन्य जनपदों के लोग शामिल थे। सीएम ने भी पूरी गंभीरता से उनकी बातों को सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के आदेश दिए। जनता दर्शन में पहुंचे कई लोगों ने अपने इलाज को लेकर सीएम से सरकारी मदद की अपील की। सीएम योगी ने भी उन्हें तत्काल राहत के लिए आश्वस्त किया। वहीं कुछ लोग ऐसे भी थे जो जमीन पर कब्जे को लेकर अपनी फ रियाद लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह आपराधिक घटनाओं की शिकायत पर भी सीएम ने जिलाधिकारी को मामला संज्ञान में लेने और कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कुछ लोगों ने नियुक्ति से संबंधित समस्याओं को सीएम से साझा किया तो कुछ ने जिलों में अपनी शिकायतों पर अधिकारियों द्वारा सुनवाई न किए जाने की बात कही। इस पर सीएम योगी ने सख्त लहजे में कहा कि सभी जिलों में अधिकारी लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लें और तुरंत कार्यवाही करें। कुछ लोग ऐसे भी थे, जो परिजनों के गुम हो जाने की शिकायत लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सबकी बात सुनी। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि परेशान मत होइए हर मामले में प्रभावी कार्रवाई कराई जाएगी।

# पर्यटन मंत्री ने 'गुरुकृपा टूरिस्ट ट्रेन' को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि भारत गौरव ट्रेन आधारित 'गुरूकृपा टूरिस्ट ट्रेन' के संचालन से सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साथ यात्रियों को देश की गौरवशाली विरासत को जानने का अवसर प्राप्त होगा। इसके अलावा आपसी सौहार्द एवं समरसता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता का संदेश सभी भारतीयों को आपस में जोड़े रखता है। यही एकता हमारे देश को ताकत देती है। मंत्री जयवीर सिंह ने यह बात बुधवार को पुर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ जंक्शन स्टेशन से 'गुरूकृपा टूरिस्ट ट्रेन' को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए कही।

इस मौके पर मंत्री यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को संबोधित करते कहा कि यह ट्रेन लखनऊ, सीतापुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर तथा मुरादाबाद होते हुए अपने अगले गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय का गौरवशाली इतिहास है। इस समाज के लोगों ने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। इनके बलिदान एवं कुर्बानियों को स्मरण करते हुए गर्व की अनुभूति होती है।

पर्यटन मंत्री ने गुरूकृपा टूरिस्ट ट्रेन के संचालन के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से सिख समुदाय के लोग अपने विभिन्न तीर्थ स्थलों का दर्शन करते हुए भारत के गौरवशाली इतिहास की जानकारी के साथ ही प्राचीन धरोहरों को देख सकेंगे। इसके साथ ही समाजिक सदभाव की भावना को सुदृढ़ करते हुए अपने गुरूओं के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं आदर व्यक्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिख समुदाय के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उनका प्रयास रहता है कि इस बहादुर कौम को पूरा मान सम्मान देने के साथ ही राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए। श्री जयवीर सिंह ने सिख यात्रियों को मल्यार्पण कर उन्हें सुखद एवं सुरक्षित यात्रा के लिए बधाई दी। इस अवसर पर प्रदेश के राज्यमंत्री कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान बलदेव सिंह औलख ने अपने संबोधन में कहा कि यह ट्रेन खासतौर से सिख श्रद्धालुओं को विभिन्न गुरूद्वारों तथा आस्था के प्रमुख केन्द्रों का दर्शन करायेगी। इससे आपसी मेलजोल एवं भाईचारे को मजबूती मिलेगी। उन्होंने गुरूओं के पांच तख्तों की यात्रा शुरू कराने के लिए प्रधानमंत्री जी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस विशेष ट्रेन से लगभग 780 के आसपास लोग समूह में यात्रा कर रहे हैं। इससे सांस्कृतिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मण्डल रेल प्रबंधक लखनऊ आदित्य कुमार ने भारत गौरव ट्रेन आधारित गुरूकृपा टूरिस्ट ट्रेन को चलाये जाने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इण्डियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कारपोरेशन लि. के माध्यम से यह ट्रेन उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए शुरू की गई है। यह ट्रेन आज से शुरू होकर 15 अप्रैल 2023 तक अर्थात 10 रात्रि एवं 11 दिनों के लिए यात्रा संचालित की जायेगी।

# विधानभवन व पुरानी सरकारी इमारतों की बदलेगी सूरत

● योगी सरकार ने विधानभवन एवं सचिवालय परिसर के पुनर्विकास के लिए बजट में 50 करोड़ रुपए का किया प्रावधान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में विधान भवन, सचिवालय परिसर समेत कई अन्य सरकारी इमारतों को जल्दी नया रूप दिया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य संपत्ति विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए हैं। विधानभवन एवं सचिवालय परिसर के पुनर्विकास के लिए प्रथम चरण में 50 करोड़ रुपए की धनराशि का ऐलान किया गया है। सीएम योगी के समक्ष बैठक में राज्य संपत्ति विभाग ने बताया कि प्रथम चरण के कार्य के लिए स्थल के चयन की कार्यवाही पूरी कर ली गई है। अब आगे की कार्यवाही आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के द्वारा की जाएगी। वहीं कंसल्टेंट का चयन नियोजन विभाग करेगा। यह कार्यवाही आगामी तीन माह में पूरी कर ली जाएगी। सीएम ने भी निर्माण से पहले आवश्यक कार्यवाही के लिए राज्य संपत्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। विधान भवन व सचिवालय परिसर के अलावा राजधानी लखनऊ में कई पुरानी सरकारी बिल्डिंग को नया रूप दिया जाना है। इसके लिए भी कार्ययोजना और बजट पर चर्चा की गई है। राज्य सम्पत्ति विभाग ने लखनऊ स्थित पुरानी ड्राइवर कालोनी, डालीबाग में श्रेणी 2 के नए आवासों और महानगर सचिवालय कालोनी में श्रेणी 2 एवं श्रेणी 3 के नए आवासों के निर्माण के लिए भी स्थलों के चयन की कार्यवाही पूर्ण कर ली है। यही नहीं, दोनों स्थलों पर पुराने जीर्णशीर्ण आवासों की ध्वस्तीतरण की कार्यवाही की प्रक्रिया भी जारी है।

# सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत भाजयुमों लगाएगा शिविर



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सम्पन हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने युवा मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि स्थानीय निकाय का चुनाव उत्तर प्रदेश में होने जा रहा है जिसमें युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं को परिश्रम करके सभी स्थानों पर भाजपा के प्रत्याशियों को विजयश्री मिले यह संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा ही भविष्य की भाजपा है। उन्होंने कहा संगठन की योजना अनुसार तय किए गए कार्यक्रमों का क्रियान्वयन निचले स्तर तक हो इसके लिए युवा मोर्चा कार्यकर्ताओ को योजना पूर्वक कार्य करना होगा । भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि आने वाले समय में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता घर घर पहुंच कर केन्द्र की मोदी सरकार तथा प्रदेश की योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जन जन को बताए। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने बैठक में कहा कि सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक चलने वाले अभियान में 7 अप्रैल को होने वाले स्वास्थ्य शिविर सभी नगर के मंडल में यह शिविर लगेगा।

# 500 श्रद्धालुओं ने हेलीकॉप्टर से किया अयोध्या दर्शन: जयवीर

**लखनऊ।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर अयोध्या के एरियल दर्शन के लिए शुरू की गयी हेलीकॉप्टर सेवा से अब तक लगभग 500 श्रद्धालुओं/ आगन्तुकों ने अयोध्या का दर्शन किया। यह सेवा 29 मार्च 2023 से शुरू हुई थी और 12 अप्रैल 2023 तक जारी रहेगी। यह सेवा श्रद्धालुओं एवं आगन्तुकों में काफी लोकप्रिय साबित हो रही है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या के एरियल दर्शन के लिए पर्यटन विभाग के निर्देशन में यूपी राज्य पर्यटन विकास निगम लि. एवं हेरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित किया गया था। पर्यटन मंत्री ने बताया कि हेरिटेज एविएशन कम्पनी नई दिल्ली द्वारा पूर्व में कुम्भ 2019 के समय प्रयागराज तथा गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गोवर्धन तथा मथुरा में हेलीकॉप्टर सेवा का सफल संचालन किया जा चुका है। इस कम्पनी के माध्यम से अयोध्या तथा भगवान श्रीराम से जुड़े हुए स्थलों एवं सरयू के विहंगम दृश्य को देखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि हेलीकॉप्टर से ज्वायराइड के लिए प्रति पर्यटक 3000 रूपये का किराया निर्धारित किया गया है। पर्यटक इस शुल्क से 08 मिनट तक हवाई दर्शन कर सकते हैं। इस सेवा से निर्माणाधीन भगवान श्रीराम का मंदिर, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, राम की पैड़ी, छोटी छावनी, बड़ी छावनी, लक्ष्मण किला, सुग्रीव किला तथा कारसेवकपुरम आदि स्थलों का दर्शन कराया जाता है।

# पर्यटन विभाग जल्द शुरू करेगा वाटर प्लेन एक्टिविटी

## तैयार की जा रही है स्टेट एडवेंचर टूरिज्म पॉलिसी: मुकेश मेश्राम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पर्यटन** विभाग अब प्रदेश में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए एक नई शुरुआत करने जा रहा है। इसके तहत पर्यटन विभाग ऐसे पर्यटकों को प्रदेश में आकर्षित करना चाहता है, जो थोड़े एडवेंचर या नए चीजों की तलाश में रहते हैं। इसी को देखते हुए विभाग प्रदेश में वाटर प्लेन एक्टिविटी की शुरुआत करने की योजना बनाई है। इसके लिए विभाग ने प्रदेश की तीन जगहों क्रमश: प्रयागराज, गोरखपुर व बुंदेलखंड को चयनित कर लिया है, जहां पर पर्यटक वाटर प्लेन का मजा ले सकते हैं।

इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि पर्यटन विभाग इसके लिए स्टेट एडवेंचर टूरिज्म पॉलिसी तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश का पर्यटन केंद्र बनाने के लिए कई तरह की नई पर्यटन गतिविधियां सरकार व पर्यटन विभाग की ओर से चलाई जा रही हैं, जिसमें कई शहरों में 'जॉयराइड सेवा' के तहत हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत की गई है, इसी कड़ी में विभाग यूपी आने वाले पर्यटकों को विशेष तौर पर लुभाने के लिए वाटर प्लेन की शुरुआत करने जा रहा है। प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने बताया कि इसके लिए पॉलिसी बनाने के साथ ही जगहों की पहचान भी की जा रही है, जहां पर इस एक्टिविटी की शुरुआत हो सके। उन्होंने बताया कि यह योजना भी जॉयराइड सेवा के तहत पीपीपी मॉडल पर शुरू की जाएगी। मुकेश मेश्राम ने बताया कि अभी शुरूआती चरणों में योजना को पर्यटन विभाग प्रयागराज के संगम, गोरखपुर के रामताल व बुंदेलखंड के सबसे बड़े डैम बान सुजारा में वाटर प्लेन एडवेंचर एक्टिविटी शुरू करने की तैयारी कर रहा है, वहीं बुंदेलखंड में पर्यटक की संभावना को देखते हुए वहां कई तरह की वाटर एडवेंचर एक्टिविटी को भी शुरू करने की तैयारी है, जिसके लिए लोग उत्तराखंड व दूसरे राज्यों में जाते हैंए ताकि ज्यादा से ज्यादा पर्यटक उत्तर प्रदेश की तरफ आकर्षित हों। प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन को लेकर अपार संभावनाएं मौजूद हैं, यहां पर ऐतिहासिक धरोहरों के साथ पौराणिक और धार्मिक महत्व की चीजें तो यही हैं, साथ ही एडवेंचर से जुड़े हुए भी कई तरह के पर्यटन स्थल भी हैं।

उन्होंने बताया कि युवा पर्यटक एडवेंचर एक्टिविटीज को ज्यादा तवज्जो देते हैं। जैसे पैराग्लाइडिंग, स्पोर्ट्स वाटर एक्टिविटी तरह की चीजों पर उनका फोकस अधिक होता है, ऐसे पर्यटकों को भी लुभाया जा सके, लाया जा सके इसी को ध्यान में रखकर पर्यटन विभाग वाटर प्लेन उत्तर प्रदेश की नदियों में उतारने की तैयारी कर रहा है। इसी क्रम में रामगढ़ ताल में एक्टिविटी की शुरुआत की गई थी, उसी को आगे बढ़ाते हुए अब प्रयागराज स्थित संगम, गोरखपुर के रामगढ़ ताल व बुंदेलखंड के बांधों से बने जलाशयों पर वाटर प्लेन उतारने की तैयारी हैए ताकि एडवेंचर्स के लिए दूसरे प्रदेशों में जाने वाले पर्यटकों उत्तर प्रदेश की तरफ आकर्षित किया जा सके।

# उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं

**संवाददाता।** सीतापुर

- मागों के समर्थन में एकजुट हुए रसोईया संगठन, बनाया संयुक्त रसोईया मोर्चा
- मुख्य मंत्री को भेजा 11 सूत्रीय मांग पत्र
- बकाया मानदेय देने की उठाई मांग

रसोईयों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। न्यूनतम मानदेय पर अपनी सेवाएं दे रहे रसोईयों को कई-कई माह तक मानदेय भी नहीं दिया जा रहा है। फिर भी परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोईयों को विद्यालयों से निकालकर उनकी जगह दूसरे रसोईयों की तैनाती की जा रही है। यदि रसोईयो को न्याय न मिला तो आगामी 24 तारीख को लखनऊ में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह चेतावनी बुधवार को संयुक्त रसोईया मोर्चा की तरफ से दी गयी। दरअसल रसोईयो की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राथमिक विद्यालय रसोईया वेलफेयर एसोशियेशन, रसोईया जनकल्याण समिति और उत्तर प्रदेश आदर्श रसोईया वेलफेयर एसोशियेशन एक मंच पर आ गए हैं। और आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। संयुक्त रसोइया मोर्चा के बैनर तले रसोइयों ने हुंकार भरी। बताते चले कि प्रदेश में लगभग चार लाख रसोईये 2000 रुपये प्रतिमाह मानदेय पर अपनी सेवाएं दे रहे है। फिर भी उन्हें समय पर मानदेय नहीं मिल पा रहा है। यही नहीं रसोईया नवीनीकरण नियुक्ति में रसोईयो के बच्चों को कार्यरत विद्यालय में ही पढ़ाने की शर्त होने के कारण हर साल रसोईयो को मनमाने तरीके से बदल दिया जाता है। लम्बित मागों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन के बाद रसोईयों ने मुख्य मंत्री को सम्बोधित 11 सूत्रीय मांग पत्र नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह को सौपां। इस मौके पर रामकिशोर अवस्थी, प्रेमा देवी, गीता सिंह, राम देवी, माधुरी, सोनेश्वरी, सुशीला देवा, सीता देवी, निर्मला, रिकीं, किरन, विषुना देवी, अनीता, रामकली, जयप्रकाश, दिनेश कुमार, धनीराम, रमाशंकर तिवारी, सम्भू दयाल सहित विभिन्न संगठनों के रसोईया मौजूद रहे। किसान समस्याओं के साथ रसोईयो के समर्थन में भारतीय किसान मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष एडवोकेट सुशील शुक्ला भी पंहुचे।

# गर्मी से निपटने के नहीं किए नगर पंचायत ने कोई इंतजाम

**संवाददाता।** सिंगाही खीरी



**कस्बे** में गर्मी से निपटने के लिए नगर पंचायत ने अभी तक कोई इंतजाम नहीं किए हैं। कस्बे के वाटर कूलर खराब पड़े हैं। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि गर्मी में सूखे गले कैसे तर होंगे। कस्बे में गर्मी की दस्तक से पहले ही पेयजल संकट गहराने लगा है लेकिन अभी तक नगर पंचायत ने लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने को कोई ठोस कदम नहीं उठाये हैं। वर्षों पहले लगे अधिकतर वाटर कूलर खराब पड़े हैं। नगर पंचायत ने गर्मी में लोगो को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए कस्बे में लगभग एक दर्जन वाटर कूलर लगवाए थे। रखरखाव ठीक न होने और मरम्मत न होने से वाटर कूलर समय से पहले ही दगा दे गए हैं। मौसम के बदलाव के साथ गर्मी भी अब दस्तक देने को तैयार है लेकिन अभी तक नगर पंचायत की ओर से वाटर कूलरों को ठीक कराने को कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। किसी की टोटी टूटी तो कोई रखरखाव के कारण जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। निवर्तमान चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्रा के घर के सामने लगें वाटर कूलर व हैंड पम्प खराब है इसके अलावा क़स्बे में सड़कों के किनारों और बाजारों में पहले ही हैंडपंपो की स्थिति ठीक नहीं है। जो बाजारों और सड़कों के किनारों ओर वाटर कूलर लगे हैं वह पहले ही खराब हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि वाटर कूलर से खराब जर्जर हालत में पड़े हैं। इनको अभी तक सही नहीं कराया गया है। गर्मी के दिनों में पीने के पानी को दिक्कतें होंगी। जल्द खराब वाटर कूलरों की मरम्मत कराई जाए। जिससे आम आदमी को राहत मिल सके। इस मामले में जब अपर जिलाधिकारीध्प्रभारी स्थानीय निकाय संजय सिंह बात की गई तो उन्होंने ठीक करवाने की बात कही।

# छात्र ने बनाया थ्री लेयर बार्डर सिक्योरिटी माडल, विद्यालय में पाया पहला स्थान

- सिस्टम में लेजर लाइट की तीन अदृश्य दीवारो का अहम रोल
- जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद का है छात्र आरित्य मिश्रा

**संवाददाता।** सीतापुर

**नवोदय** विद्यालय के एक छात्र ने एक ऐसा चक्रव्यूह तैयार किया है, जिसकी खासियत यह है कि यह चक्रव्यूह जहां भी सीमा पर स्थापित होगा वहां यदि दुश्मन ने सीमा पार करने का दुस्साहस किया तो वह इस अदृश्य चक्रव्यूह में फंसकर मरेगा। यानी थ्री लेयर बार्डर सिक्योरिटी माडल के जरिए आंतकवाद एवं अवैध घुसपैठ को रोका जा सकता है। माडल निर्माता छात्र ने नवोदय विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नवो. विद्या. खैराबाद के छात्र आरित्य ने अपने बनाये सिस्टम की के बारे में यह जानकारी दी। जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद के छात्र आरित्य के पिता आलोक मिश्रा सकरन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय पल्हरी में शिक्षक हैं। छात्र आरित्य का कहना है कि उसने जो सिक्योरिटी सिस्टम तैयार किया है, उसे वहां स्थापित किया जा सकता है, जो स्थान दुर्गम है। जहां किसी प्रकार का भौतिक निर्माण अथवा तार फेसिंग संभव नहीं है। यह सिस्टम वहां पर दुश्मनों की अवैध घुसपैठ को रोकने में सहायक सिद्ध हो सकता है। छात्र के मुताबिक सिस्टम में लेजर लाइट की तीन अदृश्य दीवारे हैं। प्रथम दीवार पार करते ही कंट्रोल बोम से साइरन बजने लगेगा। तो हमारे सैनिक अलर्ट हो जाएंगे। जबकि दुश्मनो को पता ही नहीं चलेगा कि इसकी सूचना कंट्रोल रुम तक कैसे पहुंची। द्वितीय अदृश्य दीवार पार करते ही 180 अंश पर घूमती हुई स्वाचालित राइफल स्वत: फायरिंग प्रारम्भ कर देगी। फिर भी यदि तीसरे स्तर तक दुश्मन पंहुचने में सफल हो गए तो वहां पहले से तैयार बैठे सैनिक उन्हें ढेर कर देंगें। आरित्य मिश्रा का कहना है कि पुलवामा हमले के बाद वह ऐसा सिस्टम बनाने के लिए प्रयासरत थे। इस सिस्टम को तैयार करने में प्राचार्य आर के चौधरी व सांइस टीचर गरिमा श्रीवास्तव की प्रेरणा खास रही।

# किसी भी इमरजेंसी से निपटने को तैयार है जिला पुरुष चिकित्सालय

- हनुमान जयंती पदयात्रा को लेकर सीएमएस ने इमरजेंसी और औषधी कक्ष का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**हनुमान** जयंती पर लखीमपुर से गुलरी पुरवा हनुमान मंदिर तक गुरुवार को पदयात्रा निकली है। इस इस दौरान स्वस्थ सेवाओं और इमरजेंसी सेवाओं के मद्देनजर सीएमएस डॉण् केराम चंदानी ने एमरजेंसी और दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था को लेकर डॉक्टर और स्टाफ को पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गुरुवार को हनुमान जयंती के उपलक्ष में जो पदयात्रा गुलरी पुरवा स्थित हनुमान मंदिर तक आएगी। उसे लेकर जिला पुरुष अस्पताल पूरी तरह तैयार हैए क्योंकि जिला अस्पताल से महल 2 किलोमीटर की दूरी पर ही गुलरी पुरवा हनुमान मंदिर स्थित है इसलिए जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसरए फार्मासिस्ट और अन्य स्टाफ को पूरी तरह से तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिला चिकित्सालय की ओर से एक एंबुलेंस भी डॉक्टरए पैरामेडिकल स्टाफ और पर्याप्त दबाव के साथ इस यात्रा में तैनात रहेगी। वही किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टर व फार्मासिस्ट की अतिरिक्त टीम को भी तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। इमरजेंसी में 10 बेड सुरक्षित हैं। वहीं दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था भी कर ली गई है। जिला पुरुष चिकित्सालय किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

# नोडल अफसर ने जानी गोवंश-संरक्षण की जमीनी हकीकत

- अफसरों संग की बैठक, आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण, परखीं व्यवस्थाएं

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**निराश्रित** गोवंश संरक्षण, भरण-पोषण, भूसा संग्रहण के संबंध में जनपद में किए कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुश्रवण करने के लिए बुधवार को शासन से जनपद के नामित नोडल अधिकारी अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (वरिष्ठ आईएएस) श्रीश चंद्र वर्मा, सह नोडल अधिकारी अपर निदेशक (पशुपालन) डॉ पी एन सिंह खीरी के साथ पहुंचे, उनके जनपद आगमन पर प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने स्वागत किया। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में श्रीश चंद्र वर्मा ने एडी पशुपालन की मौजूदगी में गौ-संरक्षण से जुड़े अफसरों के साथ बैठक की, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। गौ-संरक्षण की प्रगति, अनूठे, अभिनव प्रयासो पर प्रस्तुत पीपीटी प्रजेंटेशन का अवलोकन किया। कहा कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण, भरण-पोषण, भूसा संग्रहण कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुश्रवण के लिए वह शासन के निर्देश पर खीरी आए हैं। भ्रमण के दौरान कई गो आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को स्वयं परखा, व्यवस्थाएं संतोषजनक, मुकम्मल मिली। इन व्यवस्थाओं को आगे भी कायम रखा जाए। प्रभावी प्रबंधन की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाए, यह शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। उन्होंने आश्रय स्थलों, गोवंशो की संख्या, सुपुर्दगी योजना के क्रियान्वयन की प्रगति जानते हुए विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। प्रभारी डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री गोवंश सहभागिता योजना के तहत अबतक 6437 गोवंश की सुपुर्दगी दी गई। वहीं 101 गो आश्रय स्थलों में अब तक 22921 गोवंशो का संरक्षण किया जा चुका है। जीएएस पोर्टल पर संरक्षण संबंधी समस्त डाटा अनुरक्षित है। उन्होंने भूसादान की प्रगति एवं किए जाने वाले प्रयास भी बताएं। सीवीओ ने भूसादान की लक्षित कार्ययोजना, तहसीलवार भूसा भंडारण एवं गौशाला में संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण के लिए ग्राम पंचायतों से हस्तांतरित धनराशि की प्रगति बताई। वृहद गो आश्रय स्थल बसेगापुर को नंदीशाला के रूप में विकसित किया, जिसमें संरक्षित गोवंश के अलावा 491 नंदी भी संरक्षित है। वहीं एक अन्य गो आश्रय स्थल को भी नंदीशाला के रूप में विकसित किए जाने की योजना है। गोआश्रय स्थल निकटवर्ती चारागाह स्थलों से टैग है, जहां हरेचारे का उत्पादन किया जा रहा। नवीन, अवशेष गोआश्रय स्थलों को भी चारागाह से टैग करने पर काम जारी है। सहभागिता योजना के तहत माह मार्च तक समस्त संरक्षित गोवंशो का सत्यापनोपरांत अनुमन्य धनराशि का अंतरण कर दिया गया है। नोडल अफसर के पूछने पर डीपीआरओ सौम्यसील सिंह ने ग्राम पंचायतों की गोवंश संरक्षण में भूमिका बताई। बैठक में डीडीओ अरविंद कुमार, डीपीआरओ सौम्यसील सिंह, बीडीओ पीयूष सिंह, सभी पशु चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे। बुधवार को नोडल अधिकारी ने एडी पशुपालन, प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह के साथ क्रमश ब्लाक बेहजम के ओयल देहात व सुंसी, ब्लाक मितौली के बबोना व लोहन्ना, ब्लाक पसगवां के बाईकुआं गो आश्रय स्थलो का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। उन्होंने गोवंश की वास्तविक संख्या एवं सुपुर्दगी में दिये गये गोवंश की संख्या का अभिलेखों से मिलान करते हुए सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान सभी आश्रय स्थलों में स्थिति चाक-चौबंद पाई गई।

## क्विक न्यूज

### महर्षि कश्यप जन्मोत्सव पर धूमधाम से निकली शोभायात्रा



**बरेली।** वीर भट्टी मां काली मंदिर पर कश्यप परिवार ने धूमधाम से मनाया महर्षि कश्यप जन्मोत्सव और निकाली शोभायात्रा। मुख्य अतिथि आवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप द्वारा साथ मे केंट विधायक राघवेन्द्र शर्मा, केंट विधायक संजीव अग्रवाल, डॉक्टर विनोद पागरानी, डॉक्टर विमल भारद्वाज, जिला पंचायत अध्यक्ष पति गोपाल पटेल ने सुबह 9 बजे मंदिर में हवन पूजन कर महर्षि कश्यप की शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह शोभायात्रा पूर्व बीएसए कार्यालय, बाजपेई डाल, खन्ना बिल्डिंग, सुभाष नगर नाला, राजीव कालोनी, वीर भट्टी होते हुए मां काली मंदिर समापन हुआ उसके बाद भंडारा का कार्यक्रम हुआ सैकड़ो की संख्या में भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष राकेश कश्यप, अर्जुन कश्यप, अजय चिन्टू गौरव, अरुण कुमार, गंगादीन कश्यप, दीपू कश्यप, राजीव काय, राम कश्यप, राम कश्यप, आदि मौजूद रहे।

### प्रकाश नाथ मेहरोत्रा की दसवीं पुण्यतिथि मनाई गई

**सीतापुर।** सीतापुर शहर के लालबाग घंटाघर स्थित भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा के आवास पर बुधवार को सभी की जुबान पर चर्चा थी तो सिर्फएक कि अचिन मेहरोत्रा के पिता स्वर्गीय प्रकाश नाथ मेहरोत्रा सदैव पार्टी के प्रति समर्पित रहे। उन्होने पत्रकारिता जगत में भी सदैव ईमानदारी और निष्ठा से अपनी सेवाएं दी। दरअसल स्वर्गीय प्रकाश नाथ मेहरोत्रा की दसवीं पुण्य तिथि बुधवार को मनाई गई। निज निवास पर भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सभी को प्रसाद वितरित किया। खैराबाद स्थित कुष्ठ आश्रम में भी फल और वस्त्र वितरित किये गए। जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने बताया। संगठन के प्रति सदैव ईमानदारी और निष्ठा की प्रेरणा स्वर्गीय प्रकाश नाथ मेहरोत्रा ने दी। इस मौके पर अंबुज पांडेय, अवधेश कटियार, सतेन्द्र सिंह, पवर सिंह, जीतेन्द्र मेहरोत्रा, नीरज वर्मा, रामकुमार वर्मा,बबिता गुप्ता, राजीव त्रिपाठी, सुशील अग्रवाल, अभिषेक मिश्रा, अजय मिश्रा, दया सागर गुप्ता, मृदुल मिश्रा, उत्तम पांडेय, शुभम गुप्ता पल्लव, प्रखर जयसवाल, कल्याण, अमित दीक्षित, अंकुर तिवारी, दिवाकर शुक्ला, अनूप विश्वकर्मा, विनीत मिश्रा, मुकेश अग्रवाल, सत्यम सिंह आदि मौजूद रहे।

### गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**बेहजम खीरी।** कस्बे के गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह कार्यक्रम मे बच्चो को परीक्षाफल वितरित कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण व दीप प्रज्जवल्लित करने बाद मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित व कमलेश शुक्ला ने परीक्षा मे उत्तीर्ण बच्चो को शील्ड बैच प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की विद्यालय के प्रबंधक डॉ बासित खान प्रधानाचार्य अनीता देवी ने सभी आगंतुक अतिथि गणों का बैच लगाकर सम्मानित भी किया गया। वही कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बच्चो ने मनमोहक ज्ञानवर्धक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में अभिभावक गण बीरू रस्तोगी दिलीप शर्मा सुनील गुप्ता टीटू खान एहिमांशु त्रिवेदी, राजेश शुक्ला, अश्वनी बाजपेई, दिनेश शर्मा एएसके सिंह, सुशील शर्मा, प्रांशु शुक्ला सहित अन्य पत्रकार बंधु विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ व अभिभावक गण मौजूद रहे।

### हज यात्री मेडिकल परीक्षण स्क्रीनिंग कराते हुए फिटनेस सर्टिफिकेट प्राप्त करें

**शाहजहांपुर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद खालिद ने बताया कि हज 2023 की यात्रा पर जाने वाले प्रत्येक हज यात्री को सरकारी एलोपैथिक चिकित्सक से मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस सर्टिफिकेट जांच उपरांत प्रमाणित कराकर उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति को महा अप्रैल-2023 के प्रथम पखवाड़े में जमा करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा है कि फिटनेस सर्टिफिकेट जमा करने के उपरांत ही हज यात्रा से संबंधित अग्रिम कार्यवाही पूर्ण हो सकेगी। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने हज 2023 के चयनित 282 हज यात्रियों से अनुरोध करते हुए कहा है कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला संयुक्त चिकित्सालयध्संबंध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से मेडिकल परीक्षण स्क्रीनिंग कराते हुए फिटनेस सर्टिफिकेट प्राप्त करें।

### किन्नर समुदाय से परा-विधिक स्वयंसेवकों की नियुक्ति के लिए आवेदन किए गए आमंत्रित

**शाहजहांपुर।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी पीयूष तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र दिनांक 24 मार्च के द्वारा किन्नर समुदाय से परा-विधिक स्वयंसेवकों की नियुक्ति की जानी है। जिसके अंतर्गत जिला मुख्यालय स्तर पर किन्नर समुदाय से परा-विधिक स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। परा-विधिक स्वयंसेवक प्राधिकरण की तरफसे आम जनमानस को कानूनी जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन्हें विधिक प्रावधानों के संबंध में जागरूक करने का कार्य करते हैं। प्राधिकरण द्वारा परा-विधिक स्वयंसेवक को इस बाबत प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है कि वह पक्षकारों के मध्य सामान्य व लघु प्रकृति के विवादों को शुरुआती स्तर पर ही बातचीत के आधार पर सुलझाने में उनकी सहायता करें। इसके अतिरिक्त परा-विधिक स्वयंसेवक आम जनता की शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारीगण के समक्ष प्रस्तुत करने में भी उनकी सहायता करते हैं। उन्होंने बताया है कि परा-विधिक स्वयंसेवक बनने के लिए आवेदन करने हेतु शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल है। नियुक्ति उपरांत परा-विधिक स्वयंसेवक के द्वारा संतोषजनक कार्य संपादित करने पर परा-विधिक स्वयंसेवक को मानदेय दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र शैक्षिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्रों के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिविल कोर्ट शाहजहांपुर के कार्यालय में दिनांक 20 अप्रैल तक प्रेषित कर सकते हैं। उन्होंने बताया है पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। अर्हता पूर्ण करने वाले आवेदकों को नियत तिथि पर साक्षात्कार हेतु सूचित किया जाएगा।

### दबंग प्रेमी ने युवती को चाकू मारा

**बरेली।** मायके में रह यही एक युवती को उसके तथाकथित दबंग प्रेमी ने चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद घायल रिफा को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। शेरगढ़ थाने के गांव मवई निवासी शरीफअहमद की बेटी रिफा बी को आज शाम घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया। घरवालों ने बताया कि रिफा लगभग 1 वर्ष पूर्व अपने भाई के दोस्त शमीम के साथ चली गई थी। दोनों दिल्ली पहुंच गए और शमीम ने कहीं पर रिफा के साथ निकाह कर लिया, जहां से वे दोनों कानपुर में जाकर रहने लगे कुछ समय पहले शमीम चोरी के एक मामले में गिरफ्तार हो गया और पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। खुद को अकेला जान कर रिफा अपने मायके आ गई। जेल से छूटने पर शमीम उसे लेने मायके पहुंचा लेकिन रिफा ने साथ जाने से इंकार कर दिया। जबरन साथ ले जाने पर रिफा की भाभी परवीन में शमीम को रोकने की कोशिश की तो गुस्साए शमीम ने रिफा पर चाकू से हमला कर दिया।

# जन सुनवाई दिवस में कई शिकायतें सामने आईं

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**नगर** निगम में अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित जन सुनवाई दिवस में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित शिकायते आई। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त एस के सिंह ने जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के जन-सामान्य के सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह ने संबन्धित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के आदेश दिए इस मौके पर 6 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 1 का निस्तारण किया गया तथा बाकि समस्याओं के निपटारे के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को जन सुनवाई दिवस में रख सकते है, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। जनसुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती मुख्य अभियंता सिविल एस0के0 अम्बेडकर, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।


# आज मनेगा भाजपा का 43वां स्थापना दिवस

**संवाददाता।** सीतापुर

**भारतीय** जनता पार्टी अपना 43वां स्थापना दिवस 6 अप्रैल को बड़ी धूमधाम से मनाएगी। पार्टी ने तय किया है कि 6 अप्रैल से 14 अप्रैल यानी कि डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती तक सामाजिक न्याय पखवाड़ा के बतौर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जनपद में स्थापना दिवस पर नगर सिधौली के हरियाली लान में भव्य कार्यक्रम की तैयारी की गयी है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतत्रं देव सिंह होंगे। प्रदेश महामंत्री संजय पटेल और जिला सांसद व सभी विधायक भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक बैठक जिला पंचायत सीतापुर के नेहरु हाल में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष रामजीवन जयसवाल ने की। बैठक में कार्यक्रम से संबन्धित विभिन्न बिदुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में अशोक राठौर, शानू जयसवाल आदि मौजूद रहे।

# बैंकों में दलालों का बोलबाला

**संवाददाता।** निघासन खीरी



**एक** तरफ प्रदेश व केन्द्र सरकार किसानो को बैंको से सस्ते दर पर लोन दिलाने का दावा करती हैं दूसरी तरफ बैको की सह पर बैक मे लोन दिलाने वाले दलाल किसानो का शोषण करने मे कौई कोर कसर नही छोडते। निघासन तहसील के बंगलहाराज निवासी शिव मंगल प्रसाद ने अपनी पत्नी के नाम निघासन कस्बे की इंडियन बैंक से एक माह पहले 2ए17000 का के सीसी बनवाया था बैक मे काम करने वाले राकेश ने पिडित किसान से लोन दिलाने के नाम पर कुछ खर्चा लेने की बात कही थी किसान से कहा था अगर लोन जल्दी करवाना चाहते हो तो कुछ खर्चा कर देंना वरना लोन नही हो पायेगाएकिसान अपनी जरूरत को देखते हुए कुछ खर्चा पानी कर देने पर हामी भरते हुए दलाल को कागज दे दिए थे दलाल के द्वारा जिस दिन केसीसी का लोन पास हुआ था उसी दिन राकेश ने पीडित किसान की पत्नी प्रेमा से बाउचर पर अगुठा लगवाकर सारा पैसा निकाल लिया गया था दस हजार का बीमा व 36000 हजार रूपए उधारी के नाम रोक लिए थे शेष बचे रूपये 171000 किसान को दे दिए थेएवही किसान के द्वारा उधार लिए पैसे वापस करने का किसान से एक हफ्ते का वादा किया था लेकिन तय समय से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पिडित किसान को राकेश ने पैसा वापस नही किया हैंए पैसा मांगने पर दलाल के द्वारा अधिकारियो को पैसा बाट देने की बात कह कर किसान को पैसा देने से मना कर दिया हैंएवही पिडित किसान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराके बकाया पैसा दिलाने की मांग की है।

# ऋषि कश्यप की जयंती मनाई गई

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**समाजवादी** पार्टी के जिला कार्यालय पर महा ऋषि कश्यप एवं श्रृंगवेरपुर के राजा निषादराज गुह्य जी की जयंती जिलाध्यक्ष तनवीर खां की अध्यक्षता में मनाई गई। इस मौके पर दोनों महापुरुषों के चित्र पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और दोनों महापुरुषों को याद किया और गोष्ठी का आयोजन कर उनके विचारों पर चर्चा की गई! इस मौके पर सपा के जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि इस प्रकार कश्यप ऋषि को पृथ्वी का स्वामी व सृष्टि कर्ता के रूप में पूजा जाता है महर्षि कश्यप ने वेदों का अध्ययन किया उन्होंने कहा ऋग्वेद की ऋचाएं भी लिखीं! इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि महा ऋषि कश्यप जी मूल रूप से सनातन धर्म को मानत थे। उन्होंने कहा कि कश्यप समाज का इतिहास काफी प्राचीनतम है! इस मौके पर पूर्व विधायक नीरज मौर्य कुशवाहा ने कहा कि निषाद राजा निषादों के राजा का उपनाम है। वे निषाद समाज के थे उन्होंने कहा। उन्होंने ही वनवास काल में राम सीता तथा लक्ष्मण को केवट से कहकर गंगा पार करवाया था! इस मौके पर सपा नेता राजेश वर्मा, उपेंद्र पाल सिंह, राजेश कश्यप, गायत्री वर्मा, संजीव वर्मा, विजय सिंह, अजफर अली खान, डॉ नवनीत यादव, अवधेश कुमार पाल, संतोष कुमार पाल, रामकुमार भोजवाल, विकास चंद्र एडवोकेट, सचिन भोजवाल,नमन गुप्ता तय्यब खान, हफीज, अंसारी, आरिफ अंसारी, मोबिन अंसारी, गुफरान खान, विपिन यादव, प्रसून कुमार, जगबीर राजपूत, राजा साहब, आरिफ खान, शमसुद्दीन मलक, नि सचिव मोहम्मद फैसल, नाजिम फारूकी, सरताज इदरीसी, साबिर इदरीसी, सर्वेश कुमार यादव, अमित वर्मा, महाराज सिंह यादव, साबू मंसूरी, हसन मंसूरी, सचिन तिवारी, मोहम्मद अहमद, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे!

# राष्ट्रीय लोक दल की बैठक आयोजित

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय लोक दल जिला इकाई की द्वितीय मासिक बैठक जिलाध्यक्ष पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी के निवास मोहल्ला हाथीपुर में संपन्न हुई। बैठक में जिला इकाई के सभी मुख्य पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र शीघ्र मीडिया के समक्ष उपस्थित होकर पार्टी पदाधिकारियों का परिचय कराया जाएगा। तत्पश्चात पार्टी को विधानसभा ब्लॉक सेक्टर एवं बूथ स्तर तक संगठन खड़ा किए जाने का दृढ़ संकल्प सभी पदाधिकारियों ने जाहिर किया। जिले में पार्टी को उचित सम्मान प्राप्त हो रहा है। जनता की निष्ठा हमारे नेता चौधरी जयंत सिंह के प्रति बढ़ी है। ग्राम सभा सुवगाडा में कुछ गरीब लोगों की जन समस्याएं सुनने के लिए रालोद जिलाध्यक्ष अपने कुछ पदाधिकारियों सहित पहुंचकर मौके का जायजा लिया। लोगों ने बताया कि गुल्लू ताल से निकल रहे बड़े खतरनाक जानवरों से जनता भयभीत है। प्रस्तावित बरात घर लोगों ने दिखाया तथा गुल्लू ताल में सफाई एवं नवीनीकरण की मांग की।

# स्कूल के टीचर से ट्यूशन नहीं पढ़ने पर फेल कर देते हैं छात्राओं को, जिलाधिकारी से की शिकायत

- रिखी सिंह कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने डीएम को दिया ज्ञापन

**संवाददाता।** बरेली




**बच्चों** को फेल करके, फिर पैसे लेकर पास करना और ट्यूशन पढ़वाने पर जोर देना। 3000/- रू0 फीस पूरे साल की जमा कराना, उसकी रसीद न देना जबकि अन्य विद्यालयों में सरकारी फीस 200/- पूरी साल की है। इसके विरोध में रिखी सिंह कन्या इंटर कॉलेज मॉडल टाउन की छात्राओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। छात्रा सुधा ने आरोप लगाते हुए बताया स्कूल में कक्षा 7,9,11 सेक्शन ए बी सी में लगभग 50 प्रतिशत वार्षिक परीक्षा में फेल कर दिए गए हैं। पैसे की मांग करते हैं फिर रुपये लेकर पास कर देते हैं। ट्यूशन ना पढ़ने पर छात्राओं को फेल कर देते हैं। बताया कि संजीव की पुत्री शगुन कक्षा 11 में पढ़ने में होशियार थी एनसीसी तथा स्कूल की तरफ से क्रिकेट नेशनल लेवल पर खेली है फेल होने पर डिप्रेशन में चली गई है। छत्राओं ने स्कूल की अन्य कमियों को बताया टीचर्स रिजल्ट का टोटल गलत करते है तो कापियों का मूल्यांकयन कैसे करते होगें। टीचर्स ट्यूशन पढ़ाने पर जोर देते हैं नही पढ़ने पर फेल कर देते हैं। फेल होने पर पैसे लेकर पास करते है। 3000 रू0 साल की फीस पहले जमा करा लेते है जिसकी रसीद नही देते है। जबकि दूसरे सरकारी स्कूल में 200 रू0 पूरे साल की फीस जाती है। एनसीईआरटी की किताबें नही चलाते है प्राइवेट प्रकाशन खरीदने पर जोर देते है। एक ही कक्षा में दो-दो बार छात्रा को फेल कर मोटी कमाई करते हैं। सभी पेरेन्टस ने मांग की है। गरीब माता-पिता की फरियाद है कि उनके बच्चों को उत्तीर्ण करके अगली कक्षा में भेजा जाये ताकि उनकी साल व पैसा बच सके। हम बहुत गरीब लोग हैं। शिकायतकर्ता छात्राएं सुधा, प्रजापति , संजना कुमारी, पूजा भारती, सिमरन मौर्य , सुहानी,तुलसी, सलोनी,सुहानी आदि मौजूद रही।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 6 अप्रैल, 2023



# बेडी पुलिया से पिपरावल तक जल्द बनवाएं नाला: डीएम

## ● डीएम ने कहा पेयजल-विद्युत न हो बाधित


बैठक में निर्देश देते डीएम।

**चित्रकूट।** डीएम अभिषेक आनन्द ने बेड़ीपुलिया से पिपरावल नाला कर्वी तक सडक किनारे नाला निर्माण कार्य की प्रगति तेजी से करने के निर्देश दिये। बुधवार को डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक में अध्यक्षता करते हुए अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देश दिए कि बेड़ीपुलिया से नाला का कार्य जल्द करें। पिपरावल नाला की ओर से भी कार्य शुरू करायें, ताकि कार्य में तेजी आ सके। निर्माण में मशीनरी के साथ मजदूरों से भी कार्य करायें, पेयजल-विद्युत व्यवस्था बाधित न हो। ठेकेदार को निर्देश दे कि संबंधित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों से संपर्क कर कार्य करायें। ट्रैफिक चौराहा से पटेल तिराहा तक सडक चौड़ीकरण में नाला व इंटरलॉकिंग की डिजाइन बना ले। बेड़ीपुलिया से पिपरावल नाला तक दोनों ओर का लेआउट बनायें। नाला के कार्य को तेजी से करायें। इंटरलॉकिंग का कार्य भी शुरू करायें। डीएम को खोह रेलवे ब्रिज की बाबत अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग ने बताया कि रेलवे से डिजाइन मंजूर कर ली है। विभाग में आरओ स्तर पर कार्यवाही लंबित है, जल्द कार्य शुरू होगा। डीएम ने कहा कि मंदाकिनी नदी कर्वी में पुल निर्माण होना है, उसका भी डीपीआर बनाकर शासन को भेजा जाए। अधिशासी अभियंता जल संस्थान से कहा कि जहां से पेयजल की पाइप लाइन पड़ी है, उसको चिन्हित करा लें, ताकि नाले का कार्य पाइपलाइन के बाद कराया जा सके। अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि अपने कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगायें। इसी प्रकार जल संस्थान भी व्यवस्था करें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी से कहा कि जल संस्थान का इस कार्य में सहयोग करें, ताकि सड़क के दोनों तरफ कार्य को तेजी से कराया जा सके।

# नपाप के चुनाव में भाजपा की टिकट पाने के लिए दिग्गजों का जोरदार अजमाइश शुरु

## ● दावेदार जिलाध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों व प्रदेश हाईकमान की गणेश परिक्रमा में लगे

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**नगरपालिका परिषद** के चुनाव में भाजपा की टिकट हथियाने के लिए अभी से कई दिग्गजों ने अपनी-अपनी पैतरेंबाजी अजमानी शुरु कर दी है। प्रदेश स्तर पर अपनी पहुंच बनाकर भाजपा की टिकट के लिए धनबल से जोरदारी से लगे हुए है। इधर भाजपा पार्टी से जुड़े कई असरदार लोग भी अपनी पार्टी जिलाध्यक्ष व जनप्रनिधियों से संपर्क साध रहे है। और प्रदेश हाईकमान में धनबल से जुगाड़ में लगे हुए है। किसी तरह भाजपा पार्टी से नगरपालिका परिषद के चुनाव में भाजपा की टिकट मिल जायें। वह हरहाल म नगरपालिकसीट पर कब्जा बनाए रहना चाहते है। लेकिन इस बार नगरपालिका परिषद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को को काफी मेहनत करनी होगी। क्योंकि सामान्य सीट होने से कई दिग्गज लोग अपनी अपनी पत्नी, मां को प्रत्याशी बनाने के लिए लगे है। मनोज अग्रबाल की पत्नी वत्सला अग्रबाल को चुनाव में मात देने के लिए मोहन अग्रबाल अपनी पत्नी को चुनाव मैदान में उतार रहे है। इधर पूर्व विधयाक विजय सिंह के पुत्र अभिषेक सिंह विक्की अपनी पत्नी को चुनाव मैदान में उतार रहे है। जिससे काफी संघर्षशील मुकाबला होने के आसार हो रहे है। उनके चुनाव मैदान में आने से भाजपा प्रत्याशी को भी काफी मशक्कत करनी होगी। भाजपा प्रत्याशी की टिकट ही नगरपालिका परिषद के चुनाव की रणनीति तय करेंगी।

# कार्य योजना बनाकर औद्योगिक क्षेत्र में जल भराव का करें निस्तारण: जिलाधिकारी

**फतेहपुर।** औद्योगिक क्षेत्र मलवां के आस-पास के क्षेत्रों में जलभराव को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होने जलभराव वाले चिन्हित क्षेत्रों के बनाये गए नक्शे को प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा। डीएम ने कहा कि इटरौरा-पिलखिनी, चक्की, बरौरा, वाहिदपुर, जगन्नाथपुर, सनगाँव, कैंची मोड़ आदि स्थानों में आवश्यकतानुसार जहाँ पर पुलिया निर्माण, पुलिया की साफसफाई, नाले का चौड़ीकरण, नाले की खुदाई आदि का कार्य किया जाना है उसकी कार्य योजना बनाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्य प्रारंभ किया जाये और हर-हाल में बरसात के पहले कार्य समाप्त किया जाये। डीएम ने कहा कि पीडब्ल्यूडी, सिंचाई, मनरेगा, जिला पंचायत, यूपीएसआईडीसी, एनएचआई आदि विभाग आपस में



बेहतर समन्वय बनाते हुए जलभराव की समस्याओं से देखते हुए जल निकासी के लिए जो कार्य किये जाने हैं उन पर नियमानुसार कार्यवाही करके निस्तारण करें। बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी द्वारा जल भराव के निस्तारण के लिए जो सुझाव दिए गए हैं उन पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए कार्य किया जाये जिससे जलभराव की समस्या का निदान करके आम नागरिकों के साथ किसानों की फसलों को भी बचाया जा सके। जल निकासी की समस्या के निदान के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक, एसडीएम सदर अवधेश कुमार निगम, उप जिलाधिकारी बिन्दकी अंजू वर्मा, डीसी मनरेगा, उपायुक्त उद्योग, खंड विकास अधिकारी तेलियानी, मलवां एवं संबंधित लेखपाल व ग्राम प्रधान सनगाँव उपस्थित रहे।

# पुत्री को जहरीली चीज खिलाने के बाद खुद खाया, दोनों की मौत

## ● थाना सजेती के गांव बीबीपुर की है घटना

**संवाददाता।** घाटमपुर

**थाना सजेती** क्षेत्र के गांव बीबीपुर में एक ब्यक्ति ने पुत्री को जहरीली चीज खिलाने के बाद खुद भी खा लिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पंहुची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा है। गाव निवासी मनोज बंम्बई स्थित किसी मिल में काम करता था, बताते है मंगलवार को मनोज बम्बई से आया था और भोजन में कोई जहरीली चीज मिला दी तथा वही भोजन बड़ी बेटी मनजीता (14) को खिला दिया इसके बाद मनोज वही खाना खुद भी खा लिया, पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि बुद्यवार सुबह मनोज घर के बाहर पेंड़ के नीचे तड़प रहा था तो लोगों ने पुलिस को सूचना दे उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल हमीरपुर ले गये जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घर के अंन्दर मनजीता भी मृत मिली। थाना प्रभारी सजेती पवन कुमार ने बताया कि दोनों के शवों को पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया है तथा आत्म हत्या का कारण स्पष्ट नही है।

### दुर्गा तुम खाना न खाना बुआ के यहाँ रह कर पढ़ना

**घाटमपुर।** मनोज की छोटी बेटी दुर्गा ने पुलिस को बताया कि वो सो गयी थी तथा पिता ने रात में जगा कर बताया था कि उसने व मनजीता ने जहर खा लिया है अब तुम खाना न खाना और बुआ के यहाँ रहकर पढ़ना, उधर पिता-पुत्री का संदिग्द अवस्था में मौत से मुहल्ले में मातम छाया है और तरह तरह की चर्चा कर रहे है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली खाई में पलटी

**फर्रुखाबाद।** अन्नप्राशन से लौट रही गांव मीरगंज की ट्रैक्टर ट्राली शिवरई मठ के पास अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। ट्राली में बैठे लगभग 3 दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस व पुलिस की सहायता से सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जिनमें से चार की हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाली क्षेत्र कायमगंज के गांव मीरगंज निवासी अशोक की 3 वर्षीय पुत्री काजल का अन्नप्राशन होने के लिए आज मंगलवार को नीम करोरी मंदिर पर गया था।

अन्नप्राशन संपन्न होने के बाद सभी लोग वापस लौट रहे थे। बताया गया कि जब ट्रैक्टर ट्राली कायमगंज अचरा मार्ग पर गांव शिवरई मठ के पास पहुंची। तभी एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गहरी खाई में पलट गई। उसमें बैठे प्रताप सिंह (50), सुमित्रा (25) पत्नी सुनील, विकास (10), पुत्र भारत सिंह, लक्ष्मी (10) पुत्री भारत सिंह, खुशबू



(19), पुत्री राकेश, दीपिका (26), पुत्री राकेश, रामलली पत्नी भारत सिंह, सानू देवी (26), पत्नी ओम शंकरए विनय (5) पुत्र ओम शंकर,श्यामा व कांती पुत्री कुंवरपाल, राम बेटी, नन्ही देवी (50), जितेन्द्र (28), पुत्र बहादुर, शिवा (2), पुत्र ओम शंकर, देवकी, सानिया, कुमकुम , कमलेश पुत्र रामलडैते सहित, रेनू पुत्री रामसनेही, लगभग 40 लोग दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख.पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस व पुलिस की सहायता से सभी घायलों को सीएचसी कायमगंज में भर्ती कराया गया।जिनमें से बताया रेनू पुत्री रामसनेही, रामलली पत्नी भरत सिंह, शिवानी पत्नी शंभूए प्रताप पुत्र बनवारीलाल की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार देकर लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया गया। बताया गया कि ट्रैक्टर ट्राली गांव के ही चंद्रपाल की थी और उसे कालीचरण चला रहा था।

घटना की सूचना पाकर अस्पताल में घायलों का हालचाल जानने के लिए एसडीएम संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी सोहराब आलम एवं इंस्पेक्टर संतोष अवस्थी मौके पर पहुंचे। तथा घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए।

# चोरी की बाइक जलाते समय युवक को रंगे हाथों पकड़ा

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**गत दिन** चोरी की गयी बाइक को जलाते हुए बाइक पालक नें युवक को पकड़ लिया द्य मौका देखकर आरोपी फरार हो गयाद्य पुलिस नें मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश तेज कर दी हैद्यथाना क्षेत्र के मोहल्ला गाँधी नगर निवासी स्वदेश कुमार गुप्ता की बाइक गत 2.3 अप्रैल की रात में घर के बाहर से चोरी हो गयी थी। जिसकी तहरीर भी स्वदेश ने पुलिस को दी। लेकिन पुलिस नें उस समय कार्यवाही न करके पीड़ित को चलता कर दिया। स्वदेश को बुधवार को जानकारी मिली कि उसकी बाइक गंगा गली निवासी युवक राहुल शंकर जला रहा है। जब स्वदेश मौके पर पंहुचे तो उन्हें बाइक जलती हुई मिली और आरोपी राहुल मौके से फरार हो गया। मामले में पुलिस नें स्वदेश की तहरीर पर मामला पंजीकृत कर लिया। थानाध्यक्ष अमर पाल नें बताया कि आरोपी पर एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही ह।

## क्विक न्यूज

### पांच वर्षीय बालक लापता पुलिस पता लगाने में जुटी

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में अपने पिता के संग खेत पर गया बालक के शाम को घर वापस लौटते समय अचानक गायब होने से उसके परिजनों में हड़कंप मच गया। गायब बच्चे के पिता ने उसे चारों तरफ तलाश थक हार कर कोतवाली मौदहा में अपने बालक की गुमशुदगी दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम छिमोली निवासी रामकरण निषाद ने बताया कि मंगलवार को वह अपने कछार हार पर गेहूं की कटाई करने गया था वह अपने साथ अपने 5 वर्षीय पुत्र विजय को भी साथ ले गया था। शाम 5.00 बजे विजय अपने पिता से घर जाने की बात कह कर खेत से चला आया, जब देर शाम तक विजय अपने घर नहीं पहुंचा तो उसके पिता रामकरण व परिजनों ने उसे गांव में तलाशने के अलावा गाँव के बगल में बह रही चंद्रावल नदी में भी विजय की तलाश की लेकिन विजय के बारे में कोई सुराग नहीं लग सका। थक हार कर रामकरण ने कोतवाली मौदहा में अपने पुत्र की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है जिस पर पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक यादव व कोतवाली प्रभारी हेमंत मिश्रा ने गांव में पहुंच मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### किशोरी के साथ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक किशोरी साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी के खिलाफकोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मौदहा विकासखंड के बड़ी आबादी वाले एक गांव निवासी पीड़ित के पिता ने पुलिस को बताया था कि सोमवार को उसकी नाबालिग पुत्री घर में अकेली थी तभी गांव का आनक सिंह जबरन घर में घुस आया और अश्लील हरकतें करते हुए पुत्री के साथ छेड़खानी करने लगा पीड़िता द्वारा शोर मचाने पर आरोपी पीड़िता को जान से मारने की धमकी दे मौके से भाग निकला।तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफपास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस प्रकरण के संबंध में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश भी की जा रही है।

### घर में लगी आग, गृहस्थी जलकर खाक

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष कस्बा निवासी मुजम्मिल शाह के घर में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग लगने से घर में रखा सामान पूरी तरह से जलकर ख़ाक हो गया। जैसे ही आग लगने की खबर गांव वालों को लगी तो आनन फानन मौके पर पहुँचकर आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने आग पर किसी तरह से काबू पाया लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पीड़ित मुजम्मिल शाह ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ अपने खेतों में गेहूँ काटने के लिए गए थे। गेहूँ काटकर घर वापस आये और सभी लोग अपने अपने कमरे में आराम करने चले गए। कुछ देर बाद घर के बाहर छप्पर में अचानक आग की लपटें उठने लगी। आग ने विकराल रूप ले लिया। घर में रखा पूरा गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर क्षेत्रीय पुलिस व डायल 112 भी पहुंची।

### करंट की चपेट में आकर महिला की मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के बाबू का पुरवा गांव में घर के अंदर बिजली के बोर्ड में प्लक लगाते समय महिला करंट की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्यवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के बाबूपुरवा निवासी छोटे लाल की 43 वर्षीय पत्नी संगीता देवी आज घर में बिजली के बोर्ड में प्लक लगा रही थी तभी करंट की चपेट में आ गयी। करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की दुर्घटना में मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### जनपद में धारा 144 लागू

**कानपुर।** महावीर जयंती, गुड फ्राइडे, अम्बेडकर जयंती, रमज़ान अलविदा (ईद), बुद्ध पूर्णिमा, परशुराम जयन्ती, मोहर्रम आदि पर्व व विभिन्न परीक्षाओं का भी आयोजन होना है तथा वर्तमान समय में अन्य कोई परीक्षा हो रही है। जनपद में 3 अप्रैल से धारा 144 लागू की जा रही है।

### महिला के साथ मारपीट कर किया दुष्कर्म, रिपोर्ट

**फतेहपुर।** महिला के साथ एक युवक ने मारपीट कर दुष्कर्म किया। मामले में कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। ललौली थाना क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली युवती की शादी राधानगर थाना क्षेत्र में हुई है। महिला ने एफआईआर में बताया कि ससुराल में 12 जुलाई 2022 की दोपहर वह खेत जा रही थी। जहाँ पर गाँव के राज उर्फगोलू ने उसको पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारा-पीटा। घटना की शिकायत कोतवाली में की।

# डीएम की रोक के बाद भी मछली का हो रहा शिकार

**खागा (फतेहपुर)।** बांदा जिले के डीएम द्वारा मछली शिकार मे रोक लगाए जाने के बाद भी मछलियों का शिकार धड़ल्ले से किया जा रहा है। यमुना नदी के परिक्षेत्र मे मड़ौली से गढ़ा तक जबरन मछली आखेट कराए जाने से डीएम के आदेश की धज्जियां उड़ रही है। ठेकेदार बेखौफ होकर मछली का शिकार करा रहा है। जिससे ग्रामीणों मे नाराजगी है। दो जिलो के मध्य यमुना नदी मे हो रहे मत्स्य आखेट का लाइसेंस बांदा जिले से जारी किया जाता है। अनियमितता की शिकायत निषाद मत्स्य जीवी सहकारी समिति के सदस्य जमुना प्रसाद व अन्य ने बांदा डीएम से की थी। जिस पर मामले की शिकायत को सही पाए जाने पर डीएम ने लाट संख्या पांच व छह पर आखेट करा रहे ठेकेदार को नोटिस जारी करते हुए नियत तिथि पर जवाब देने के निर्देश दिए लेकिन ठेकेदार द्वारा नियत तिथि के अंदर संतोषजनक जवाब न देने पर डीएम ने उक्त लाट संख्या मे आने वाले मड़ौली, मटेहना से बागे नदी जोरावरपुर गढ़ा तक मछली शिकार के लिए रोक लगा दी थी।

# संयुक्त निदेशक ने अन्ना पशुओं के मुद्दे को लेकर की गहन समीक्षा

## ● आज तेरह अन्ना पशु पकड़ गये हमीरपुर शहर में

**संवाददाता।** हमीरपुर

**शासन** के सख्त आदेश के बाद आज दूसरे दिन भी अन्ना पशुओं के धरपकड़ करने का सिलसिला जारी रहा। आज तेरह पशुओं में सात साड़ व तेरह गायों को कैटिल कैचर वाहन से पकड़ कर गौशाला में छोड़ा गया। आज पशु चिकित्सा विभाग लखनऊ के दो संयुक्त निदेशक व जिले के नोडल अफसरों ने आकर विभागीय अफसरों के साथ समीक्षा की और निर्देश दिये है।

शासन के सख्त आदेश है कि एक भी अन्ना पशु रोड में घूमते हुये नही दिखना चाहिये कल से


कैटिच कैचर से अन्ना पशु पकड़ते नगर पालिका कर्मी

कैटिल कैचर के माध्यम से अन्ना पशुओं को पकड़ने का अभियान शुरु कर दिया गया था हालाकि हरेक नगर पालिका व नगर पंचायत में कैटिल कैचर नही जिससे यह अभियान पूरी तरह से शुरु नही हो पा रहा है। आज हमीरपुर नगर पालिका में तेरह पशुओं को पकड़ा गया है जिसमे सात साड़ शामिल है। पकड़ गये अन्ना पशुओं को गौशाला सूरजपुर व कलौलीतीर में रखा गया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीवीओ) डा.अरविन्द कुमार का कहना है कि जो साड़ अधिक खतरनाक होते है उन्हे इंजेक्शन देकर साड़ को पकड़ा जाता है। यह अभियान चलता रहेगा। इधर शहर में हरेक गली में अन्ना पशु बिचरण करते देखे जा रहे है। जिससे आय दिन घटनाएं हो रही है। आज लखनऊ से दो संयुक्त निदेशक यहां आकर गौशाला व अन्ना पशुओं के बारे में जानकारी की। सीवीओ ने बताया कि जो भी अन्ना पशु पकड़ा जायेगा वह सभी गौशालाओं में छोड़ा जायेगा। इधर किसानों का कहना है कि गांवों में अन्ना पशुओ के चलते लोगो का जीना हराम हो गया है। पशु कई ग्रामीणों को चोट पहुचा चुके है।

# एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**संवाददाता।** हमीरपुर

**आज सदर तहसील** में एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सुमेरपुर ब्लाक के सुरौलीबुजुर्ग गांव में नियुक्त लेखपाल क्षत्रपाल सिंह ने गांव के रामबाबू निषाद से खेत की नापजोख करने के एवज में पांच हजार रुपये की मांग की। रामबाबू ने मामले की जानकारी एंटी करप्शन टीम बांदा को दी। एंटी करप्शन टीम में सात सदस्यीय पुलिस फोर्स ने यहां आकर मामले की जांच पड़ताल की और टीम ने लेखपाल को रुपये देने के लिये शिकायत कर्ता को पांच हजार रुपये दिये। तहसील के बगल में गन्ने के रस की दुकान में रामबाबू ने लेखपाल को बुलाकर जैसे ही पांच हजार रुपये दिये वैसे ही एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को रिश्वत लेते हुये पकड़ लिया। टीम मे सुरेंद्र यादव,


लेखपाल को गिरफ्तार कर ले जाती एंटी करप्शन टीम

अनिरुद्ध कुमार, शशिकांत शर्मा, राकेश कुमार, सचिन चौरसिया, राजेश यादव आदि लोग शामिल रहे। जिसमे चार लोग प्रयागराज व तीन लोग बांदा के है। लेखपाल को पकड़ कर टीम कोतवाली ले गयी और धारा सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी। टीम द्वारा लेखपाल के रंग हाथों गिरफ्तार करने से राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया।

# पेज एक का शेष

## सुप्रीम कोर्ट...

में कोई विशेष राहत का अनुरोध नहीं कर रहे हैं और देश में 42 प्रतिशत मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टियां केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा गिरफ्तारी से पहले और बाद की प्रक्रियाओं के संभावित दिशानिर्देश का अनुपालन चाहती हैं। इससे पहले, सिंघवी द्वारा 24 मार्च को तत्काल सुनवाई के लिए संयुक्त याचिका उल्लेखित की गई थी। सिंघवी ने कहा था, मैं भविष्य के लिए दिशानिर्देश का अनुरोध कर रहा हूं। यह एजेंसियों, सीबीआई और ईडी दोनों के दुरुपयोग के खिलाफ 14 दलों का एक उल्लेखनीय अभिसरण है। उन्होंने दावा किया कि सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के 95 प्रतिशत मामले विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता ने 2014 में मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के सत्ता में आने के बाद सीबीआई और ईडी द्वारा दायर मामलों की संख्या में वृद्धि का उल्लेख किया था। सिंघवी ने कहा था, दूसरे आंकड़े, 2014 से पहले और 2014 के बाद: मामलों में भारी वृद्धि हुई है। दोषसिद्धि की दर चार से पांच प्रतिशत है। हम गिरफ्तारी से पहले के दिशानिर्देश और गिरफ्तारी के बाद जमानत के दिशानिर्देशों का अनुरोध कर रहे हैं। याचिका में विपक्षी राजनीतिक नेताओं और असहमति के अपने मौलिक अधिकार का प्रयोग करने वाले अन्य नागरिकों के खिलाफ दंडात्मक आपराधिक प्रक्रियाओं के उपयोग में खतरनाक वृद्धि का आरोप लगाया गया था। एक याचिकाकर्ता की ओर से जारी एक बयान में आरोप लगाया गया, राजनीतिक असहमति को पूरी तरह से कुचलने और लोकतंत्र के मौलिक तत्वों को पलटने के उद्देश्य से सीबीआई और ईडी जैसी जांच एजेंसियों को एक चुनिंदा और लक्षित तरीके से तैनात किया जा रहा है। वकील शादान फरासत के माध्यम से दायर याचिका में कुछ आंकड़ों का हवाला देते हुए इस बात पर जोर दिया गया कि ये चौंकाने वाली और असंवैधानिक स्थिति दिखाते हैं। कांग्रेस के अलावा, इस संयुक्त कदम में द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), आम आदमी पार्टी (आप), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), शिवसेना (यूबीटी), झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), जनता दल यूनाइटेड (जदयू), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), समाजवादी पार्टी (सपा) और जम्मू कश्मीर नेशनल कान्फ्रेंस शामिल थीं।

## विपक्ष का...

अधिकार है कि वे भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों की जांच करें ताकि उनके खिलाफ समय पर कार्रवाई हो।

## गृह मंत्रालय...

रखने में राज्य पुलिस की सहायता के लिए पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को तैनात किया गया है। गृह मंत्री के कार्यालय ने ट्वीट किया, राज्य/केंद्रशासित प्रदेश की सरकारों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, त्योहार के दौरान शांति कायम रखने और समाज में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की आशंका वाले हर प्रकार के कारक पर नजर रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। रामनवमी की शोभायात्राओं को लेकर पिछले कुछ दिन में पश्चिम बंगाल के हुगली और हावड़ा जिलों में झड़प, आगजनी एवं बमबारी की घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं के दौरान हावड़ा में कई वाहनों को आग लगा दी गई और कई दुकानों में तोड़फोड़ की गई थी। पश्चिम बंगाल के रिसड़ा कस्बे में रविवार को रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान झड़प की सूचना मिली थी। इस शोभायात्रा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष और पुरसुरा से पार्टी के विधायक बिमान घोष मौजूद थे। हिंसा में विधायक घायल हो गए थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मलयालम समाचार...

चैनल के आलोचनात्मक विचारों को सत्ता-विरोधी नहीं कहा जा सकता क्योंकि मजबूत लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र प्रेस आवश्यक है। पीठ ने कहा, प्रेस का कर्तव्य है कि वह सत्ता से सच बोले और नागरिकों के समक्ष उन कठोर तथ्यों को पेश करे, जिनकी मदद से वे लोकतंत्र को सही दिशा में ले जाने वाले विकल्प चुन सकें। उसने कहा, सामाजिक आर्थिक राजनीति से लेकर राजनीतिक विचारधाराओं तक के मुद्दों पर एक जैसे विचार लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा पैदा कर सकते हैं। न्यायालय ने कहा कि किसी चैनल के लाइसेंस का नवीनीकरण न करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर प्रतिबंध है। शीर्ष अदालत ने कहा कि चैनल के शेयरधारकों का जमात-ए-इस्लामी हिंद से कथित संबंध चैनल के अधिकारों को प्रतिबंधित करने का वैध आधार नहीं है। उसने कहा कि सरकार कानून के तहत नागरिकों के लिए किए गए प्रावधानों से उन्हें वंचित करने के वास्ते राष्ट्रीय सुरक्षा का इस्तेमाल कर रही है। पीठ ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा के दावे हवा में नहीं किए जा सकते। इन्हें साबित करने के लिए ठोस तथ्य होने चाहिए। न्यायमूर्ति हिमा कोहली भी इस पीठ में शामिल थीं। पीठ ने कहा कि सुरक्षा कारणों से मंजूरी नहीं देने के कारण का खुलासा नहीं करने और केवल अदालत को सीलबंद लिफाफे में जानकारी देने से प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन हुआ है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अदालतों को गोपनीयता के दावों का आकलन करने और तर्कपूर्ण आदेश देने में अदालत की मदद करने के लिए न्यायमित्र नियुक्त करना चाहिए। केरल उच्च न्यायालय ने चैनल के प्रसारण पर सुरक्षा आधार पर रोक लगाने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखा था। समाचार चैनल ने केरल उच्च न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी।

## देश में...

23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। पिछले साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार चले गए थे।

## कांग्रेस के...

कर रही है। उन्होंने कहा कि वह लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करने और निचले स्तर पर पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। भाजपा नेता ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि जब गांधी ने आपराधिक मानहानि के मामले में वहां की एक अदालत में अपील दायर की, तब उसके नेताओं और समर्थकों की फौज सूरत पहुंचकर न्यायपालिका पर दबाव बनाने और डराने की कोशिश कर रही थी। उन्होंने कहा कि संसद नहीं चलने दी जा रही है और इसके नेता काले कपड़े पहन रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया कि राहुल गांधी से पहले कई अन्य नेताओं को अयोग्य ठहराया जा चुका है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह गांधीवाद का दर्शन है और एक व्यक्ति के लिए इतना कुछ क्यों किया जा रहा है? सिंधिया ने कहा कि कुछ लोग कांग्रेस के लिए प्रथम श्रेणी के नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एक नेता ने दावा किया था कि गांधी परिवार पर सामान्य कानूनी प्रक्रिया लागू नहीं की जानी चाहिए।

## सिंधिया-आजाद...

पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी के पास देश के खिलाफ काम करने वाले देशद्रोहियों के अलावा कोई विचारधारा नहीं बची है। इस पर कांग्रेस महासचिव रमेश ने इन दोनों नेताओं को निशाने पर लेते हुए ट्वीट किया, गुलाम नबी आज़ाद और ज्योतिरादित्य सिंधिया दोनों ही कांग्रेस सिस्टम और पार्टी नेतृत्व के बड़े लाभभोगी रहे हैं। लेकिन अब हर गुजरते दिन के साथ, वे प्रमाण देते हैं कि वे इस उदारता के योग्य नहीं थे। वे अपना असली चरित्र दिखा रहे हैं, जिसे उन्होंने इतने लंबे समय तक छुपा कर रखा था। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से बातचीत में आजाद पर तंज कसते हुए कहा, जो वफा लुटियंस दिल्ली के एक बंगले की मोहताज हो जाए वो वफा किस काम की है। जिस विचारधारा के खिलाफ 50 साल से जो आदमी लड़ रहा हो, उसी का तरफदार बन जाए तो फिर अफसोस होता है।

## सिक्किम में...

तलाशी ली ताकि बर्फ के नीचे फंसे किसी भी पर्यटक का पता लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि सुबह आठ बजे से अपराह्न तीन बजे तक चलाए गए बचाव और तलाश अभियान के दौरान वहां कोई नहीं मिला।

# असफल राष्ट्र बन रहा अमेरिका : डोनाल्ट ट्रंप

● पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, कट्टर वामपंथी मूर्ख चुनाव में हस्तक्षेप कर रहे

भाषा। न्यूयॉर्क, वाशिंगटन




**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 में राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले अश्लील फिल्मों की एक अभिनेत्री (पोर्न स्टार) को मुंह बंद रखने के लिए धन देने के मामले में स्वयं पर आपराधिक आरोप लगाए जाने की निंदा की और कहा कि अमेरिका अब एक ऐसा असफल राष्ट्र बन गया है, जहां कट्टर वामपंथी मूर्ख कानून प्रवर्तन का इस्तेमाल कर चुनावों में हस्तक्षेप करना चाहते हैं। इससे पहले, ट्रंप (76) ने मंगलवार को मैनहट्टन की एक अदालत में पेशी के दौरान कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने संबंधी 34 संगीन आरोपों में खुद को निर्दोष बताया।

ट्रंप 2016 के राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान अश्लील फिल्मों की अभिनेत्री स्टार्मी डेनियल को मुंह बंद रखने के लिए धन देने के आरोपों से जुड़े आपराधिक मामले में सुनवाई के लिए मंगलवार को मैनहट्टन की अदालत में आत्मसमर्पण करने पहुंचे थे।

इससे पहले मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय में उन्हें गिरफ्तार किया गया। अमेरिका के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब किसी पूर्व राष्ट्रपति को आपराधिक मामले में गिरफ्तार किया गया है।

मामले में सुनवाई के बाद ट्रंप फ्लोरिडा स्थित मार-ए-लागो में अपने आवास पहुंचे, जहां उन्होंने अपने समर्थकों से कहा, मेरा एकमात्र अपराध यह है कि मैं इस देश को नष्ट करने की मंशा रखने वाले लोगों से हमारे देश की निडरता से रक्षा करने को लेकर प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने कहा, अविश्वसनीय रूप से, हम अब एक असफल राष्ट्र हैं। हमारे देश का पतन हो रहा है और अब ए कट्टर वामपंथी मूर्ख कानून प्रवर्तन का इस्तेमाल कर हमारे चुनावों में हस्तक्षेप करना चाहते हैं। हम ऐसा नहीं होने दे सकते। उन्होंने 25 मिनट के अपने भाषण में कहा, हमारा देश नरक बन रहा है।

उन्होंने राष्ट्रपति कार्यालय से अपने बाहर जाने के बाद के समय को हमारे देश के इतिहास में अपने शर्मनाक समय करार दिया।

ट्रंप ने कहा, जो कुछ भी कहा जा रहा है और हमारे प्रिय देश पर जो काले घने बादल मंडरा रहे हैं, उसके बावजूद मुझे इस बात को लेकर कोई शक नहीं है कि हम अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे। उन्होंने न्यूयॉर्क की ग्रैंड जूरी को उनके खिलाफ आपराधिक आरोप लगाने के लिए सहमत करने में अहम भूमिका निभाने वाले मैनहट्टन जिले के अटॉर्नी एल्विन ब्रैग की भी आलोचना की। उन्होंने ब्रैग पर ग्रैंड जूरी के दस्तावेज आम लोगों में लीक करने का भी आरोप लगाया। ट्रंप ने उन पर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह फर्जी मामले में जांच का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं साफ बताना चाहता हूं कि मैं निर्दोष हूं। मेरा एकमात्र अपराध यह है कि मैं उन लोगों से देश की रक्षा करने को लेकर प्रतिबद्ध हूं, जो इसे नष्ट करना चाहते हैं। हमने उच्च स्तर पर चुनाव में हस्तक्षेप होते देखा है।

ट्रंप ने कहा, मैं आपको भरोसा दिलाना चाहता हूं कि मैं इससे अधिक दृढ़निश्चई पहले कभी नहीं रहा, जितना मैं अभी हूं। वे मुझे हरा नहीं पाएंगे। वे मुझे तोड़ नहीं पाएंगे। वे इस देश की रक्षा करने के लिए लड़ने से मुझे नहीं रोक पाएंगे। वे मुझे फंसाने, बदनाम करने और मुझे नष्ट करने की जितनी अधिक कोशिश करते हैं, अपने मकसद को पूरा करने का मेरा संकल्प उतना ही दृढ़ होता है।

उन्होंने इस मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश जुआन एम. मर्चेन पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह ट्रंप से नफरत करने वाले न्यायाधीश हैं और उनकी पत्नी भी ट्रंप से नफरत करती हैं।

उन्होंने कहा कि उनकी बेटी कमला (हैरिस) हाउस के लिए काम करती है और जिन्हें (अमेरिका के राष्ट्रपति जो) बाइडन-हैरिस प्रचार मुहिम के लिए धन मिलता है।

ट्रंप ने कहा, हमारी अर्थव्यवस्था चरमरा रही है। महंगाई नियंत्रण से बाहर हो गई है। रूस चीन के साथ मिल गया है। क्या आप इस पर भरोसा कर सकते हैं? सऊदी अरब ने ईरान से हाथ मिला लिया है। उन्होंने कहा, चीन, रूस, ईरान और उत्तर कोरिया ने मिलकर एक खतरनाक और विनाशकारी गठबंधन बना लिया है और अगर मैं आपका राष्ट्रपति होता तो ऐसा कभी नहीं होता। न ही रूस यूक्रेन पर हमला करता। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि विभिन्न देश परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी दे रहे हैं जो उनके प्रशासन में कभी नहीं हुआ। ट्रंप ने यह भाषण ऐसे समय में दिया, जब सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने उन पर इस मामले में सार्वजनिक तौर पर कुछ कहने से रोक नहीं लगाई, लेकिन उन्हें चेतावनी दी कि यदि पूर्व राष्ट्रपति ने इस मामले में बयानबाजी जारी रखी, तो बयान देने पर रोक नहीं लगाने के फैसले पर पुनर्विचार किया जा सकता है।

## ट्रंप के खिलाफ अगली सुनवाई चार दिसंबर को होगी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ आपराधिक मामले में सुनवाई की अगली तारीख चार दिसंबर तय की गई है, जिसमें ट्रंप को व्यक्तिगत रूप से पेश होना होगा। ट्रंप अमेरिकी के पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन पर आपराधिक आरोप लगाए गए हैं। ट्रंप ने मंगलवार को मैनहट्टन की एक अदालत में पेशी के दौरान कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 संगीन मामलों में खुद को निर्दोष बताया था। वह 2016 के राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री को मुंह बंद रखने के लिए धन देने के आरोपों से जुड़े आपराधिक मामले में सुनवाई के लिए अदालत में आत्मसमर्पण करने पहुंचे थे। इससे पहले मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय में उन्हें गिरफ्तार किया गया। अमेरिका के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब पूर्व राष्ट्रपति को आपराधिक मामले में गिरफ्तार किया गया है।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर की अदालती सुनवाई के दौरान स्टेट सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जुआन एम मर्चेन मामले को खारिज करने की अपेक्षित याचिकाओं पर फैसला लेंगे। इसके मुताबिक, ट्रंप पर लगे आरोपों के बाद अभियोजकों ने कहा कि वह अगले 65 दिनों में पर्याप्त साक्ष्य पेश करने की उम्मीद करते हैं। ट्रंप की टीम के पास याचिका दायर करने के लिए आठ अगस्त तक का समय है और अभियोजन पक्ष 19 सितंबर तक जवाब दाखिल करेगा। न्यायाधीश मर्चेन ने कहा कि वह चार दिसंबर को होने वाली अगली सुनवाई में याचिकाओं पर फैसला सुनाएंगे। ट्रंप के वकील जिम ट्रस्टी ने कहा कि वह मामले को चुनौती देते हुए मजबूत याचिका पेश करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह मामले को खारिज करवाने में सफल होंगे।

## ट्रंप की कानूनी मुश्किल के जल्द खत्म होने की संभावना नहीं : बत्रा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कानूनी मुश्किल के जल्द खत्म होने की संभावना नहीं है और भारतीय मूल के एक प्रमुख अमेरिकी वकील के अनुसार यह मामला 2024 के राष्ट्रपति चुनाव से भी आगे बढ़ सकता क्योंकि इस मामले में राष्ट्रपति क्षमादान को भी लागू नहीं किया जा सकता है। ट्रंप (76) के खिलाफ एक आपराधिक मामले में मंगलवार को न्यूयॉर्क में सुनवाई शुरू हुई। वह अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जिनके खिलाफ आपराधिक आरोप लगाए गए हैं, जिन्हें गिरफ्तार किया गया और अदालत में पेश किया गया।

वर्ष 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से प्रमुख दावेदार ट्रंप ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान 34 संगीन आरोपों में खुद को निर्दोष बताया।

भारतीय-अमेरिकी वकील रवि बत्रा ने न्यूयॉर्क से पीटीआई से कहा कि इसमें कोई असामान्य बात नहीं होगी कि इस मामले की सुनवाई दो साल या उससे भी अधिक समय तक चले। उन्होंने कहा कि इस मतलब होगा कि 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले इस मामले की सुनवाई पूरी होने की उम्मीद नहीं है।

उन्होंने कहा कि ट्रंप के खिलाफ एक मजबूत मामला है। उन्होंने कहा कि यदि ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में विजई भी हो जाते हैं, तो अधिक से अधिक उनकी सजा में देरी हो सकती है क्योंकि राष्ट्रपति क्षमादान संघीय अपराध पर लागू होता है, न कि न्यूयॉर्क प्रांत में।

# यरूशलम की मस्जिद में हिंसा के बाद टकराव के तेज होने की आशंका

भाषा। यरूशलम

**इजराइली** पुलिस ने बुधवार सुबह पुराने यरुशलम शहर में स्थित अल-अक्सा मस्जिद पर धावा बोल दिया जिसके बाद फलस्तीनी युवकों ने ग्रेनेड दागे।

उधर, गाजा के उग्रवादियों ने दक्षिणी इजराइल पर रॉकेट दागे, जिसके बाद इजराइल ने हवाई हमले किए। हिंसा की ए घटनाएं ऐसे समय में हुई हैं जब मुसलमान पवित्र महीना रमजान मना रहे हैं। वहीं यहूदी सप्ताह भर चलने वाले पासोवर त्योहार की तैयारियों में लगे हैं। इन घटनाओं से दोनों पक्षों के बीच टकराव के और तेज होने की आशंका पैदा हो गई है।



दो साल पहले भी इजराइल और हमास के बीच इसी तरह की झड़पें हुई थीं और उसके बाद 11 दिनों तक संघर्ष चला था। इजरायली सेना ने कहा कि कब्जे वाले पश्चिमी तट में एक अलग घटना में एक सैनिक को गोली मार दी गई। अल-अक्सा मस्जिद एक संवेदनशील पहाड़ी पर स्थित है जो यहूदियों और मुसलमानों दोनों के लिए पवित्र स्थान है। अल-अक्सा इस्लाम में तीसरा सबसे पवित्र स्थल है और रमजान के दौरान श्रद्धालुओं की यहां काफी भीड़ रहती है। आधिकारिक फलस्तीनी समाचार एजेंसी वफा ने कहा कि रात में दर्जनों श्रद्धालु मस्जिद के अंदर थे और पुलिस की कार्वाई में वे घायल हो गए। रमजान के 22 मार्च से शुरू होने के बाद, मुस्लिम श्रद्धालु रात भर मस्जिद में रहने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले रिवाजों के अनुसार रमजान महीने के अंतिम 10 दिन ही श्रद्धालुओं को रात में मस्जिद में रहने की अनुमति दी जाती है। इजरायली पुलिस ने श्रद्धालुओं को बाहर निकालने के लिए रात में कार्वाई शुरु की। प्राचीन अनुष्ठान का पालन करते हुए परिसर में एक बकरे की बलि देने के यहूदी उग्र-राष्ट्रवादियों के आह्वान से पवित्र स्थल पर नियंत्रण को लेकर तनाव बढ़ गया है। इजराइल ने वहां अनुष्ठान पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन यहूदी चरमपंथियों ने उस रस्म को फिर से शुरू करने का आह्वान किया है। उन लोगों ने उस व्यक्ति को पुरस्कृत करने की भी पेशकश की है, जो किसी पशु को परिसर में लाने का प्रयास करता है। इससे मुसलमानों के बीच आशंका बढ़ गई है कि इजराइल वहां कब्जा करने की साजिश रच रहा है। हालांकि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि वह परिसर में यथास्थिति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मस्जिद में मंगलवार की शाम करीब 80,000 लोगों ने नमाज में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने कहा कि इजरायली पुलिस ने उन्हें वहां से हटाने का प्रयास किया, लेकिन इनकार कर दिए जाने के बाद पुलिस मस्जिद में अंदर घुस गई और डंडे बरसाए।

## अरुणाचल प्रदेश को भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देता है अमेरिका: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका ने कहा है कि वह अरुणाचल प्रदेश को भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देता है और क्षेत्रीय दावों के तहत स्थानीय इलाकों का नाम बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास का कड़ा विरोध करता है।

अमेरिका की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है, जब चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों के मानकीकृत नाम जारी किए थे। चीन इस क्षेत्र को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताकर इस पर अपना दावा करता है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने मंगलवार को कहा, अमेरिका उस क्षेत्र (अरुणाचल प्रदेश) को लंबे समय से (भारत के अभिन्न अंग के रूप में) मान्यता देता रहा है। हम इलाकों का नाम बदलकर क्षेत्रीय दावों को आगे बढ़ाने के किसी भी एकतरफा प्रयास का कड़ा विरोध करते हैं। अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का चीन द्वारा पुन: नामकरण किए जाने के बीच भारत ने मंगलवार को कहा कि यह राज्य भारत का अभिन्न एवं अटूट हिस्सा है और मनगढ़त नाम रखने से यह हकीकत बदल नहीं जाएगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, हमने ऐसी खबरें देखी हैं। यह पहली बार नहीं है, जब चीन ने ऐसी कोशिश की है। हम इसे सिरे से खारिज करते हैं।

गौरतलब है कि हाल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के लिए चीनी, तिब्बती और पिनयिन अक्षरों में नामों की तीसरी सूची जारी की है। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के लिए जारी मानकीकृत भौगोलिक नामों की यह तीसरी सूची है। अरुणाचल में छह स्थानों के मानकीकृत नामों की पहली सूची 2017 में और 15 स्थानों की दूसरी सूची 2021 में जारी की गई थी। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का पुन: नामकरण ऐसे समय में किया है, जब पूर्वी लद्दाख में मई 2020 में दोनों देशों के बीच शुरू गतिरोध अभी तक समाप्त नहीं हुआ है।

## पाकिस्तान ने ब्रिटिश-पाकिस्तानी पुरुषों से संबंधित ब्रेवरमैन की टिप्पणी खारिज की

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** ने ब्रिटिश-पाकिस्तानी पुरुषों के बारे में की गई ब्रिटेन की गृह मंत्री स्वेला ब्रेवरमैन की टिप्पणी को भेदभावपूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया।

ब्रेवरमैन ने पिछले सप्ताह स्काई न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा था कि ब्रिटिश-पाकिस्तानी पुरुष सांस्कृतिक दृष्टिकोण के मामले में ब्रिटिश मूल्यों पर खरे नहीं उतरते।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जेहरा बलोच ने ब्रेवरमैन की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश पाकिस्तानियों को अलग तरीके से निशाना बनाने और उनसे इसी तरह व्यवहार करने के इरादे से अत्यधिक भ्रामक तस्वीरें पेश की।

बलोच ने कहा कि ब्रिटिश गृह मंत्री ने कुछ व्यक्तियों के आपराधिक व्यवहार को गलत तरीके से पेश करते हुए पूरे समुदाय को एक जैसा बता दिया। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, वह (ब्रेवरमैन) संस्थागत नस्लवाद और ब्रिटिश समाज में ब्रिटिश-पाकिस्तानियों के जबरदस्त सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक योगदान को पहचानने में विफल रही हैं।



ब्रेवरमैन ने साक्षात्कार के दौरान बाल यौन शोषण से निपटने के लिए ब्रिटिश सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा था कि ब्रिटिश-पाकिस्तानी पुरुष सांस्कृति दृष्टिकोण के मामले में ब्रिटिश मूल्यों पर खरे नहीं उतरते। उन्होंने कहा था, "(ब्रिटिश-पाकिस्तानी पुरुष) महिलाओं को निम्न, नाजायज तरीके से देखते हैं, और हमारे व्यवहार के प्रति पुराना और स्पष्ट रूप से जघन्य दृष्टिकोण अपनाते हैं। ब्रेवमैन ने यह बताए जाने के बावजूद यह टिप्पणी की थी कि 2020 की गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि बच्चों का यौन उत्पीड़न करने वाले ज्यादातर गिरोह 30 वर्ष से कम आयु के श्वेत पुरुषों के होते हैं और इस बात के पर्याप्त सबूत नहीं हैं कि ऐसे गिरोह में एशियाई या काले व्यक्तियों की संख्या ज्यादा होती है।

## इमरान अक्टूबर तक इंतजार करने को तैयार

भाषा। लाहौर, इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को कहा कि यदि पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) नीत गठबंधन सरकार निष्पक्ष आम चुनाव कराने के लिए उनके साथ कोई योजना साझा करती है तो वह अक्टूबर तक इंतजार करने के लिए तैयार हैं। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख खान (70) संसद में अपने खिलाफ एक अविश्वास प्रस्ताव पारित होने पर पिछले साल अप्रैल में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से शीघ्र राष्ट्रीय चुनाव कराने की मांग करते रहे हैं। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग अक्टूबर तक आम चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। द न्यूज की खबर के मुताबिक, क्रिकेट खिलाड़ी से नेता बने खान ने कहा कि वह चुनावों के लिए अक्टूबर तक इंतजार करने को तैयार हैं, हालांकि उनका फैसला पीडीएम नीत गठबंधन सरकार की इच्छा पर निर्भर करता है। सत्तारूढ़ पीडीएम में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सहित कई राजनीतिक दल शामिल हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि गठबंधन सरकार उनके साथ कोई रोडमैप साझा कर यह सुनिश्चित करती है कि हर चीज व्यवस्थित रूप से होगी, तब वह चुनावों के लिए अक्टूबर तक इंतजार कर सकते हैं। वीडियो लिंक के जरिए अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए खान ने पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के आदेश को निरस्त करने और 14 मई को पंजाब विधानसभा चुनाव कराने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले की सराहना की। शीर्ष न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की पीठ ने राजनीतिक महत्व रखने वाले इस राज्य में चुनावों के लिए 14 मई की तारीख तय की है। खान ने दावा किया कि पीएमएल-एन नीत संघीय सरकार की योजना पंजाब प्रांत में 14 मई को चुनाव कराए जाने की अवज्ञा करने की है।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, **SH. RAKESH SONKER S/o LATE SH. MURARI LAL, R/o H.NO. AE-50,SHALIMAR BAGH,DELHI-110088** has applied for conversion of the aforesaid property from lease hold to free hold vide File No.F.16(2214)1975/LAB(R)in DDA.The original documents i.e. **HANDING OVER POSSESSION LETTER AND PERPETUAL LEASE DEED dated 16.02.1977**of the above said property has been lost. An NCR/LR NO.305986/2023 dated 03.04.2023 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch, Delhi.Any person(s) claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9717745424 with in 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Residential)or Director(Land),C Block,3rd Floor, Vikas Sadan, New Delhi.

Braj Veer Singh, Advocate - Ch. E-419, KKD Court, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

Unit No. A-002 was allotted to Mrs. SUNITA GUPTA, Unit No. G-2001 was allotted to Mr. SANJAY KUMAR, Unit No. C-501 was allotted to Mrs. INDIRA TALOH, in project Blossom County (Logix Infrastructure) Plot No. 02 Sector-137, Noida Expressway, Noida-201305. Pursuant to repeated reminders the allottees has defaulted in making payments and taking possession of the unit.

This to intimate that in case nothing is heard from the concerned allottees within 2 working days of the public notice, the unit's shall stand cancelled without any right or lien of the allottees and Logix shall be free to deal with the said unit's.

**For Logix Infrastructure Pvt. Ltd.**
Authorised Signatory
Contact No. 8595791125



वारसा में पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा के साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करते हुए

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

**I, Suraj Prakash Sethi S/o Sh.** Kunj Lal Sethi R/o D-36, MIG DDA Flats, Motia Khan, Pahar Ganj, Swami Ram Tirth Nagar, Delhi-110055. Hereby declare that I have changed my name from Suraj Parkash Sethi to Suraj Prakash Sethi for all future purposes.

PD(004)C

**I, Sonia D/o Sh.** Suraj Prakash Sethi R/o 1/16, Second Floor, Single Storey Ramesh Nagar Delhi-110015. Hereby declare that I have changed my name from Sonia Sethi to Sonia for all future purposes.

PD(005)C

**I, hitherto known as Megha** Chandani D/o Sh. Prem Kumar Chandani R/o BB-88B, East Shalimar Bagh, Delhi -110088 have married with Mr. Deepak Chhabra and changed my name and shall hereafter be known as Kyra Chhabra for all future purpose.

PD(006)A

## अफगानिस्तान की महिला कर्मचारियों को तालिबान ने देश में काम करने से रोका



एपी। इस्लामाबाद

**अफगानिस्तान** में सत्तारूढ़ तालिबान ने देश में संयुक्त राष्ट्र की कर्मचारियों के रूप में कार्यरत अफगानी महिलाओं के काम करने पर रोक लगा दी है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

संयुक्त राष्ट्र मिशन ने उसकी महिला कर्मचारियों को पूर्वी नांगरहार प्रांत में काम करने से रोकने की खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए सभी रास्ते अपनाना जारी रखेंगे कि हम सबसे संवेदनशील लोगों, खासकर महिलाओं और लड़कियों तक कैसे पहुंच सकते हैं।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों को विभिन्न माध्यमों से बताया गया कि प्रतिबंध पूरे देश में लागू है। तालिबान के प्रवक्ता ने तुरंत इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है और न ही संगठन ने कोई बयान जारी किया है।

गौरतलब है कि तालिबान ने 2021 में अफगानिस्तान की बागडोर अपने हाथ में लेने के बाद से महिलाओं और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर प्रतिबंध लगाए हैं। लड़कियों के छठी कक्षा के बाद स्कूल जाने पर रोक है और पिछले साल तालिबान ने महिलाओं के विश्वविद्यालयों में जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। पार्क आदि में पुरुष के बिना महिलाएं नहीं जा सकती और महिलाओं को सिर से लेकर पैर तक खुद को ढकना अनिवार्य है। तालिबान ने मानवीय सहायता के वितरण को बाधित करते हुए अफगानिस्तान की महिलाओं के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठनों के लिए काम करने पर भी रोक लगा दी गई है। दुजारिक ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि इस तरह का कोई भी प्रतिबंध अस्वीकार्य और स्पष्ट रूप से समझ से परे है। उन्होंने कहा, हम यह पता लगा रहे हैं कि इसका देश में हमारे कार्यक्रम पर क्या असर होगा और हम काबुल में अधिकारियों के साथ कल और बैठकें कर सकते हैं जिसमें स्थिति कुछ स्पष्ट होने की उम्मीद है।

दुजारिक ने कहा कि जमीनी स्तर पर जीवन बचाने वाले संयुक्त राष्ट्र के अभियानों को अंजाम देने के लिए महिला कर्मचारियों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि करीब चार करोड़ लोगों की आबादी में से, हम मानवतावादी सहायता के जरिए 2.3 करोड़ पुरुष, महिलाओं और बच्चों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं।

अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के राजनीतिक मिशन यूएनएएमए का नेतृत्व रोज़ा ओटुनबाएवा कर रही हैं। वह किर्गिज़ गणराज्य की पूर्व राष्ट्रपति और विदेश मंत्री रह चुकी हैं। उन्हें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के समन्वय में महासचिव द्वारा नियुक्त किया गया था। दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ नेतृत्व के संबंध में तालिबान ने अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने महावीर जयंती पर शुभकामनाएं दीं

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने महावीर जयंती पर पूरी दुनिया में रहने वाले जैन समुदाय को शुभकामनाएं दीं और लोगों को शांति और सद्भाव के लिए प्रयास करने को प्रोत्साहित किया।




बाइडन ने मंगलवार को ट्विटर पर कहा, (प्रथम महिला) जिल (बाइडन) और मैं खुशियों भरी और समृद्ध महावीर जयंती की शुभकामनाएं देता हूं। आज हम महावीर स्वामी के मूल्यों को मान्यता देते हैं और शांति, सच्चाई और सद्भाव के साथ जीने का प्रयास करते हैं। उपराष्ट्रपति हैरिस ने भी इस मौके पर शुभकामनाएं दीं। हैरिस ने कहा, महावीर जयंती पर, (मेरे पति) डगलस क्रेग एम्हॉफ और मैं महावीर स्वामी की जयंती दुनियाभर में मनाने वाले जैनियों के साथ हैं, जिन्होंने सिखाया कि सभी जीवित प्राणी समान हैं। आइए आज हम सम्मान और अहिंसा के इन सार्वभौमिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए फिर से प्रतिबद्ध हों। भारतीय अमेरिकी समुदाय के एक नेता ने अमेरिकी राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की शुभकामनाओं का स्वागत किया।

समुदाय के नेता अजय जैन भुटोरिया ने कहा, हम जैन समुदाय के सदस्य, राष्ट्रपति बाइडन और उपराष्ट्रपति हैरिस को महावीर जयंती के अवसर पर शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद देते हैं। ऐसा पहले किसी भी राष्ट्रपति ने नहीं किया था।

**PUBLIC NOTICE**

**NOTICE** is hereby given that **Priyanka Kaushik** claims to be owner and in possession of Property No. 45 at Lucknow Road, Banarasi Dass Estate, Timarpur, Delhi(hereinafter called the said property) by virtue of Disclaimer/s and Relinquishment deed/s executed by legal heirs of **Late Manju Kaushik & Late Munish Kaushik**, said **Munish Kaushik** were the owner of said property by virtue of Sale Deed dated 06.01.1987 , Will Dated 29.07.93, Court Order dated 21.12.94 , Gift Deed 01.02.06 and will dated 16.10.2019 and said **Manju Kaushik** was the owner of part property by Virtue of Sale Deed Dated 04.01.1988 and Said Priyanka Kaushik has agreed to sell the said Property to its respective buyer And Said respective buyer has agreed to create a mortgage in favour of our clients Standard Chartered Bank , Express Building, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi having any claim against in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable / registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary at the address mentioned below **within 14 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan (Advocate)**
**For Diwan and Company LLP**
**Advocates and Solicitors**
**H. No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi-19**
**Mobile No. 9818399999**

# भारत-भूटान मित्रता विश्वास और आपसी समझ पर आधारित

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत और भूटान** ने बुधवार को स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक विकास गठजोड़ आपसी समझ और विश्वास पर आधारित मित्रता और सहयोग के मजबूत संबंधों को प्रदर्शित करता है। दोनों देशों के संयुक्त बयान में यह बात कही गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के बीच दोनों देशों के राष्ट्रीय हितों से जुड़े मुद्दों सहित द्विपक्षीय संबंधों के सम्पूर्ण आयामों पर विस्तृत चर्चा के एक दिन बाद जारी संयुक्त बयान में यह बात कही गई है।

प्रधानमंत्री मोदी और भूटान नरेश वांगचुक के बीच यह वार्ता ऐसे समय में हुई है जब डोकलाम विवाद पर भूटान के प्रधानमंत्री लोते शेरिंग की हाल की कुछ टिप्पणियों को कुछ लोग इस पड़ोसी देश के चीन के करीब जाने के रूप में देख रहे हैं। शेरिंग की टिप्पणियों को लेकर नई दिल्ली की कुछ चिंताओं के बीच भूटान नरेश ने सोमवार को भारत की अपनी दो दिवसीय यात्रा शुरू की थी।

### ● दोनों देशों ने संयुक्त बयान जारी किया

डोकलाम विवाद पर हालांकि शेरिंग की हाल की टिप्पणियों के बीच भूटान ने कहा कि सीमा विवाद पर उसके रुख में कोई बदलाव नहीं आया है।

संयुक्त बयान में कहा गया है, भारत और भूटान शानदार द्विपक्षीय संबंध साझा करते हैं जो विश्वास, सौहार्द और सभी स्तरों पर आपसी समझ तथा मित्रता के मजबूत बंधन और लोगों से लोगों के बीच करीबी सम्पर्क पर आधारित है। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी और भूटान नरेश ने क्षेत्र के विकास और प्रगति के लिए घनिष्ठता से काम करने पर सहमति व्यक्त की। बयान के अनुसार, भूटान नरेश ने अपने देश में सुधार प्रक्रियाओं के बारे में अपने विचार व्यक्त किए और भूटान के सामाजिक आर्थिक विकास में भारत के अभूतपूर्व सहयोग की सराहना की।

वहीं, बातचीत के दौरान, गैर जल नवीकरणीय क्षेत्र में भारत-भूटान ऊर्जा सहयोग पर सहमति व्यक्त की गई जिसमें सौर, पवन ऊर्जा सहित अन्य हरित पहल शामिल हैं। प्रस्तावित भूटान-बांग्लादेश-भारत त्रिपक्षीय जल विद्युत सहयोग को लेकर दोनों पक्षों ने वृहद उप क्षेत्रीय सहयोग की प्रतिबद्धता दोहराई जिससे सभी पक्षकारों को लाभ होगा। इसमें सम्पर्क आधारभूत ढांचा, रेल सम्पर्क, वायु सम्पर्क और जल मार्ग सम्पर्क पर चर्चा तथा दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक और टिकाऊ कारोबार की सुविधा शामिल है। इसमें भारत से भूटान को पेट्रोलियम, उर्वरक और कोयले की आश्वस्त आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक द्विपक्षीय व्यवस्था तलाशने का निर्णय किया गया। दोनों पक्षों ने कोकराझार (असम) और गेलेफू (भूटान) के बीच प्रस्तावित रेल लिंक को गति प्रदान करने पर भी सहमति व्यक्त की। यह दोनों देशों के बीच पहला रेल लिंक होगा और भारतीय रेलवे ने इसकी इंजीनियरिंग और तकनीकी सर्वे पूरा कर लिया है। इसमें भूटान से तीसरा अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट गेटवे परिचालित करने में तेजी लाने की बात भी कही गई है।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में बालीवुड अभिनेत्री रवीना टण्डन पद्मश्री अवार्ड लेने के बाद प्रधानमंत्री को अभिवादन करती हुईं।

## औरंगाबाद का नाम परिवर्तन मामले में याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र में औरंगाबाद शहर का नाम बदल कर छत्रपति संभाजी नगर करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका स्वीकार करने से बुधवार को इनकार करते हुए कहा कि यह मुद्दा सरकार के लोकतांत्रिक दायरे में आता है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने यह भी उल्लेख किया कि यह विषय बंबई उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। पीठ ने कहा, हम इस विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को स्वीकार करने के इच्छुक नहीं हैं। हमें यह पसंद हो या नहीं, लेकिन यह सरकार के लोकतांत्रिक (अधिकार) क्षेत्र में आता है। शहरों, सड़कों आदि का नाम चुनने वाले भला हम कौन होते हैं? यह निर्वाचित कार्यपालिका की शक्ति है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने दलील दी कि प्राधिकारी द्वारा जारी की गई अधिसूचना अब क्रियान्वित की जा रही है।

## संसद में गतिरोध जारी, विपक्ष के हंगामे के कारण बाधित रहे दोनों सदन

**नई दिल्ली।** संसद में कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित किए जाने की मांग करते हुए बुधवार को भी हंगामा किया जिसके कारण दोनों सदनों में गतिरोध जारी रहा। हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजकर पांच मिनट पर जबकि राज्यसभा एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजकर 18 मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। दोनों ही सदनों में शून्यकाल एवं प्रश्नकाल हंगामे की भेंट चढ़ गए। बजट सत्र के 13 मार्च से शुरू हुए दूसरे चरण में दोनों सदनों में लगातार गतिरोध बना हुआ है।

लोकसभा की कार्यवाही आज पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होते ही कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्य जेपीसी की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे और आसन के निकट पहुंच गए। उन्होंने काले कपड़े पहन रखे थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 23 मार्च को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद से कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्य विरोध स्वरूप काले कपड़े पहनकर संसद पहुंच रहे हैं। विपक्षी सदस्यों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं और उन्होंने वी वांट जेपीसी के नारे लगाए।

पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने 11 बजकर एक मिनट पर ही सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की बैठक अपराह्न दो बजे आरंभ हुई तो स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही। विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के निकट पहुंच गए। विपक्षी सदस्यों के शोर-शराबे के बीच ही, पीठासीन सभापति रमा देवी ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए। हंगामे के बीच ही केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने तटीय जलकृषि प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2023 को सदन में पेश किया। रमा देवी ने विपक्षी सदस्यों से शांत होने और सदन चलने देने की अपील की। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने अपराह्न दो बजकर पांच मिनट पर कार्यवाही बृहस्पतिवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

उधर, राज्यसभा की सुबह बैठक शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाना शुरू किया। इसी बीच विपक्षी सदस्यों ने अडाणी समूह से जुड़े मुद्दों की जांच के लिए जेपीसी गठित करने की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। सभापति ने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत नोटिस मिले हैं। इसी बीच, विपक्ष के कुछ सदस्य आसन के निकट आकर नारेबाजी करने लगे। आम आदमी पार्टी (आप) के संजय सिंह ने अडाणी मुद्दे पर जेपीसी गठित करने की मांग की। सभापति ने उन्हें अपनी सीट पर लौटने को कहा लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो उन्होंने कार्वाई की चेतावनी दी।

हंगामा थमता नहीं देख सभापति ने सदन की कार्यवाही शुरू होने के करीब चार मिनट के भीतर ही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर दो बजे बैठक फिर शुरू होने पर सदन में वही नजारा देखने को मिला। सभापति धनखड़ ने सदस्यों को सदन में शांति बनाए रखने को कहा ताकि वह नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा 13 मार्च को उठाए गए व्यवस्था के एक प्रश्न पर अपनी व्यवस्था दे सकें। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है जिस पर व्यवस्था सुनाने के लिए सदन में सामान्य स्थिति बहाल होनी चाहिए।

हंगामे के बीच ही सभापति ने नेता प्रतिपक्ष खरगे को अपनी बात रखने का अवसर दिया। खरगे ने कहा कि उन्होंने नियम 267 के तहत अपनी बात रखने का प्रयास किया किंतु सरकार उन पर कोई ध्यान नहीं दे रही हैं। उन्होंने मांग की कि अडाणी समूह से जुड़े मामले में संयुक्त जांच समिति गठित की जाए। सदन के नेता पीयूष गोयल ने उनकी बात का विरोध करते हुए दावा किया कि खरगे ऐसी बात कर रहे हैं जिसका सदन से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के एक नेता ने देश, सदन और आसन का अपमान किया है।

## बंगाल में कुर्मी संगठनों ने ट्रेन की पटरियों और राष्ट्रीय राजमार्ग को किया जाम

**झाड़ग्राम/कोलकाता।** कुर्मी समुदाय के कई संगठनों ने उन्हें एसटी का दर्जा देने की मांग को लेकर बुधवार को पश्चिम बंगाल में दो स्टेशन पर रेल पटरियों को अवरुद्ध कर दिया, जबकि उनके द्वारा पश्चिम मेदिनीपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-6 की नाकाबंदी दूसरे दिन भी जारी रही। कुर्मी समुदाय के लोगों ने आदिवासी कुर्मी समाज और पश्चिम बंगाल कुर्मी समाज के बैनर तले खड़गपुर मंडल के खड़गपुर-टाटानगर खंड के पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खेमासुली स्टेशन और आद्रा मंडल के आद्रा-चांडिल खंड के पुरुलिया के कुस्तौर स्टेशन पर पटरियों को पांच बजे से अवरुद्ध करना शुरू किया। खेमाशुली में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-6 पर मंगलवार सुबह छह बजे की गई नाकेबंदी अब भी जारी है।

पश्चिम बंगाल कुर्मी समाज के एक नेता तापस महतो ने कहा, मांगे पूरी किए जाने तक यह नाकेबंदी जारी रहेगी। कुर्मी समुदाय को वर्तमान में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का दर्जा दिया गया है। वहीं कुर्मी समुदाय द्वारा पश्चिम बंगाल में दो रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन तथा नाकाबंदी के कारण दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) ने कम से कम 46 एक्स. तथा यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया, आठ अन्य को उनके गंतव्य से पहले बीच में ही रोक दिया गया। कुर्मी समुदाय के सदस्यों के प्रदर्शन के मद्देनजर 12814 टाटानगर-हावड़ा स्टील एक्सप्रेस, 12021 हावड़ा बारबिल जन शताब्दी एक्सप्रेस, 12871 हावड़ा-टिटलागढ़ एक्स. को रद्द कर दिया है। 08649 आद्रा-पुरुलिया मेमू स्पेशल, 03595 बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल मेमू स्पेशल, 03598 आसनसोल-रांची मेमू स्पेशल, 08650 पुरुलिया-आद्रा मेमू स्पेशल, 18085 खड़गपुर-रांची मेमू एक्स., 18116 चक्रधरपुर-गोमोह एक्स., 03592 आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी मेमू स्पेशल, 13301 धनबाद-टाटानगर एक्स, 18183 टाटानगर-दानापुर एक्स., 03594 आसनसोल-पुरुलिया मेमू स्पेशल ट्रेन को भी रद्द किया गया।

## स्टैंड अप इंडिया से उद्यम की भावना को बढ़ावा मिलाः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्टैंड अप इंडिया अभियान के सात साल पूरे होने पर इसकी सराहना की और कहा कि इस पहल ने अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति समुदायों तथा महिलाओं को सशक्त बनाने में भूमिका निभाई है। स्टैंड अप इंडिया योजना की शुरुआत पांच अप्रैल 2016 को आर्थिक सशक्तीकरण और रोजगार सृजन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए जमीनी स्तर पर उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। इस योजना की शुरुआत सभी बैंक शाखाओं को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के अपने स्वयं के ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने में ऋण देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। मोदी ने कहा, आज हम स्टैंड अप इंडिया अभियान की शुरुआत का सातवां साल मना रहे हैं और एससीएसटी समुदायों को सशक्त बनाने तथा महिला सशक्तीकरण सुनिश्चित करने में इस पहल की भूमिका को स्वीकार करते हैं।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट को अब्दुल्ला आजम की याचिका पर सुनवाई का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से कहा कि वह सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम खान द्वारा दायर उस याचिका पर 10 अप्रैल को सुनवाई करे, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना देने के 15 साल पुराने मामले में उनकी दोषसिद्धी को निलंबित करने का अनुरोध किया गया है। उच्च न्यायालय के 17 मार्च के आदेश के खिलाफ अब्दुल्ला आजम की याचिका पर न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ और बी.वी. नागरत्ना की पीठ के समक्ष सुनवाई हुई।

उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में राज्य को अब्दुल्ला के मामले में तीन सप्ताह के भीतर अपील का जवाब देने के लिए कहा था, लेकिन सत्र अदालत के आदेश पर रोक नहीं लगाई थी। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय दोषसिद्धि को निलंबित करने की अर्जी पर सुनवाई कर सकता है। इसने कहा कि याचिकाकर्ता 10 अप्रैल को उच्च न्यायालय के समक्ष उपस्थित हों और उच्च न्यायालय से उस तारीख पर मामले की सुनवाई करने को कहा।

गत 29 मार्च को याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्चतम न्यायालय ने वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा और अधिवक्ता सुमीर सोढ़ी को याचिका की प्रति उत्तर प्रदेश सरकार के स्थाई अधिवक्ता को देने के लिए कहा था और मामले की सुनवाई पांच अप्रैल के लिए सूचीबद्ध की थी। तब सुनवाई के दौरान तन्खा ने तर्क दिया था कि अपराध के समय खान नाबालिग थे और इसलिए उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा था कि उच्च न्यायालय ने सत्र अदालत के आदेश पर रोक नहीं लगाकर गलती की है। निचली अदालत ने 13 फरवरी को खान को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 353 सहित अन्य अपराधों के लिए दोषी ठहराया था और उन्हें दो साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई थी।

## तेलंगाना भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद संजय गिरफ्तार

**हैदराबाद।** भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष एवं सांसद बंडी संजय कुमार को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और वारंगल पुलिस द्वारा उन्हें कदाचार के एक मामले में मुख्य आरोपी बनाया गया। यह मामला कक्षा 10वीं (एसएससी) बोर्ड परीक्षा का प्रश्न पत्र इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप के विभिन्न ग्रुप पर सामने आने से संबंधित है। करीमनगर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सदस्य संजय कुमार को पुलिस के एक दल ने मंगलवार देर रात उनके आवास से हिरासत में लिया था, जिसके बाद उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया।

पुलिस ने कहा कि तेलंगाना में कक्षा 10वीं (एसएससी) बोर्ड परीक्षा का पेपर मंगलवार को लगातार दूसरे दिन एक इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर आ गया था, जब 16 वर्ष के एक लड़के ने परीक्षा में बैठे एक छात्र से पेपर की तस्वीर ली और उसे उस छात्र के भाई के साथ साझा कर दिया जब परीक्षा चल रही थी। पेपर को उसके बाद इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप के एक ग्रुप में साझा किया गया और बाद में एक आरोपी द्वारा अन्य

### ● एसएससी प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्य आरोपी बनाए गए

ग्रुप में साझा किया गया, जिसने इसे संजय कुमार को भी भेजा था।

पुलिस ने आरोप लगाया कि संजय कुमार ने एसएससी परीक्षा के दौरान छात्रों और उनके माता-पिता के बीच भय उत्पन्न करने की साजिश रचकर सरकार को बदनाम करने की कोशिश की थी, क्योंकि प्रश्नपत्र लीक होने का दोष तेलंगाना प्रशासन पर पड़ता। एसएससी हिंदी प्रश्नपत्र की तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और 16 वर्षीय लड़के को पकड़ा तथा मंगलवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में एक टेलीविजन चैनल का एक पूर्व पत्रकार और एक लैब सहायक शामिल है जिसने पेपर कथित तौर पर ऐप पर प्रसारित किया था। बाद में संजय कुमार को बुधवार तड़के गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने दावा किया कि सभी आरोपियों के फोन की कॉल डिटेल और ऐप पर आरोपियों की चैट का विश्लेषण करने से प्राप्त तकनीकी साक्ष्य यह संदेह से परे साबित करते हैं कि आरोपी व्यक्ति 4 अप्रैल को प्रश्नपत्र लीक करने और कॉपी करने की साजिश में शामिल थे। पुलिस ने आरोप लगाया, यह एक पूर्व नियोजित और आपराधिक साजिश है। अफवाह फैलाने और तेलंगाना राज्य में चल रही परीक्षा को लेकर शांति भंग करने के इरादे से एसएससी परीक्षा में कदाचार (किया गया है) जिसमें बंडी संजय कुमार ने दो अन्य आरोपियों की मदद से चल रहे एसएससी पेपर को एक प्रश्नपत्र की फोटो सेल फोन से खींचकर लीक करने की योजना बनाई।

इसने संजय कुमार पर तीन अप्रैल (सोमवार) को हुए तेलुगु प्रश्न पत्र के लीक होने की स्थिति का फायदा उठाने और इसे प्रसारित करने के लिए दूसरे आरोपी को निर्देश देने का आरोप लगाया। भाजपा के प्रदेश प्रमुख ने इसे प्रश्नपत्र लीक होने से रोकने में सरकार की विफलता के रूप में पेश करने की कोशिश की।

यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए तेलंगाना आने वाले हैं। संजय कुमार को शुरुआत में राचकोंडा पुलिस आयुक्तालय सीमा के अधीन बोम्मलारामराम थाने में स्थानांतरित किया गया। बाद में पुलिस उन्हें वारंगल ले गई। कुमार को हिरासत में लिए जाने का विरोध करते हुए बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता बोम्मलारामराम थाने के पास एकत्र हुए और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने संजय कुमार को तुरंत रिहा किए जाने की मांग भी की। भाजपा विधायक एम रघुनंदन राव और पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को वहां जाने से रोका गया। तेलंगाना के विकाराबाद जिले में सोमवार को चार सरकारी कर्मचारियों को तब निलंबित कर दिया गया जब एक सरकारी स्कूल के एक प्रतीक्षारत निरीक्षक ने एसएससी बोर्ड परीक्षा के दौरान तेलुगु प्रश्नपत्र की कथित तौर पर तस्वीर ली और उसे एक अन्य शिक्षक के साथ साझा कर दिया जबकि परीक्षा चल रही थी।

## विस्फोट में दूल्हे और भाई की मौत मामले में दुल्हन का प्रेमी गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में होम थिएटर म्यूजिक सिस्टम में हुए विस्फोट में दूल्हा और उसके भाई की मौत के मामले में पुलिस ने दुल्हन के कथित पूर्व प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि सोमवार को रेंगाखार थाना क्षेत्र के चमारी गांव में म्यूजिक थिएटर में हुए विस्फोट में दूल्हा हेमेंद्र मेरावी (30) और उसके बड़े भाई राजकुमार (32) की मौत के मामले में पुलिस ने संजू उर्फ सरजू मरकाम (33) को गिरफ्तार कर लिया है। सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटना के बाद लगातार छानबीन कर मंगलवार देर रात मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आरोपी सरजू दुल्हन का पूर्व प्रेमी है और वह इस विवाह से नाराज था और इसे लेकर उसका दुल्हन तथा हेमेंद्र के साथ विवाद हुआ था। सरजू पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के बिरसा थाना क्षेत्र का निवासी है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार को पुलिस को चमारी गांव में विस्फोट होने की जानकारी मिली तब घटनास्थल के लिए पुलिस दल रवाना किया गया था। उन्होंने बताया जब पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तब जानकारी मिली कि हेमेंद्र का विवाह 31 मार्च को निकटवर्ती झलमला थाना क्षेत्र के अंजना गांव की एक युवती (29) से हुआ था। शादी की रस्म के मुताबिक, दुल्हन दूसरे दिन अपने ससुराल से मायके वापस चली गई थी। सिंह ने बताया कि सोमवार को जब हेमेंद्र और परिवार के अन्य सदस्य अपने घर के एक कमरे में शादी के तोहफों को खोल रहे थे तब जैसे ही हेमेंद्र ने होम थिएटर को बिजली से चालू किया उसमें विस्फोट हो गया। इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

विस्फोट में मेरावी परिवार का कच्चा मकान और कमरे में रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में हेमेंद्र के भाई राजकुमार और डेढ़ साल के बालक समेत पांच अन्य घायल हो गए। घटना के बाद परिवार के अन्य सदस्यों ने शव और घायलों को कवर्धा जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल पहुंचाया।

उन्होंने बताया कि बाद में दूल्हे के भाई राजकुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि अन्य का इलाज किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जांच के दौरान जब पुलिस ने परिवार के सदस्यों से पूछताछ की तो जानकारी मिली कि विस्फोट के बाद कमरे में देर तक बारूद की गंध आ रही थी। पुलिस ने भी वहां बारूद की गंध महसूस की। उन्होंने बताया कि इससे संकेत मिला कि होम थिएटर में विस्फोटक लगाकर विस्फोट किया गया। घटनास्थल छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमा पर होने और नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण नक्सली घटना से इनकार नहीं किया गया था। हालांकि पुलिस को इसकी आशंका कम थी। पुलिस अधिकारी ने बताया, जांच के दौरान जानकारी मिली कि होम थिएटर को बालाघाट क्षेत्र के एक दुकान से खरीदा गया था। वहीं दूल्हे का विवाह से पहले एक व्यक्ति से झगड़ा हुआ था। जब पुलिस ने दुल्हन के परिवार से पूछताछ की तब सरजू के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद सरजू को पकड़ लिया गया।

सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान सरजू ने पुलिस को बताया कि उसका युवती से प्रेम प्रसंग था। उन्होंने बताया, जब उसे जानकारी मिली कि उसकी प्रेमिका की शादी होने वाली है तब वह नाराज हो गया और उसका हेमेंद्र से विवाद भी हुआ। विवाद के बाद उसने हेमेंद्र और उसके परिवार के सदस्यों को नुकसान पहुंचाने के लिए होम थिएटर में बारूद लगाया और विवाह के दौरान दुल्हन को मिले उपहारों के साथ उसे रखकर वहां से चला गया। उन्होंने बताया कि सरजू विवाहित है और उसने युवती को इसकी जानकारी नहीं दी थी। पुलिस अधिकारी ने बताया, सरजू पूर्व में इंदौर के एक पत्थर खदान में विस्फोट विभाग में काम कर चुका है। इसलिए उसे विस्फोटक और विस्फोट करने की जानकारी पहले से थी। इसके लिए उसने लगभग डेढ़ किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सरजू को गिरफ्तार कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## 11वीं की समाजशास्त्र की पुस्तक से गुजरात दंगे का उल्लेख हटा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की 11वीं कक्षा की समाजशास्त्र की पुस्तक से गुजरात दंगों का उल्लेख हटा दिया गया है। कुछ ही महीने पहले 12वीं कक्षा की दो पाठ्यपुस्तकों से 2002 की सम्प्रदायिक हिंसा का अंश हटा दिया गया था। एनसीईआरटी ने पिछले वर्ष पाठ्यपुस्तकों को युक्तिसंगत बनाने को लेकर जारी अधिसूचना पुस्तिका में 11वीं कक्षा की पुस्तक में संदर्भित उक्त पैराग्राफ की घोषणा नहीं की गई थी। एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश सकलानी ने हालांकि दावा किया कि बदलाव की मंजूरी उस समय दी गई थी और अनजाने में चूक के कारण आधिकारिक अधिसूचना में इसका उल्लेख नहीं किया जा सका। समाज का बोध शीर्षक वाली 11वीं कक्षा की समाजशास्त्र की पुस्तक से हटाए गए पैराग्राफ में बताया गया है कि कैसे वर्ग, धर्म और जातीयता अक्सर आवासीय क्षेत्रों के अलगाव का कारण बनते हैं और फिर यह 2002 में गुजरात में सांप्रदायिक हिंसा का हवाला देकर यह स्पष्ट करता है कि इससे और अलगाव उपजता है। पुस्तक से हटाए गए पैराग्राफ में कहा गया था कि उदाहरण के तौर पर भारत में धार्मिक समुदायों के बीच तनाव, आमतौर पर हिन्दू-मुसलमान के बीच होने वाले तनाव, के परिणामस्वरूप मिलेजुले पड़ोस वाले इलाके एक समुदाय की रिहाइश वाले इलाकों में परिवर्तन हो जाते हैं। इसके परिणाम में जब कभी सम्प्रदायिक हिंसा होती है तब स्थानिक रूप से उसका एक विशिष्ट प्रारूप होता है और यह किसी खास क्षेत्र में अलगाव की प्रक्रिया को और बढ़ाता है। यह भारत के कई शहरों में हुआ है और हाल ही में 2002 के दंगों के बाद गुजरात में।

कुछ समय पहले, संसद में केंद्र सरकार ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया गया था कि वर्ष 2002 में गुजरात हिंसा में 790 मुसलमान, 254 हिन्दुओं की मौत हुई और 223 लोग लापता हो गए थे तथा इसमें 2500 लोग घायल हो गए थे। राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की नए शैक्षणिक सत्र के लिए 12वीं कक्षा की राजनीतिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में महात्मा गांधी की मौत का देश में साम्पद्रायिक स्थिति पर प्रभाव, गांधी की हिन्दू-मुस्लिम एकता की अवधारणा ने हिन्दू कट्टरपंथियों को उकसाया, और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) जैसे संगठनों पर कुछ समय के लिए प्रतिबंध सहित कई पाठ्य अंश नहीं हैं। पिछले वर्ष पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने और कुछ अंशों के अप्रसांगिक होने के आधार पर एनसीईआरटी ने गुजरात दंगों, मुगल दरबार, आपातकाल, शीत युद्ध, नक्सल आंदोलन आदि के कुछ अंशों को पाठ्यपुस्तक से हटा दिया था। 12वीं कक्षा के राजनीतिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में स्वतंत्रता के बाद से भारत की राजनीति शीर्षक से पाठ में दंगों पर दो पन्ने हटा दिए गए। पहले पन्ने में हिंसा को रोकने में गुजरात सरकार के विफल होने पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की आलोचना का उल्लेख किया गया था। दूसरे पन्ने पर दंगों पर तीन अखबार की रिपोर्ट और एनएचआरसी का नोट था। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के प्रसिद्ध राजधर्म संबंधी टप्पणी को भी हटा दिया गया।

### संदर्भ से हटकर नहीं देखा जाना चाहिएः एनसीईआरटी प्रमुख

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक से महात्मा गांधी की हत्या से जुड़े कुछ अंशों को बिना कोई अधिसूचना जारी किए हटाने पर उठे विवाद के बीच परिषद के प्रमुख दिनेश सकलानी ने बुधवार को कहा कि यह अनजाने में चूक हो सकती है कि पिछले वर्ष पाठ्यपुस्तकों को युक्तिसंगत बनाने की कवायद में कुछ अंशों को हटाने की घोषणा नहीं की गई।

## उठो अनारकली उठो, हम आउट ऑफ सिलेबस हो गए हैं ...

**नई दिल्ली।** फिल्म मुगल-ए-आजम में दिलीप कुमार और मधुबाला द्वारा निभाई गई राजकुमार सलीम और अनारकली की भूमिका को मौजूदा समय में अलग-अलग मौकों पर मीम्स के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। फिल्म मुगल-ए-आजम के एक दृश्य में अनारकली (मधुबाला) जमीन पर लेटी हुई हैं और सलीम (दिलीप कुमार) उनके सिराहने बैठे हुए हैं। ट्विटर समेत अन्य सोशल मीडिया मंच पर उपयोगकर्ताओं द्वारा बुधवार को इस तस्वीर का इस्तेमाल करते हुए उस पर उठो अनारकली उठो, हम आउट ऑफ सिलेबस हो गए हैं कैप्शन का इस्तेमाल किया गया। सोशल मीडिया पर यह मीम्स काफी प्रसारित हो रही हैं।

अनारकली मीम्स के वायरल होने की वजह यह है कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 12वीं कक्षा की नई पाठ्यपुस्तकों से मुगल इतिहास के कुछ हिस्सों सहित कुछ अन्य सामग्री को हटाने का फैसला किया है। इससे पहले भी सलीम-अनारकली वाले फिल्म के इस दृश्य को कई अलग-अलग मौकों पर इस्तेमाल किया गया है। इससे पहले इस दृश्य का इस्तेमाल पिछले सप्ताह सरकार द्वारा स्थाई खाता संख्या (पैन) को आधार कार्ड से जोड़ने की आखिरी तारीख आने के दौरान भी किया गया था। उस समय यूजर्स ने लिखा, उठो अनारकली आधार कार्ड को पैन से लिंक करना है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट पेश करने से पहले भी इस दृश्य का इस्तेमाल किया गया था। उस समय इसे शेयर करते हुए सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने लिखा था, उठो अनारकली बजट आने वाला है। अब अर्थशास्त्री बनने का समय है। वहीं, वर्ष 2020 में लॉकडाउन के दौरान भी इस दृश्य को काफी साझा किया गया। सरकार द्वारा जब लॉकडाउन को तीन मई 2020 तक बढ़ा दिया गया था। तब सोशल मीडिया पर इसे शेयर करते हुए उपयोगकर्ताओं ने लिखा था, मत उठो अनारकली लॉकडाउन तीन मई तक बढ़ गया है। लॉकडाउन के दौरान वेबिनार से परेशान होकर उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने भी इस तस्वीर को साझा करते हुए लिखा था, उठो अनारकली, वेबिनार खत्म हो गया है।

# राजस्थान रायल्स पर भारी पड़े पंजाब किंग्स

## ● धवन के धुरंधरों ने हासिल की शानदार जीत



**भाषा।** गुवाहाटी

**सलामी** बल्लेबाजों कप्तान शिखर धवन और प्रभसिमरन सिंह के अर्धशतकों के बाद नाथन एलिस की धारदार गेंदबाजी से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को पांच रन से हराकर पहली जीत दर्ज की।

पंजाब ने धवन (56 गेंद में 86 रन, नौ चौके, तीन छक्के) और प्रभसिमरन (34 गेंद में 60 रन, सात चौके, तीन छक्के) के बीच पहले विकेट की 90 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 197 रन बनाए। धवन ने जितेश शर्मा (27) के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। इसके जवाब में एलिस (30 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने राजस्थान रॉयल्स की टीम शिमरोन हेटमायर (17 गेंद में 36 रन, तीन छक्के, एक चौका) और ध्रुव जुरेल (15 गेंद में नाबाद 32, दो छक्के, तीन चौके) के बीच सातवें विकेट के लिए 26 गेंद में 61 रन की साझेदारी के बावजूद सात विकेट पर 192 रन ही बना सकी। कप्तान संजू सैमसन (42) रॉयल्स की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने यशस्वी जायसवाल (11) के साथ रविचंद्रन अश्विन (00) को पारी का आगाज करने भेजा लेकिन चौथे ओवर तक ही दोनों के विकेट गंवा दिए। अर्शदीप सिंह (47 रन पर दो विकेट) ने यशस्वी जायसवाल को स्थानापन्न खिलाड़ी मैथ्यू शॉर्ट जबकि अश्विन को धवन के हाथों कैच कराया। जोस बटलर भी इस बीच भाग्यशाली रहे जब सैम कुरेन की गेंद पर हरप्रीत बरार ने उनका कैच टपका दिया। बटलर और कप्तान संजू सैमसन ने अर्शदीप पर छक्के जड़े। सैमसन ने हरप्रीत और एलिस का स्वागत दो-दो चौकों के साथ किया लेकिन एलिस ने बटलर (19) को अपनी ही गेंद पर लपका। रॉयल्स ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 57 रन बनाए। सैमसन ने बीच के ओवरों में रन गति बनाए रखी लेकिन एलिस की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लांग ऑफ पर शॉर्ट को कैच दे बैठे। उन्होंने 25 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का मारा।

रियान पराग (20) ने आते ही राहुल चाहर और सिकंदर रजा पर छक्के मारे और इस बीच 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। वह हालांकि एलिस की गेंद पर शाहरूख खान के हाथों लपके गए।

एलिस ने रन बनाने के लिए जूझ रहे देवदत्त पडिक्कल को बोल्ड करके रॉयल्स को छठा झटका दिया। पडिक्कल ने 26 गेंद में एक चौके से 21 रन बनाए। रॉयल्स को जीत के लिए अंतिम पांच ओवर में 74 रन की दरकार थी। चाहर के ओवर में सिर्फ पांच रन बने लेकिन हेटमायर और जुरेल ने अगले ओवर में एलिस पर छक्के जड़कर 16 रन जुटाए।

हेटमायर ने कुरेन के अगले ओवर में दो छक्कों और एक चौके से 19 रन बटोरे। रॉयल्स को अंतिम दो ओवर में 34 रन की जरूरत थी। जुरेल ने 19वें ओवर में अर्शदीप की लगातार गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के से 18 रन बनाए। कुरेन के अंतिम ओवर में रॉयल्स को 16 रन चाहिए थे लेकिन आईपीएल नीलामी के सबसे महंगे खिलाड़ी ने सिर्फ नौ रन दिए।

### स्कोर बोर्ड

**पंजाब किंग्सः** प्रभसिमरन सिंह का बटलर बो होल्डर 60, शिखर धवन नाबाद 86, भानुका राजपक्षे रिटायर्ड हर्ट 01, जितेश शर्मा का पराग बो चहल 27, सिकंदर रजा बो अश्विन 01, शाहरूख खान का बटलर बो होल्डर 11, सैम कुरेन नाबाद 01, अतिरिक्तः 10, कुलः 20 ओवर में चार विकेट परः 197 रन, विकेट पतनः1-90, 2-158, 3-159, 4-196, गेंदबाजीः बोल्ट 4-0-38-0, आसिफ 4-0-54-0, अश्विन 4-0-25-1, होल्डर 4-0-29-2, चहल 4-0-50-1,

**राजस्थान रॉयल्सः** यशस्वी जायसवाल का स्थापनापन्न बो अर्शदीप 11, रविचंद्रन अश्विन का धवन बो अर्शदीप 00, जोस बटलर का एवं बो एलिस 19, संजू सैमसन का स्थापनापन्न बो एलिस 42, देवदत्त पडिक्कल बो एलिस 21 ,रियान पराग का शाहरूख बो एलिस 20, शिमरोन हेटमायर रन आउट 36, ध्रुव जुरेल नाबाद 32, जेसन होल्डर नाबाद 01, अतिरिक्तः 10, कुलः 20 ओवर मे सात विकेट परः 192 रन, विकेट पतनः1-13, 2-26, 3-57, 4-91, 5-121, 6-124, 7-186, गेंदबाजीः, कुरेन 4-0-44-0, अर्शदीप 4-0-47-2, हरप्रीत 2-0-15-0, एलिस 4-0-30-4, चाहर 4-0-31-0, रजा 2-0-24-0,

# साइना नेहवाल आरलियन्स मास्टर्स के पहले दौर से बाहर

**भाषा।** ऑरलियन्स (फ्रांस)



**लंदन** ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल बुधवार को यहां ऑरलियन्स मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में तुर्की की नेसलिहान यिजिट से हारकर बाहर हो गई। भारत के समीर वर्मा भी पहले दौर में हार गए जबकि मिथुन मंजूनाथ , आकर्षि कश्यप और प्रियांशु राजावत ने पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। कुछ टूर्नामेंटों से बाहर रहने के बाद कोर्ट पर लौटी साइना को तुर्की की क्वालीफायर ने महज 39 मिनट में 21 . 16, 21 . 14 से हराया।

आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप से बाहर रही साइना बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में भी 32वें स्थान पर खिसक गई हैं। उनके दाहिने घुटने पर पट्टी बंधी हुई थी। पूरे मैच में वह एक बार भी फॉर्म में नजर नहीं आई। वहीं वर्मा को आयरलैंड के नहाट गुएन से 19-21, 21-19, 21-17 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल के पहले दौर के अन्य मुकाबलों में भारत के मंजूनाथ ने डेनमार्क के अपने से अधिक रैंकिंग वाले विक्टर स्वेनडेन को 24-22, 25-23 से जबकि राजावत ने हमवतन किरण जॉर्ज को 21-18, 21-13 से हराया। मंजूनाथ अगले दौर में ताइपे के यू जेन का सामना करेंगे जो पांचवीं वरीयता प्राप्त रासमस गेम्के के दूसरे गेम में हटने के कारण आगे बढ़ने में सफल रहे। दूसरी तरफ राजावत दूसरे दौर में जापान के शीर्ष वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो से भिड़ेंगे, जिन्होंने पहले दौर में ताइपे के चिया हाओ ली को 21-18, 21-11 से हराया। महिला वर्ग में आकर्षि ने जापान की नत्सुकी निदाइरा को 21 . 8, 13 . 21, 21 . 8 से हराया। तसनीम मीर जर्मनी की वोन्ने लि से 22 . 20, 13 . 21, 5 . 21 से हार गई।

## फ्रीबर्ग ने बायर्न म्युनिख को जर्मन कप से बाहर किया

**म्यूनिख।** फ्रीबर्ग के फारवर्ड लुकास होलर ने आखिरी मिनट मे पेनल्टी पर गोल कर बायर्न म्यूनिख को जर्मन कप फुटबॉल प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। होलर के गोल से फ्रीबर्ग ने यह मैच 2-1 से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दक्षिण पश्चिम जर्मनी के इस कम चर्चित क्लब ने पिछले साल जर्मन कप के फाइनल मे प्रवेश किया था। इस तरह से बायर्न म्युनिख का पिछले तीन साल मे पहली बार जर्मन कप का खिताब जीतने का सपना भी चकनाचूर हो गया। वह पिछले दो सत्र मे भी खिताब के करीब नही पहुंच पाया था। इंट्राचैट फ्रैंकफर्ट ने यूनियन बर्लिन को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल मे जगह बनाई।

## इटालियन ओपन में 2025 से महिला और पुरुष खिलाड़ियों को मिलेगी समान पुरस्कार राशि

**रोम।** इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट मे 2025 से महिलाओं को भी पुरुषों के समान पुरस्कार राशि दी जाएगी। इगा स्वियातेक ने पिछले साल जब क्ले कोर्ट पर खेले जाने वाला यह टूर्नामेंट जीता था तो उन्हे पुरुष वर्ग के विजेता नोवाक जोकोविच से आधे से भी कम पुरस्कार राशि मिली थी। स्वियातेक को 332,260 यूरो (364,000 अमेरिकी डॉलर) का चेक मिला, जबकि जोकोविच को 836,355 यूरो (916,000 अमेरिकी डॉलर) का भुगतान किया गया था। इतालवी टेनिस महासंघ के अध्यक्ष एंजेलो बिनघी ने मंगलवार को इस साल होने वाले टूर्नामेंट की जानकारी देते हुए कहा, इतिहास मे ऐसा पहली बार हो रहा है जबकि हमने ऐसी प्रक्रिया शुरू की है जिससे तीन साल मे महिला और पुरुष टूर्नामेंट मे भाग लेने वाले खिलाड़ियों को समान पुरस्कार राशि मिलेगी। इस साल यह टूर्नामेंट 10 से 21 मई के बीच आयोजित किया जाएगा।

## खेल मंत्रालय ने 12 पैरा खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ने 12 पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों की आगामी ब्राजील पैरा-बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट मे भागीदारी के लिए वित्तीय सहायता को मंजूरी दे दी है जिसमे प्रमोद भगत और मानसी जोशी शामिल है। यह टूर्नामेंट लेवल 2 की प्रतियोगिता है और 2023 के लिए पेरिस पैरालंपिक क्वालीफाइंग का हिस्सा है। इस राशि को मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के अंतर्गत स्वीकृति दी गई है जिसमे खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ को वित्तीय सहायता मुहैया कराई जाएगी। भगत और जोशी के अलावा अन्य पैरा शटलर मे कृष्णा नागर, सुकांत कदम, नीतेश कुमार, मनोज सरकार, सुहास यथिराज, तरूण ढिल्लो, मंदीप कौर, नित्या से, पारूल परमार और मनीषा रामदास शामिल है। इसमे खिलाड़ियो और सहयोगी स्टाफ की यात्रा, वीजा और बीमा की राशि के साथ उनकी बोर्डिंग और रहने की व्यवस्था, टूर्नामेंट की प्रविष्टि फीस शामिल होगी।

## साई सुदर्शन ने निश्चित तौर पर अपना प्रभाव छोड़ाः कुंबले

**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले युवा बल्लेबाज साईं सुदर्शन के प्रदर्शन से काफी प्रभावित है और उन्होंने कहा कि इस बल्लेबाज ने गुजरात टाइटंस की आईपीएल मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत मे अपना विशेष प्रभाव छोड़ा। गुजरात ने 163 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 21 वर्षीय सुदर्शन के नाबाद 62 रन की मदद से 11 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से जीत दर्ज की। वह (सुदर्शन) बेहद संगठित खिलाड़ी नजर आ रहा है।

# सुदर्शन भविष्य में फ्रेंचाइजी के साथ भारतीय टीम के लिए भी अच्छा प्रदर्शन करेगाः पंड्या

**भाषा।** नई दिल्ली



**गुजरात** टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या का मानना है कि टीम के साथी साई सुदर्शन अगले दो साल में फ्रेंचाइजी क्रिकेट के साथ भारतीय टीम के लिए भी शानदार प्रदर्शन करेंगे। मैन ऑफ द मैच सुदर्शन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 48 गेंदों में 62 रनों की नाबाद पारी खेली जिससे गत चैम्पियन गुजरात ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

गुजरात ने दिल्ली को आठ विकेट पर 162 रन पर रोकने के बाद 11 गेंद शेष रहते छह विकेट से मैच जीता। मैच के बाद पुरस्कार समारोह में पंड्या ने कहा, वह (साई सुदर्शन) शानदार बल्लेबाजी कर रहा है। इसका श्रेय उसके साथ टीम के सहयोगी सदस्यों को भी जाता है। पिछले 15 दिनों में उसने काफी बल्लेबाजी (अभ्यास) की है। यह उसकी कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा, अगर मैं गलत साबित नहीं हुआ तो वह दो साल में, वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट और अंततः भारत के लिए कुछ अच्छा करेगा। गुजरात की टीम ने पावरप्ले में 54 रन के स्कोर तक शुभमन गिल, पंड्या और रिद्धिमान साहा के विकेट गंवा दिए थे लेकिन सुदर्शन ने सूझबूझ से एक छोर संभाले रखा और टीम को जीत दिला दी। पंड्या ने कहा, मैच में हमारी शुरुआत काफी रोचक हुई। हमें पता ही नहीं चल रहा था कि हो क्या रहा है। हमने पावरप्ले में 15-20 रन ज्यादा दे दिए। लेकिन हमारे गेंदबाजों ने अच्छी वापसी की।

विजय शंकर और डेविड मिलर के साथ अर्धशतकीय साझेदारियां कर टीम को जीत दिलाने वाले सुदर्शन ने कहा, मैं पहली बार इस मंच पर हूं और थोड़ा नर्वस हूं। मैं थोड़ा दबाव में था और गेंद भी नीचे रह रही थी। मैं मैच को आखिर तक ले जाना चाहता था। दिल्ली की यह दो मैचों में दूसरी हार थी और टीम के कप्तान डेविड वॉर्नर ने इसका ठीकरा यहां की परिस्थितियों पर फोड़ा। वॉर्नर ने कहा, मैंने जितना सोचा था , शुरुआत में गेंद उससे काफी ज्यादा स्विंग हुई। पावरप्ले में विकेट गंवाने से दबाव बनता है। उन्होंने (गुजरात) ने यह दिखाया कि किस तरह से परिस्थितियों इससे हमें सीख मिली है। ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा, इस मैदान पर छह और मैच खेलेंगे। हम स्विंग से बेहतर तरीके से निपटेंगे। हमारे गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की। हम काफी समय तक इस मैच में बने हुए थे लेकिन सुदर्शन ने काफ़ी बढ़िया बल्लेबाजी की।

## एशियाई चैम्पियनशिप : पहलवान अनुज कुमार कोचिंग शिविर के लिए चुने गए

**भाषा।** नई दिल्ली

**पांच** पहलवानों को ट्रायल में भाग लेने की अनुमति देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के बाद पहलवान अनुज कुमार को आगामी एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप के लिए कोचिंग शिविर में चुन लिया गया है। अदालत को बुधवार को यह जानकारी दी गई।

इन पांचों पहलवानों ने कजाखस्तान में नौ से 14 अप्रैल तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए हुए चयन ट्रायल में भाग लिया था। केंद्र सरकार के वकील ने पांच पहलवानों अनुज कुमार, चंदर मोहन, विजय, अंकित और सचिन मोर की याचिका पर यह बयान जस्टिस प्रतिभा एम सिंह के सामने दिया। भारतीय कुश्ती महासंघ ने पिछले महीने ट्रायल से उन्हें बाहर कर दिया था जिसके बाद उन्होंने अदालत की शरण ली। केंद्र सरकार के वकील मनीष मोहन ने कहा कि डब्ल्यूएफआई पर लगे यौन दुर्व्यवहार और मनमानी के आरोपों के मद्देनजर खेल मंत्रालय ने निगरानी समिति का गठन किया है जो अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए खिलाड़ियों का चयन भी कर रही है। समिति ने चयन के मानदंड तय किए हैं जिसकी जानकारी सभी को दे दी गई है। केंद्र द्वारा दाखिल जवाब में कहा गया , माननीय अदालत के नौ मार्च 2023 के आदेशानुसार निगरानी समिति ने पांचों याचिकाकर्ताओं को चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दे दी थी जो समिति ने 10 और 11 मार्च को कराए थे।

## मानसिक दृढता का श्रेय आकाश दीप ने आरसीबी ड्रेसिंग रूम को दिया

**कोलकाता।** विराट कोहली और फाफ डु प्लेसी जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ आरसीबी का ड्रेसिंग रूम साझा करने वाले बंगाल के तेज गेंदबाज ने मानसिक दृढता का श्रेय इसी को दिया है। आकाश दीप को आईपीएल 2021 के यूएई चरण में नेट गेंदबाज के तौर पर चुना गया था। अगले सत्र में उन्हें नीलामी में खरीदा गया और तभी से वह लगातार उन्नति कर रहे हैं। उन्होंने केकेआर के खिलाफ मैच से पहले कहा , जब मैं पहली बार आईपीएल में शामिल हुआ तो एक समय के बाद अपनी फिटनेस, स्तर और कौशल का अहसास हुआ। बड़े मंच पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए मानसिक दृढता की जरूरत होती है जो इन स्टार खिलाड़ियों से बात करके और उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करके आई।

# आरसीबी के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने उतरेगा केकेआर




**भाषा।** कोलकाता

**अपने** प्रमुख खिलाड़ियों के अनुपलब्ध होने से संतुलित टीम तैयार करने को लेकर जूझ रहा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) कई स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की टीम के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। केकेआर ने अपने अभियान की शुरुआत पंजाब किंग्स के खिलाफ डकवर्थ लुईस पद्धति से सात रन की हार से की और इसके बाद उसे दो और झटके सहने पड़े।

पहला बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन पारिवारिक कारणों और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की प्रतिबद्धताओं के कारण टूर्नामेंट से हट गए जबकि इसके अगले दिन नियमित कप्तान और मुख्य बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पूरे आईपीएल से बाहर हो गए क्योंकि उन्हें पीठ की अपनी चोट का ऑपरेशन करवाना है।

केकेआर ने नितीश राणा को कार्यवाहक कप्तान नियुक्त किया था। उसे अपने नियमित कप्तान की दूसरे चरण में वापसी की उम्मीद थी लेकिन अब जबकि वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं तब चंद्रकांत पंडित की कोचिंग वाली टीम नेतृत्व के संकट से भी जूझ रही है। राणा को दिल्ली की तरफ से सफेद गेंद की क्रिकेट में कप्तानी करने का अनुभव है और उनके सामने अब अपनी टीम को घरेलू मैदान पर वापसी दिलाने की बड़ी चुनौती है।

केकेआर 1438 दिन के बाद ईडन गार्डंस पर अपना पहला मैच खेलेगा और माना जा रहा है कि फ्रेंचाइजी के मालिक शाहरुख खान भी इस दौरान उपस्थित रहेंगे। केकेआर ने अपने घरेलू मैदान पर अपना आखिरी मैच कोविड-19 महामारी से पहले 28 अप्रैल 2019 को खेला था जिसमें उसने मुंबई इंडियंस को 34 रन से हराया था।

दोनों टीम इस मैच में उत्साह से लबरेज रहेंगी क्योंकि आरसीबी की टीम में दर्शकों के चहेते विराट कोहली शामिल हैं। अय्यर की अनुपस्थिति में केकेआर के बल्लेबाजी कमजोर हो गई है। पंजाब के खिलाफ पिछले मैच में उसकी पारी का आकर्षण आंद्रे रसेल और वेंकटेश अय्यर के बीच 50 रन की साझेदारी रही।

केकेआर के लिए अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज की 22 रन की तेजतर्रार पारी भी सकारात्मक पहलू रही लेकिन गेंदबाजी में उसके मुख्य गेंदबाज टिम साउदी और सुनील नारायण ने रन लुटाए जो उसके लिए चिंता का विषय है। केकेआर के आक्रमण की फाफ डुप्लेसी और विराट कोहली के सामने कड़ी परीक्षा होगी। कोहली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में आठ विकेट से जीत में नाबाद 82 रन की शानदार पारी खेली थी।

आरसीबी के पास मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल और आकाशदीप के रूप में उपयोगी तेज गेंदबाजी आक्रमण है जो ईडन गार्डंस की अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठा सकते हैं। उसे हालांकि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रीस टॉप्ले की कमी खलेगी जिनके कंधे में चोट लग गई है। उनकी जगह डेविड विली को अंतिम एकादश में रखे जाने की संभावना है।

टीम इस प्रकार हैं:

कोलकाता नाइट राइडर्स: नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन. जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड वीज, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास और मनदीप सिंह।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर: फाफ डुप्लेसी (कप्तान), विराट कोहली, सुयश प्रभुदेसाई, दिनेश कार्तिक, अनुज रावत, फिन एलेन, ग्लेन मैक्सवेल, वानिंदु हसरंगा, शाहबाज़ अहमद, हर्षल पटेल, डेविड विली, कर्ण शर्मा, महिपाल लोमरोर, मोहम्मद सिराज, जोश हेजलवुड, सिद्धार्थ कौल, आकाश दीप, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा और माइकल ब्रेसवेल।

मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

## जेसन को 2.8 करोड़ में टीम से जोड़ा

**भाषा।** कोलकाता

**कोलकाता** नाइट राइडर्स (केकेआर) ने नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर की चोट और बांग्लादेश के आल राउंडर शाकिब अल हसन के हटने के बाद टीम को मजबूती देने के लिए इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय को शामिल किया है।



रॉय हालांकि गुरूवार को केकेआर के रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ घरेलू इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में नहीं खेल पाएंगे लेकिन वह नौ अप्रैल को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ होने वाले टीम के अगले मैच के लिए चयन के लिए उपलब्ध होंगे। रॉय के अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज की जगह लेने की संभावना है जिन्होंने टीम के लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में पारी का आगाज करते हुए 16 गेंद में 22 रन जुटाए थे। दो बार की आईपीएल चैम्पियन को अय्यर के पीठ की चोट के कारण पूरे सत्र के लिए बाहर होने से करारा झटका लगा था जबकि शाकिब ने व्यक्तिगत और राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का हवाला देकर हटने का फैसला किया। केकेआर ने बुधवार को एक बयान में कहा, कोलकाता नाइट राइडर्स ने टाटा आईपीएल 2023 के लिए इंग्लैंड के जेसन रॉय से 2.8 करोड़ रूपए में करार किया है जिनका बेस प्राइस 1.5 करोड़ रूपए है।

रॉय आईपीएल के 2017 चरण में पहली बार इस टी20 लीग में गुजरात लायंस के लिए और अंतिम बार सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 2021 सत्र में खेले थे। रॉय ने 2021 में पांच मैच खेले थे जिसमें उन्होंने एक अर्धशतक सहित 150 रन बनाए थे। इंग्लैंड के लिए यह 32 साल का खिलाड़ी 64 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर।,522 रन जुटा चुका है जिसमें आठ अर्धशतक शामिल हैं।

## मुशिफकुर का शतक, बांग्लादेश ने आयरलैंड पर शिकंजा कसा

**मीरपुर।** बांग्लादेश ने मुशिफकुर रहीम के शतक की बदौलत आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बुधवार को यहां मजबूत प्रदर्शन करते हुए पहली पारी 369 रन पर समाप्त की।

मुश्फिकुर ने 126 रन की शतकीय पारी खेली जबकि आयरलैंड के ऑफ स्पिनर एंडी मैकब्राइन ने 118 रन देकर छह विकेट झटककर अपना करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। तेजी से खराब होती पिच पर फिर बांग्लोदश के स्पिनरों ने स्टंप तक आयरलैंड का स्कोर स्टंप तक चार विकेट पर 27 रन कर दिया। आयरलैंड ने पहली पारी में 214 रन बनाए थे।

कप्तान शाकिब अल हसन (दो विकेट) और साथी स्पिनर ताईजुल इस्लाम (दो विकेट) ने चार विकेट झटके। दिन का खेल समाप्त होने तक पीटर मूर 10 और पहली पारी के शतकवीर हैरी टेक्टर आठ रन बनाकर खेल रहे थे। शाकिब इससे पहले 13 रन से अपना छठा शतक जड़ने से चूक गए लेकिन शुरूआती झटकों के बाद उन्होंने मुश्फिकुर के साथ मिलकर बांग्लादेश को नियंत्रण बनाने में मदद की। शाकिब ने 87 रन की पारी के दौरान 14 चौके जड़े।

बांग्लादेश ने सुबह दो विकेट पर 34 रन से आगे खेलना शुरू किया। मोमिनुल हक (17) का विकेट गंवाने के बाद लिटन दास 43 रन बनाकर आउट हुए। मुश्किकुर ने अपना 10वां टेस्ट शतक पूरा किया और अपनी 126 रन की पारी के दौरान 16 चौके और एक छक्का जड़ा। नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और मेहदी हसन ने इस बीच अपना चौथा टेस्ट अर्धशतक जमाया। वह 54 रन पर आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। आयरलैंड 2019 के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहा है।

# आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कप्तानी छोड़ने के बाद सहज लग रहा है कोहली : डिविलियर्स

**भाषा।** मुंबई



**दक्षिण** अफ्रीका के पूर्व कप्तान और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर (आरसीबी) के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स का कहना है कि विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी और राष्ट्रीय टीम के कप्तान की भूमिका छोड़ने के बाद इस सत्र में तनावमुक्त और खुश नजर आ रहे हैं। आईपीएल 2023 के पहले मैच में नाबाद 82 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाने वाले कोहली 2021 सत्र के बाद आरसीबी की कप्तानी से हट गए और लगभग उसी समय उन्होंने सभी प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी भी छोड़ी।

कोहली की बल्लेबाजी के संदर्भ में डिविलियर्स ने मीडिया से कहा, मैंने ज्यादा बदलाव नहीं देखा है, सब कुछ पहले जैसा है। तकनीक ठोस दिखती है, उसे क्रीज पर अच्छा संतुलन मिला है। उसमें अब भी काफी ऊर्जा है। मुझे बस यही लगता है कि इस सीजन में वह काफी तरोताजा दिख रहा है। मैंने उसके कुछ साक्षात्कार देखे हैं जहां वह पहले से कहीं ज्यादा हंस रहा था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पिछले सत्र में कप्तानी छोड़ने से उसे सहज होने में काफी मदद मिली। वह एक शानदार कप्तान थे लेकिन उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और आईपीएल में भी लंबे समय तक ऐसा किया जो चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आपको आराम करने या परिवार के साथ बिताने या कुछ दोस्तों के साथ हंसी-मजाक करने का समय नहीं मिलता है। मुझे लगता है कि इस सत्र के लिए उनका यही मंत्र है, बस मौज-मस्ती करना, मुस्कुराते रहना।

डिविलियर्स ने कहा, जब वह लुत्फ उठा रहा होता है तो नैसर्गिक प्रतिभा हावी हो जाती है और वह आसानी से रन बनाता है जो उसने पहले मैच में किया। मुझे लगता है कि अभी सर्वश्रेष्ठ आना बाकी है और हमें कुछ आतिशबाजी बल्लेबाजी देखने को मिलेगी।

## समीर वर्मा बाहर, मंजूनाथ और राजावत ऑरलियन्स मास्टर्स के दूसरे दौर में

**ऑरलियन्स (फ्रांस)।** भारत के समीर वर्मा बुधवार को यहां ऑरलियन्स मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हार कर बाहर हो गए जबकि मिथुन मंजूनाथ और प्रियांशु राजावत ने पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। वर्मा को आयरलैंड के नहाट गुएन से 19-21, 21-19, 21-17 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल के पहले दौर के अन्य मुकाबलों में भारत के मंजूनाथ ने डेनमार्क के अपने से अधिक रैंकिंग वाले विक्टर स्वेनडेन को 24-22, 25-23 से जबकि राजावत ने हमवतन किरण जॉर्ज को 21-18, 21-13 से हराया। मंजूनाथ अगले दौर में ताइपे के यू जेन का सामना करेंगे जो पांचवीं वरीयता प्राप्त रासमस गेम्के के दूसरे गेम में हटने के कारण आगे बढ़ने में सफल रहे। दूसरी तरफ राजावत दूसरे दौर में जापान के शीर्ष वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो से भिड़ेंगे।

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका से दूसरा टी20 जीतकर शृंखला बराबर की

**एपी।** डुनेडिन

**तेज** गेंदबाज एडम मिल्ने ने 26 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका को बुधवार को यहां नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला।-। से बराबर की। टिम साउदी (5-18 बनाम पाकिस्तान) और लॉकी फर्ग्यूसन (5-21 बनाम वेस्टइंडीज) के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय में पांच विकेट लेने वाले मिल्ने न्यूजीलैंड के तीसरे गेंदबाज बन गया है। उनकी घातक गेंदबाजी से श्रीलंका की टीम 19 ओवर में 141 रन पर आउट हो गई। इसके बाद सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने 43 गेंदों पर नाबाद 79 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने 14.4 ओवर में एक विकेट पर 146 रन बनाकर 32 गेंद शेष रहते हुए आसान जीत दर्ज की। सीफर्ट ने लगातार दो छक्के जड़कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। मिल्ने ने पहले मैच में अर्धशतक जड़ने वाले कुसाल परेरा (35) और चरिथ असलंका (26) को भी आउट किया। उन्होंने सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (0) को भी आउट किया और प्रमोद मदुशन और दिलशान मदुशंका को क्लीन बोल्ड कर पारी को समेटा। श्रीलंका की तरफ से धनंजय डि सिल्वा ने सर्वाधिक 37 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए मिल्ने के अलावा बेन लिस्टर ने दो विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे सलामी बल्लेबाज चाड बोवेस ने सात चौकों की मदद से 15 गेंदों में 31 रन बनाकर न्यूजीलैंड की पारी को तेज शुरुआत दिलाई। इसके बाद सीफर्ट ने कप्तान टॉम लैथम (नाबाद 20) के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।